CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, सोमवार 9 मार्च 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 277 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 15°C

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**मुफ्त सरकारी सुविधा में ईमानदारी जरूरी : राहुल गांधी**

पेज 2



**रैंडेल प्रथम श्रेणी में 5 गेंदों में लगातार 5 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने नेपियर**

खेल टाइम्स



**न्यूयॉर्क मेयर ममदानी के आवास पर बम हमले की कोशिश**

पेज 12

# भारत तीसरी बार टी-20 का सरताज

## फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को 96 रनों से दी करारी शिकस्त, टीम इंडिया ने कीवियों के छुड़ाए छक्के



**संजू सैमसन** फाइनल में 89 रन की आतिशी पारी खेली
टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 21 छक्के भी लगाए

**अहमदाबाद।** भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार टी-20 वर्ल्डकप जीत लिया है। इंडिया लगातार दो बार टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम बनी। पहली बार किसी मेजबान टीम ने टी-20 वर्ल्डकप जीता है।

टीम इंडिया ने तीसरी बार टी-20 विश्वकप का खिताब जीता है। इससे पहले टीम 2007 में पहले संस्करण और 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में खिताब जीती थी। सूर्यकुमार यादव का भी नाम विश्व विजेता कप्तानों में शुमार हो गया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग का

**■ भारतीय टीम ने फाइनल में रिकॉर्ड 255 रन बनाए, न्यूजीलैंड159 पर ढेर**

फैसला लिया था। पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने भारत ने टी-20 वर्ल्डकप फाइनल में रिकॉर्ड 255 रन बनाए थे। संजू सैमसन ने टी-20 वर्ल्डकप फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर 89 रन बनाए। ईशान किशन ने 54 और अभिषेक शर्मा ने 52 रन बनाए। आखिर में शिवम दुबे ने 8 गेंद पर 26 रन बनाए। न्यूजीलैंड से जिमी नीशम को 3 विकेट मिले। 255 रनों का पीछा करने उतरी



न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। साइफर्ट (52) और कप्तान सैंटनर (43) के अलावा कोई भी बैटर भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सका। पूरी टीम 19 ओवर में 159 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड को रनों के लिहाज से टी-20 वर्ल्डकप फाइनल में सबसे बड़ी हार मिली। भारत ने पावरप्ले में 92 रन बनाए और 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 255 रन बना दिए। भारतीय टीम ने पावरप्ले में वर्ल्ड कप के सबसे बड़े स्कोर की बराबरी की। पिछला रिकॉर्ड 92/1 था, जो 2024 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज ने बनाया था। सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए।

# ईरान की ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 की 27वीं स्ट्राइक

## नए ड्रोन -मिसाइलों से अमेरिका-इजरायल व सऊदी अरब पर हमला

**तेहरान।** मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 के तहत 27वीं लहर के हमलों की शुरुआत करने का दावा किया है। ईरान के इस विशिष्ट सैन्य बल ने कहा कि यह कार्रवाई अमेरिका और इजरायल की ओर से कथित उकसावे वाली सैन्य कार्रवाई के जवाब में की गई है।

ईरानी सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी के अनुसार, इस चरण में ड्रोन और मिसाइलों के संयुक्त हमले किए गए, जिनका मुख्य निशाना इजरायल के उत्तरी हिस्सों में मौजूद सैन्य ढांचे व सऊदी अरब को बनाया गया। सऊदी अरब में एक भारतीय समेत लोगों के मरने की खबर है, इस हमले में 12 मजदूर घायल बताए जा रहे हैं। आईआरजीसी ने बताया कि इस हमले में उसकी एयरोस्पेस डिवीजन ने नए खैबर-शेकन सॉलिड-फ्यूल मिसाइलों का उपयोग किया। इन मिसाइलों में टारगेट तक पहुंचने के अंतिम चरण तक मार्गदर्शन की क्षमता मौजूद है। ईरानी सैन्य बयान के मुताबिक इन मिसाइलों से इजरायल के उत्तरी शहर हाइफा में मौजूद सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। रिपोर्ट के अनुसार आईआरजीसी ने



**मुख्य निशाना इजरायल के उत्तरी हिस्सों में मौजूद सैन्य ढांचे को बनाया गया, यूएई पर 16 मिसाइलों व 117 ड्रोन से हमला**

**कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ईंधन भंडारण क्षेत्र को शत्रु ड्रोनों से निशाना बनाया गया, सऊदी में एक भारतीय समेत दो की मौत**

**ईरान ने अपने जल शोधन संयंत्र पर हमले के जवाब में बहरीन में अमेरिका के सैन्य अड्डों पर हमला किया**

ड्रोन के जरिये उन इलाकों को भी निशाना बनाया जहां अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। दावा किया गया कि एक ड्रोन यूनिट ने उस स्थान को निशाना बनाया, जहां अमेरिकी बल मौजूद थे -शेष पृष्ठ दो पर

### इजरायल का तेहरान में प्रमुख तेल केंद्रों पर हमला

**तेहरान/तेल अवीव।** लेबनान की राजधानी बेरूत स्थित एक होटल पर इजरायल की ओर से किए गए हमले में चार लोग मारे गए, जबकि 10 अन्य लोग घायल हुए हैं। इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान और अल्बोर्ज प्रांत में पांच प्रमुख तेल केंद्रों को निशाना बनाया।

ईरानी सरकारी टेलीविजन के अनुसार, इन हमलों में कम से कम चार टैंकर चालकों की मौत हो गई है। हमलों के बाद तेहरान का आसमान काले धुएं की मोटी चादर से ढक गया। वहीं अमेरिका और इजरायल ईरान के अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को कब्जे में लेने के लिए विशेष बलों की तैनाती की संभावना पर विचार कर रहे हैं। समाचार वेबसाइट एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार इस विषय पर दोनों देशों के बीच चर्चा हुई है। रिपोर्ट में मामले से परिचित चार सूत्रों का हवाला दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के युद्ध उद्देश्यों में ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना शामिल है और इसके लिए ईरान के पास मौजूद करीब 450 किलोग्राम (लगभग 992 पाउंड) 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम को कब्जे में लेना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# राष्ट्रपति दौरा विवाद: गृह सचिव ने बंगाल सरकार से मांगी रिपोर्ट

**■ कहा: वॉशरूम में पानी नहीं था, सड़क पर कूड़ा था, ममता सरकार ने प्रोग्राम वेन्यू बदला था**

**कोलकाता/नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे में प्रोटोकॉल फॉलो नहीं करने के मामले में केंद्र ने राज्य के मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों के मुताबिक, गृह सचिव ने रिपोर्ट में कहा कि राष्ट्रपति के लिए बनाए गए वॉशरूम में पानी नहीं था। प्रशासन ने जो रास्ता चुना था, वह कचरे से भरा था।

अधिकारियों के मुताबिक, यह रिपोर्ट रविवार को गृह मंत्रालय को भेजने के निर्देश दिए गए। उधर, पीएम मोदी और भाजपा ने इसे राष्ट्रपति का अपमान बताया है। मोदी ने कहा था कि ये शर्मनाक, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। राष्ट्रपति मुर्मू को 7 मार्च को आदिवासी समुदाय के हर साल होने वाले प्रोग्राम 9वें अंतर्राष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में बुलाया गया था। कार्यक्रम सिलीगुड़ी के बिधाननगर में होना तय था। हालांकि सुरक्षा और दूसरे लॉजिस्टिक कारणों का हवाला देते हुए, अधिकारियों ने जगह को बागडोगरा एयरपोर्ट के पास गोपालपुर में शिफ्ट कर दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कार्यक्रम स्थल बदले जाने पर नाराजगी जताई। कहा कि मुझे लगता है बंगाल सरकार आदिवासियों का भला नहीं चाहतीं। नॉर्थ बंगाल दौरे पर न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई मंत्री मुझे रिसीव करने आया। मुझे नहीं पता कि ममता मुझसे नाराज हैं या नहीं। वैसे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आप सब ठीक रहें। राष्ट्रपति बोलीं- ममता बनर्जी मेरी छोटी बहन जैसी हैं। मैं भी बंगाल की बेटी हूं। अगर प्रोग्राम बिधाननगर में होता, तो बेहतर होता। वहां काफी जगह है और बहुत से लोग आ सकते थे, लेकिन मुझे नहीं पता कि राज्य प्रशासन ने वहां मीटिंग की इजाजत क्यों नहीं दी।

## मुख्यमंत्री ममता का धरना तीसरे दिन भी रहा जारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना रविवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। टीएमसी सुप्रीमो ने चुनाव आयोग को वैनिश कमीशन कहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा 'इलेक्टोरल रोल से सही वोटर्स के नाम हटाने के लिए वैनिश कमीशन का गलत इस्तेमाल' कर रही है।

उनका यह कमेंट ऐसे दिन आया है जब चुनाव आयोग की पूरी बेंच राज्य विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव की तैयारियों का रिव्यू करने के लिए कोलकाता आने वाली है। ममता ने कहा कि एक देश, एक नेता, एक पार्टी के पागलपन में, भाजपा ने जन-विरोधी इच्छाओं को पूरा करने के लिए हर लोकतांत्रिक संस्था और संवैधानिक पद को सिस्टमैटिक तरीके से हथियार बना लिया है। बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा का आखिरी मकसद बाबासाहेब अंबेडकर के बनाए गए



**■ बोलीं- भाजपा पर एक देश, एक नेता-एक पार्टी का पागलपन सवार, चुनाव आयोग को वैनिश कंपनी कहा**

संविधान को अपने पार्टी मैनिफेस्टो से बदलना है। ममता ने राज्य में एसआईआर में वोटर लिस्ट से नाम हटाने के विरोध में 6 मार्च दोपहर 2 बजे से कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो चैनल पर धरना शुरू किया है।

**19वां रोज़ा**

### मगफिरत के लिए अल्लाह के जिक्र पर जोर देता है रोज़ा

कुरआने-पाक में अल्लाह का इरशाद है- सो तुम मुझे याद किया करो, मैं तुम्हें याद किया करूंगा और मेरा अहसान मानते रहना और नाशुक्री नहीं करना। इस आयत की रोशनी में मगफिरत के अशरे को तो समझा ही जा सकता है, साथ में उन्नीसवें रोज़े की खासियत और फजीलत का भी बयान किया जा सकता है। मगफिरत का अशरा अल्लाह के ज़िक्र पर जोर देता है। इसलिए उन्नीसवां रोज़ा अल्लाह की मुसलसल याद है और रोज़ेदार के लिए दुआ की मुकम्मल फरियाद है। आयत में अल्लाह का वादा भी तो जाहिर हो रहा है। अल्लाह का ये वादा सो तुम मुझे याद किया करो, मैं तुम्हें याद किया करूंगा, सिर्फ इशारा नहीं है, बल्कि ज़ाहिर कौल है और करार है। अल्लाह चूंकि रहीम है इसलिए उसने रहम फरमाया है, नरमी बरती है और फिर कहा कि मेरा अहसान मानते रहना और नाशुक्री नहीं करना, तो ये हुक्म तो है यानी आर्डर तो है मगर इसमें भी अल्लाह ने फज़्ल की गारंटी पहले दिए गए कौल में दे दी है।

# लोकसभा अध्यक्ष ने ऑल वुमेन बाइक रैली को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक समाचार पत्र की ओर से यहां कनॉट प्लेस में आयोजित ऑल-वुमेन बाइक रैली 2026 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने सभी देशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं और महिलाओं की भूमिका को राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण बताया।

**■ बिरला ने महिलाओं की भूमिका को राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण बताया**

स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर भारत के नव निर्माण तक महिलाओं ने हर क्षेत्र में सशक्त नेतृत्व दिया है। उन्होंने कहा कि आज भारत की महिलाएं पंचायत से लेकर संसद तक नेतृत्व कर रही हैं और देश के विकास की मजबूत आधारशिला बन रही हैं।

# सात दिन में खाड़ी देशों से लौटे 50000 भारतीय

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय (एमईए) ने पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर अपडेट देते हुए बताया कि 1 से 7 मार्च 2026 के बीच 52,000 से ज्यादा भारतीय सुरक्षित रूप से खाड़ी देशों से भारत लौटे।

इसमें से 32,107 भारतीय एयरलाइंस के जरिये, बाकी लोग विदेशी कमर्शियल फ्लाइट्स और नॉन-शेड्यूल्ड फ्लाइट्स के जरिये वापस आए हैं। मंत्रालय के अनुसार, खाड़ी देशों में बिगड़ते हालात के बीच वहां फंसे भारतीयों

**■ 32,107 को भारतीय एयरलाइंस लेकर आई**
**■ अकेले इजरायल में रहते हैं लगभग 41 हजार इंडियन**

की सहायता के लिए एक विशेष कंट्रोल रूम बनाया गया है, जो प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के सवालों का जवाब दे रहा है। एमईए ने कहा कि क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को स्थानीय प्रशासन और भारतीय दूतावास/ वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी सलाहों का पालन करने की सलाह दी गई है। विभिन्न देशों में स्थित भारतीय मिशनों ने 24गुना7 हेल्पलाइन भी शुरू की हैं। मंत्रालय के बयान के अनुसार, हाल के दिनों में क्षेत्रीय हवाई क्षेत्र आंशिक रूप से खुलने के बाद भारतीय और विदेशी एयरलाइंस कमर्शियल और स्पेशल फ्लाइट्स संचालित कर रही हैं। आने वाले दिनों में और उड़ानें संचालित करने की योजना है।

# धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी पर नया केस दर्ज

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पीएनबी की शिकायत पर रिलायंस कम्युनिकेशंस के प्रमुख अनिल अंबानी के खिलाफ 1,085 करोड़ रुपये की ऋण धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का एक नया मामला दर्ज किया है।

यह कार्रवाई पीएनबी के मुख्य प्रबंधक संतोषकृष्ण अन्नावरपु की एक शिकायत के आधार पर की गई है। न्यूज एजेंसी के पास मौजूद इस प्राथमिकी की प्रति के अनुसार, इसमें आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2013 से 2017 के बीच अनिल अंबानी और रिलायंस कम्युनिकेशंस के तत्कालीन अधिकारियों ने कथित तौर पर पीएनबी के साथ 1,085

**■ 1085 करोड़ की पीएनबी धोखाधड़ी का मामला**

करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। बैंक का आरोप है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस ने यह कर्ज वापस न करने की नीयत से प्राप्त किया। पीएनबी ने दावा किया कि कंपनी ने बैंक से प्राप्त धन को जानबूझकर अन्य उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया। ऐसा करना धोखाधड़ी और विश्वास के आपराधिक उल्लंघन के समान है। सीबीआई द्वारा दर्ज इस प्राथमिकी में रिलायंस कम्युनिकेशंस, अनिल अंबानी के अलावा कुछ अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया है।

# आपदा सरकार ने रोकी थी दिल्ली की विकास यात्रा: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आपदा सरकार की वजह से दिल्ली का विकास रुक गया था, लेकिन पिछले एक साल में दिल्ली में चहुंओर विकास हो रहा है और इसका लाभ लोगों को मिल रहा है।

श्री मोदी ने रविवार को यहां बुराड़ी में आयोजित एक कार्यक्रम में दिल्ली में 33,500 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद कहा कि अब पता चल रहा है कि एक वर्ष पहले दिल्ली ने जिस आपदा से मुक्ति पाई वह कितनी जरूरी थी। अगर आपदा सरकार न



होती, तो मेट्रो का चौथा चरण पहले हो जाता। भाजपा की सरकार बनने के बाद दिल्ली में चारों तरफ विकास में तेजी आई है। दिल्ली में हर दिन लाखों लोग बसों में सफर करते हैं, इसलिए लोगों को साफ आरामदायक बस सेवा मिली है। चार हजार से अधिक बसें दिल्ली की सेवा कर रही हैं जिसमें ईवी बसें भी शामिल हैं। करीब दस वर्षों तक आपदा

**■ प्रधानमंत्री ने दिल्ली में 33,500 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया**

सरकार ने विकास का काम ठप कर रखा था, लेकिन अब विकास का तेजी से किया जा रहा है। भाजपा सरकार यमुना की सफाई के लिए भी बडे स्तर पर काम कर रही है। दिल्ली में पहले जो आपदा सरकार थी, उसे लोगों की परेशानी से कोई फर्क नहीं पड़ता था। आपदा सरकार ने कभी गरीबों की परवाह नहीं की, लेकिन रेखा गुप्ता के नेतृत्व में निरंतर स्थितियों को ठीक किया जा रहा है।




**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607,9389076177

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा ने ममता पर मुर्मू के अपमान का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अपमान करने का आरोप लगाते हुए निशाना साधा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में सुश्री बनर्जी और उनकी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति के पद का अपमान किया गया है। प्रसाद ने कहा कि श्रीमती मुर्मू संथाल फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन के लिए सिलीगुड़ी गई थीं, लेकिन बागडोगरा एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए राज्य सरकार की ओर से कोई मंत्री या अधिकारी मौजूद नहीं था। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सिलीगुड़ी के एक खुले मैदान में आयोजित होना था, लेकिन अंतिम समय में इसको रद्द कर कार्यक्रम को एयरपोर्ट के पास एक छोटे से हॉल में आयोजित किया गया।

### सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी वापस ली जाए: माकपा

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में की गई बढ़ोतरी का कड़ा विरोध किया है। माकपा ने रविवार को जारी बयान में कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 60 रूपए की वृद्धि बेहद क्रूर है और इससे उज्ज्वला योजना के गरीब लाभार्थी भी नहीं बच पाए हैं। वहीं, कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमत में 114.50 रुपये की बढ़ोतरी का बोझ भी आम उपभोक्ताओं पर ही डाला जाएगा। इससे मध्यम वर्ग और मेहनतकश लोगों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, जो पहले ही लगातार बढ़ती महंगाई और घटती वास्तविक आय से जूझ रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सीएम ने जारी की चिट्ठी

# यूपी की बेटियों को डरने की जरूरत नहीं: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की महिलाओं और बेटियों के नाम एक विशेष पत्र जारी किया है। अपने पत्र में मुख्यमंत्री ने प्रदेश की बेटियों को यह आश्वस्त किया है कि उन्हें अब किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने उल्लेख किया कि 2017 से पहले महिलाओं और बेटियों को असुरक्षा का अनुभव होता था, परंतु अब स्थिति बदल गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जोर देकर कहा कि सरकार की स्पष्ट नीति और साफ नियत के कारण महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। सीएम ने फिर दोहराया कि यदि कोई भी किसी बेटी को छेड़ता है, तो उसके लिए अगले चौराहे पर यमराज मिलेगा। उन्होंने कहा कि यूपी पुलिस को अपराध रोकने के बारे में छूट दी गई है, किसी निर्दोष को परेशान करने की नहीं। सीएम योगी ने अपनी चिट्ठी में लिखा कि मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों सशक्त समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि 2017 से पहले शाम होते ही घर से बाहर निकलने में बेटियां घबराती थी। स्कूल-कॉलेज तक जाने में डर लगता था, महिलाओं के साथ अपराध आम बात थी, लेकिन आज बेटियां रात की पाली में भी काम कर रही हैं।



- बेटियां सुरक्षित और सम्मानित होने पर ही समाज की प्रगति
- मिशन शक्ति और एंटी रोमियो ने अपराध करने वालों के मन में डर पैदा किया

### यूपी बना '5-टी मॉडल' का उदाहरण: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में आए बदलाव के पीछे प्रधानमंत्री के '5-टी' विजन-ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि जब परंपरा, तकनीक, पारदर्शिता और विश्वास एक साथ आते हैं, तो परिवर्तन स्वत: होता है और उत्तर प्रदेश आज इसी 5-टी मॉडल का उदाहरण बन चुका है। रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मिशन शक्ति का अगला चरण आगामी नवरात्रि से शुरू किया जाएगा।

### महिला दिवस पर मुख्यमंत्री ने किया नारी शक्ति का सम्मान

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नारी शक्ति का सम्मान किया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, सम्मान और रोजगार के अवसरों को एक साथ बढ़ावा दिया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं को चेक, नियुक्ति पत्र और आयुष्मान कार्ड प्रदान किए तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वाराणसी मंडल की महिलाओं से संवाद भी किया। कार्यक्रम के दौरान 'पिंक रोजगार महाकुंभ-2026' के तहत 5000 से अधिक महिलाओं को रोजगार के प्रस्ताव मिले। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए बीमा प्रीमियम और साड़ी/वर्दी हेतु कुल 38.49 करोड़ रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में हस्तांतरित की। इसमें साड़ी और वर्दी के लिए 29.59 करोड़ रुपये तथा बीमा प्रीमियम के लिए 8.90 करोड़ रुपये शामिल हैं।

# दो बच्चों की हत्या के बाद युवक ने की आत्महत्या

महराजगंज, वार्ता



- महाराजगंज में पारिवारिक कलह का खौफनाक अंत

पूर्वी उत्तर प्रदेश में महाराजगंज जिले के नौतनवा थाना क्षेत्र के गांधी नगर मोहल्ले में रविवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। पत्नी से नाराज एक पति ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में घटना का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार 66वीं वाहिनी एसएसबी में तैनात वंदना (35) निवासी सैथपुर, जिला गाजीपुर, दोमुहाना घाट बीओपी पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं। वह अपने पति अमरेश कुमार (40), चार वर्षीय बेटे अमरेंद्र कुमार और तीन वर्षीय बेटी कंचन के साथ नौतनवा कस्बे के गांधी नगर मोहल्ले में रहती थीं। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच पिछले कुछ समय से संबंध ठीक नहीं थे और अक्सर दोनों के बीच कहासुनी होती रहती थी। दो दिन पहले भी दोनों के बीच विवाद होने की चर्चा है। शनिवार शाम को वंदना ड्यूटी पर चली गई थीं और रविवार सुबह घरेलू कामकाज निपटाने के बाद फिर ड्यूटी के लिए निकल गईं। इसी दौरान सुबह करीब सात बजे मकान के निचले हिस्से में रहने वाले किराएदार को ऊपर से कुछ असामान्य आवाज सुनाई दी। जब वह ऊपर गया, तो कमरे का दृश्य देखकर सन्न रह गया। कमरे में अमरेश कुमार, उनके बेटे अमरेंद्र और बेटी कंचन तीनों के शव फंदे से लटके हुए मिले। घटना की जानकारी किराएदार ने तत्काल महिला को दी। सूचना मिलते ही वह ड्यूटी छोड़कर घर पहुंचीं और बच्चों के शव देखकर बेसुध हो गईं। आसपास के लोगों ने उन्हें संभाला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सवैधानिक पदों के सम्मान पर राजनीति न हो: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में आयोजित नौवें अंतर्राष्ट्रीय संथाल सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उचित प्रोटोकाल न दिए जाने पर सियासत गर्म हो गई है। रविवार को सोशल मीडिया के जरिए प्रतिक्रिया देते हुए बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि भारतीय संविधान के आदर्शों और मान-मर्यादा के अनुसार सभी को राष्ट्रपति पद का सम्मान करना चाहिए और उनके प्रोटोकॉल का भी पूरा ध्यान रखना आवश्यक है।

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि इस पद का किसी भी प्रकार से राजनीतिकरण करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश की राष्ट्रपति एक महिला होने के साथ-साथ आदिवासी समाज से भी आती हैं। ऐसे में हाल ही में पश्चिम बंगाल में उनके दौरे को लेकर जो घटनाएं हुईं, वह नहीं होनी चाहिए थीं और यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सुश्री मायावती ने कहा कि पिछले कुछ समय से संसद में भी, विशेषकर लोकसभा अध्यक्ष के पद को लेकर जिस प्रकार का राजनीतिकरण किया जा रहा है, वह भी उचित नहीं है। सभी राजनीतिक दलों को संवैधानिक पदों का दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सम्मान करना चाहिए और उनकी गरिमा बनाए रखनी चाहिए।



- राष्ट्रपति के अपमान पर बोली बसपा सुप्रीमो

# सभी के लिए मुफ्त सरकारी सुविधा जरूरी

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह गरीबों तथा अमीरों को मिलने वाली मुफ्त सरकारी सुविधाओं के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इस बारे में विचार करते समय ईमानदारी बहुत जरूरी है। गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में रविवार को कहा कि गरीबों को दी जाने वाली सरकारी सुविधा का मजाक उड़ाया जाता है, जबकि अमीर लोगों को दी जाने वाली सुविधा को सम्मान बताया जाता है। उन्होंने लिखा, जब गरीबों को जीवनयापन के लिए सब्सिडी मिलती है, तो इसे 'रेवड़ी' और 'मुफ्त सुविधाएं' कहा जाता है। जब अडानी और अंबानी को कौड़ियों के भाव जमीन, कर छूट और करोड़ों के ऋण माफ किए जाते हैं, तो इसे विकास कहा जाता है। कांग्रेस नेता ने सुविधाओं के दोनों पक्षियों पर विचार करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि गरीबों को शर्मिंदा किया जाता है। शक्तिशाली लोगों का गुणगान किया जाता है। मैं मुफ्त सुविधाओं के बारे में बातचीत के लिए तैयार हूं, लेकिन आइए ईमानदारी से दोनों पक्षों पर विचार करें। गांधी ने केरल में चुनावी माहौल के बीच अपनी सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) केरल के लोगों को पांच प्रमुख गारंटियों के माध्यम से एक मजबूत सुरक्षा कवच प्रदान करने जा रहा है।कॉलेज जाने वाली छात्राओं के लिए 1000 प्रति माह की वित्तीय सहायता, कल्याण पेंशन बढ़ाकर 3000 प्रति माह करने, ओमन चांडी के नाम प्रत्येक परिवार को 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर देने तथा युवाओं को व्यवसाय शुरू करने के लिए पांच लाख रुपये तक देंगे।



- अमीरों-गरीबों के लिए समान सुविधा हो

### महिलाओं के साथ समानता से होगी सच्ची प्रगति : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि कोई भी समाज तब ही सही अर्थों में प्रगति करता है, जब महिलाओं को बराबरी का सच्चा, सही और वास्तविक हक मिलता है। खड़गे ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लैंगिक समानता और महिलाओं के लिए बराबरी के हक को लेकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के एक विचार का उद्धरण देते हुए लिखा कि दुख भोगने के लिए जन्म नहीं हुआ है। आपका लिए हुआ है।

### रीवा एक्सप्रेस में आशुतोष पर जानलेवा हमला लहूलुहान हालत में प्रयागराज पहुंचे

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ न्यायालय में यौन उत्पीड़न का मामला दायर करने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी पर रविवार को रीवा एक्सप्रेस ट्रेन में जानलेवा हमला कर दिया गया।

हमलावर ने उन पर धारदार हथियार से वार किया, जिसमें वह घायल हो गए। बताया गया कि आशुतोष ब्रह्मचारी गाजियाबाद से रीवा एक्सप्रेस के एच-1 कोच में सवार होकर प्रयागराज आ रहे थे। इसी दौरान फतेहपुर और कौशांबी जिले के सिराथू रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन में उन पर हमला कर दिया गया। आशुतोष ब्रह्मचारी ने बताया कि हमलावर ने धारदार हथियार से उन पर कई वार किए और उनकी नाक काटने की कोशिश भी की। जान बचाने के लिए उन्होंने खुद को ट्रेन के टॉयलेट में बंद कर लिया, जिससे उनकी जान बच सकी। हमले में उन्हें कई जगह चोटें आई हैं और वह लहूलुहान हालत में प्रयागराज जंक्शन पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद उन्होंने जीआरपी थाने में मामले की एफआईआर दर्ज कराई। इसके बाद उन्हें मेडिकल परीक्षण के लिए कॉल्विन अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 78918.90
निफ्टी 24450.45



सोना 159409
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 263210
प्रति किलो



# शेयर बाजारों पर दिखेगा पश्चिम एशिया का असर

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही बड़ी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में एक बार फिर पश्चिम एशिया संकट का दबाव हावी रह सकता है। अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई में गत 28 मार्च को ईरान पर किए गए हमले और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण पश्चिम एशिया में स्थिति काफी बिगड़ गई है।

कच्चे तेल की कीमत आसमान छू रही है, वैश्विक व्यापार की आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है और अनिश्चितता अपने चरम पर है। यदि सैन्य टकराव कम होने की खबर नहीं आती है, तो बाजार और गिर सकता है। पिछले सप्ताह 3 मार्च को होली के अवकाश के कारण शेयर बाजारों में चार दिन ही कारोबार हुआ। गुरुवार को छोड़कर अन्य तीन दिन बाजार में बिकवाली हावी रही। पूरे सप्ताह के दौरान बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2,368.29 अंक (2.91 प्रतिशत) टूटकर सप्ताहांत पर 78,918.90 अंक पर बंद हुआ। यह 17 अप्रैल 2025 के बाद का इसका निचला स्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 728.20 अंक यानी 2.89 फीसदी गिरकर 24,450.45 अंक पर आ गया, जो 29 अगस्त 2025 के बाद का निचला स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.77 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.54 प्रतिशत गिर गया। बैंकिग सेक्टर पर सबसे अधिक दबाव रहा। ज्यादा दबाव वाले अन्य सेक्टर रियलटी, वित्त, मीडिया, ऑटो और तेल एवं गैस शामिल हैं। सेंसेक्स की कंपनियों में निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो का शेयर सबसे अधिक 8.68 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट में रहा।



# शीर्ष आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,81,582 करोड़ घटा

**मुंबई।** शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही बड़ी गिरावट के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में से शामिल आठ कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 2,81,582 करोड़ रुपये घट गया, जबकि अन्य दो का 18,209 करोड़ रुपये बढ़ा। सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक को बाजार पूंजीकरण में सबसे अधिक 53,953 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक को 46,937 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक को 46,552 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। अभियांत्रिकी एवं विनिर्माण क्षेत्र की कंपनी एलएंडटी का एमकैप 45,629 करोड़ रुपये कम हुआ। गैर-बैंकिग वित्तीय कंपनी बजाज फाइनेंस का एमकैप 28,935 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस का 28,492 करोड़ रुपये घट गया। एफएमसीजी कंपनी हिंदुस्तान यूनीलिवर का एमकैप 26,351 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का 4,732.75 करोड़ रुपये कम हुआ। विविध क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 14,750 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इंफोसिस का 3,459 करोड़ रुपये बढ़ा। बाजार पूंजीकरण के मामले में 19,01,583 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक का एमकैप 13,19,107 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का 10,67,121 करोड़ रुपये दर्ज किया गया।

# चावल, गेहूं और चीनी नरम, खाद्य तेलों दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव गिर गए। चावल के साथ गेहूं और चीनी में भी नरमी रही। खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 20 रुपये घटकर सप्ताहांत पर 3,833 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 15 रुपये सस्ता होकर 2,819 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। आटे की कीमत 3,310 रुपये प्रति पर लगभग स्थिर रही। दालों की कीमत में घट-बढ़ रही। मूंग दाल की औसत कीमत 50 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। तुअर दाल 44 रुपये और चना दाल 40 रुपये सस्ती हुई। उड़द दाल का भाव 25 रुपये गिर गया। मसूर दाल सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में भी उतार-चढ़ाव देखा गया। सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 83 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सरसों तेल भी 11 रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल 89 रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल और वनस्पति की कीमत भी 28.28 रुपये टूट गई। सोया तेल 22 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 22 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। चीनी भी पांच रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे- दाल चना 7717.41 रुपये, मसूर काली 8058.07 रुपये, मूंग दाल 10134.08 रुपये, उड़द दाल 10728.62 रुपये, तुअर दाल 11123.50 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2819.20 रुपये और चावल 3832.57 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3310.30 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4305.17 रुपये और गुड़ 4985-03 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17661.50 रुपये, मूंगफली तेल 18301.31 रुपये, सूरजमुखी तेल 16689.67 रुपये, सोया तेल 14109.16 रुपये, पाम ऑयल 12774.07 रुपये और वनस्पति 14557.50 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ईरान की...**

और जो वॉर्नर ब्रदर्स कंपनी की इमारतों के पास स्थित है। आईआरजीसी ने यह भी कहा कि उसकी नौसेना ने बहरीन के सलमान पोर्ट पर मौजूद अमेरिकी नौसेना के ढांचे को निशाना बनाया। यह स्थान अमेरिकी नेवी के पांचवें फ्लीट से जुड़ा माना जाता है। ईरानी सेना के अनुसार यहां मानव रहित सतही जहाजों के कमांड सेंटर और सैन्य सहायता हैंगर पर हमले किए गए। ईरान का दावा है कि इन हमलों के बाद इजरायल के कई क्षेत्रों में लगातार आपातकालीन सायरन बज रहे हैं और हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। आईआरजीसी ने यह भी आरोप लगाया कि इजरायली प्रशासन सैन्य ठिकानों की सुरक्षा के लिए नागरिकों को कुछ इलाकों में सीमित कर रहा है। आईआरजीसी ने अपने बयान में कहा कि ईरानी सशस्त्र बल लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष के लिए तैयार हैं और उनकी यूनिट्स सटीक योजना के साथ अमेरिकी बलों की गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। गौरतलब है कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 की शुरुआत पिछले सप्ताह विदेशी हमलों के बाद हुई थी। इसके बाद से ईरान की ओर से सैकड़ों बैलिस्टिक मिसाइल और आत्मघाती ड्रोन दागे जाने का दावा किया गया है।

इनमें तेल अवीव, यरूशलेम और बेर्शेबा जैसे अहम इलाकों को निशाना बनाने की बात कही गई है। वहीं अमेरिका-इजरायल की तरफ से हमले के बाद ईरान अपने पड़ोसी देशों में मौजूंद अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना रहा है।

इस कड़ी में ईरान यूएई पर 16 मिसाइल और 117 ड्रोन से हमले किए हैं। इसी बीच कुवैत की सेना ने बताया कि कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ईंधन भंडारण क्षेत्र को शत्रु ड्रोनों से निशाना बनाया गया। वायु रक्षा प्रणालियों ने कई ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया, लेकिन इस दौरान गिरे मलबे से कुछ नागरिक ढांचे को नुकसान पहुंचा। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने भी रविवार तड़के ड्रोन हमलों की पुष्टि करते हुए कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने कम से कम 21 ड्रोन को मार गिराया है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के आपदा प्रबंधन इकाई ने भी संभावित हमलों के प्रति आज चेतावनी जारी की थी। ईरान ने अपने जल शोधन संयंत्र पर हुए हमले के जवाब में बहरीन में अमेरिका के सैन्य अड्डों पर हमला किया है।

ईरान के सर्वोच्च परिचालन कमान के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जोलफकारी ने शनिवार को कहा कि जुबैर स्थित अमेरिकी अड्डे से केश्म द्वीप के केश्म जल शोधन संयंत्र पर हमले के जवाब में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने अमेरिकी ठिकाने को निशाना बनाया।

# बीजेपी 'वैनिश कमीशन' का गलत इस्तेमाल कर रही: ममता

कोलकाता, वार्ता

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व चुनाव आयोग की फुल बेंच आज शाम कोलकाता पहुंच गई है।

चुनाव आयोग की टीम सोमवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और पुलिस एवं आला अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। चुनाव आयोग की बैठक से पहले राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर हमला बोला है और चुनाव आयोग को वैनिश कमीशन करार देते हुए कहा कि बीजेपी वैनिश कमीशन का गलत इस्तेमाल वैध मतदाताओं का नाम हटाने के लिए कर रही है। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक नींव पर अभूतपूर्व और सीधा हमला किया जा रहा है। एक राष्ट्र, एक नेता, एक पार्टी' की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी सुनियोजित तरीके से हर लोकतांत्रिक संस्था एवं संवैधानिक पद का गलत इस्तेमाल कर रही है। ममता बनर्जी ने कहा कि सालों से केंद्रीय एजेंसियां, राष्ट्रीय आयोगों और न्यायपालिका का एक वर्ग को बंगाल के खिलाफ खड़ा किया गया है, वे बर्बाद हो चुके आयोग का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं, ताकि वे वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटावा सकें। इस बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार समेत कमीशन की फुल बेंच सोमवार सुबह कालीघाट मंदिर जाएगी, वहां पूजा करेंगे। चीफ इलेक्शन कमिश्नर का मंगलवार को फिर से बेलूर मठ जाने का प्रोग्राम है। एसआईआर की फाइनल लिस्ट 28 फरवरी को पब्लिश हुई थी। हालांकि 60 लाख नाम अनसुलझे लिस्ट में हैं। राजनीतिक पार्टियों ने मांग की है कि जब तक अनसुलझे लिस्ट का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक चुनाव नहीं हों। ऐसे में इस बात को लेकर अटकलें तेज हो रही हैं कि वोटिंग शेड्यूल कब अनाउंस होगा। क्या पोलिटिकल पार्टियों के साथ मीटिंग के बाद कमीशन किसी फैसले पर पहुंचेगा?



- सीईसी के कोलकाता दौरे पर ममता का बड़ा हमला

# इस साल पालकी पर बैठ धरती पर आएंगी मां दुर्गा

**नई दिल्ली।** नवरात्र का पर्व माता दुर्गा के भक्तों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दौरान माता के नौ अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है, साथ ही व्रत रखा जाता है। नवरात्र के दिन भक्ति और आराधना के होते हैं। 19 मार्च को चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के दिन चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो जाएगी। इसका समापन 27 मार्च को राम नवमी के दिन होगा।

हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्र में माता रानी धरती लोक पर अपने भक्तों के दुख और संकट हरने के लिए आती हैं। इस दौरान किए गए पूजा-पाठ का विशेष फल प्राप्त होता है। इस साल चैत्र नवरात्र में माता दुर्गा पालकी पर सवार होकर धरती लोक पर आने वाली हैं, जबकि हाथी पर बैठकर माता प्रस्थान करेंगी। एक सवाल लोगों के मन में अक्सर आता है कि माता का वाहन कैसे तय होता है? चैत्र नवरात्र में देवी दुर्गा पालकी की सवारी पर आ रही हैं, लेकिन माता का पालकी पर आना अशुभ संकेत माना जाता है। मान्यताओं के अनुसार माता रानी का पालकी पर आने अर्थ ये है कि देश-दुनिया महामारी और बीमारी की चपेट में आ सकती है। माता का पालकी पर सवार होकर आना व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिए भी शुभ नहीं रहता है। मां दुर्गा का वाहन सिंह यानी शेर माना जाता है। माता दुर्गा शेर पर ही सवार रहती हैं, लेकिन जब देवी मां नवरात्र में पृथ्वीलोक पर आती हैं, तब उनका वाहन बदल जाता है।

- 19 मार्च से शुरू होगा नवरात्र पर्व, 27 को समापन

# दलित युवक की हत्या के इरादे से आए थे तीनों युवक!

## प्रिया टॉकीज की पार्किंग में युवक को गोली मारने का मामला

- दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने बरामद किया घटना में प्रयुक्त पिस्टल
- पुलिस की कहानी से हकीकत बिल्कुल जुदा
- वादी/प्रतिवादी एक होंगे तो जल्द मिलेगी जमानत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** शनिवार को प्रिया टॉकीज की पार्किंग में युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त पिस्टल बरामद कर लिया है। हालांकि एफआईआर के मुताबिक पुलिस ने मामले का खुलासा कर दिया, लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है। गोली लगने से घायल युवक व आरोपी दोनों युवकों सहित तीनों एक दलित युवक की हत्या के इरादे से आए थे। उस दलित युवक ने दो साल पहले जुबेर व दो अन्य नामजद आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन दोनों पक्षों के बीच फैंसला होने के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। पुलिस ने भी एफआईआर के मुताबिक मामले का पटाक्षेप कर मामले की इतिश्री कर ली।



19 अप्रैल 2024 को प्रिया टॉकीज के पास फायरिंग करते जुबेर व उसके साथी।



रविवार को जेल भेजे गए जुबेर व मोहम्मद जैद।

### दो साल पहले हुई थी घटना

प्रिया टॉकीज के पास 18 मई 2024 की रात करीब सवा आठ बजे पिकप गाड़ी में अपने दो साथियों के साथ सवार जुबेर निवासी खतौलिया चौक ने पालतू कुत्ते को कुचल दिया था। जिससे वहां रहने वाले जितेंद्र व उसके साथियों को जुबेर से विवाद हो गया था। उस घटना से अगले दिन यानि 19 मई 2024 को जुबेर, जीशान व बुशरान अपने साथ 6-7 अज्ञात साथियों के साथ प्रिया टॉकीज के पास पहुंचे और जितेंद के मकान पर पिस्टलों से फायरिंग कर दी। फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। उसके बाद जितेंद्र की ओर से उपरोक्त तीनों युवकों व अज्ञात के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट सहित जानलेवा हमले की धाराओं में मुकदमा अपराध संख्या 220/2024 दर्ज कराया गया था। महीनों तक आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर दलित परिवार के लोगों ने फैंसला करने में ही अपनी भलाई समझी और दोनों पक्षों के बीच फैंसला हो गया।

### दलित युवक की हत्या करने पहुंचा था जुबेर

शाह टाइम्स की जांच पड़ताल पुलिस की कहानी और एफआईआर से बिल्कुल जुदा है। शनिवार को सुबहान नाम के युवक को प्रिया टॉकीज की पार्किंग में गोली लगी, जिसमें दर्ज मुकदमें में उसके दो साथी जीशान व बुशरान को नामजद किया गया था। पुलिस ने रविवार को नामजद दोनों आरोपियों को गिरतार कर पिस्टल बरामद की व दोनों को कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस ने गोली मारने के आरोप में जिस जुबेर को जेल भेजा, वह दलित युवक पर हुए हमले के मामले में नामजद आरोपी था जबकि चर्चा है कि उसके साथ जेल गया जीशान व गोली लगने से घायल सुबहान भी उस घटना में शामिल था। सूत्रों की मानें तो पुलिस के सामने दोनों गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को वही कहानी बताई, जो शाह टाइम्स की पड़ताल में सामने आई, लेकिन पुलिस ने एफआईआर के अनुसार ही मामले का खुलासा कर दिया।

### ऑपरेशन कनविक्शन को लगा पलीता, जल्द होगी जमानत

दरअसल, पुलिस ने जिस तरीके से घटना का सही खुलासा करने में खेल किया, वही प्रदेश सरकार द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन को पलीता लगाने को काफी है। पुलिस के इस खेल से आरोपियों को सीधा-सीधा लाभ मिलने वाला है। वादी/प्रतिवादी की नूराकुश्ती से आरोपियों को जल्द जमानत मिलने की प्रबल संभावना जताई जा रही है।

### पहले होती कार्रवाई तो अब न होती घटना

दरअसल, साल 2024 में हुई घटना में जुबेर पिस्टल से फायरिंग करता हुआ वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है, लेकिन उस समय पुलिस ने इस मामले में सख्ती से कार्रवाई नहीं की। अन्यथा यदि पुलिस जुबेर को उसी समय गिरफ्तार कर लेती और पिस्टल बरामद कर लेती तो शनिवार को यह घटना न होती। इस मामले में पूछे जाने पर इंस्पेक्टर अपराध जितेंद्र कुमार ने कहा कि पुलिस ने घटना का सही खुलासा किया है। आप जो चाहे वो समझ सकते हैं।

## प्राण घातक हमले को दुर्घटना बताने पर थाने में हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** खानपुर निवासी वीरपाल पुत्र स्व. चमन सिंह ने थाने पर दी लिखित तहरीर में बताया कि पांच मार्च की देर शाम को गांव के ही तीन चार युवक उसके घर आए और उसके पुत्र मोहित को दावत के बहाने बुलाकर ले गए। मोहित जब रात्रि 11 बजे तक घर नहीं आया तो उसकी तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। वीरपाल ने बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने बताया कि उसका पुत्र मोहित मेहपा गांव के पास मरणासन्न अवस्था में पड़ा है। परिजन मौके पर पहुंचे और उसे जानी एक अस्पताल में लेकर पहुंचे तो चिकित्सक ने जवाब दे दिया। मोहित को परिजनों ने सुभारती में भर्ती कराया जहां देर शाम उसकी मौत हो गई वही मोहित को घर से ले जाने वालों ने पुलिस को दुर्घटना में घायल की फर्जी जानकारी दी। रविवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण व परिजन थाने पर पहुंचे और थाने पर हंगामा किया। थाने पर तैनात एसएसआई कपिल कुमार ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि घटना की जांच की जा रही है। सिवाल खास चौकी इंचार्ज ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

## महिला दिवस पर 9 प्रतिष्ठित महिलाओं का हुआ सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को फूलबाग कॉलोनी स्थित अविनाश एजेंसी के शोरूम विस्तार एवं किड्स कलेक्शन लॉन्च समारोह का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में शहर की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही प्रतिष्ठित महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिनमें मिसेज मधु डांग शिक्षाविद् एवं सामाजिक कार्यकर्ता, डॉ. मोहिनी लम्बा फाउंडर एवं डायरेक्टर, अमेरिकन किड्ज एंड स्कॉलर्स एकेडमी, मिसेज मदीहा शाह रसूल ग्लोबल इमेज कंसल्टेंट एवं फाउंडर, मदीहा फिनिशिंग स्कूल, संध्या, पियुष गर्ग ओनर, संध्या किचन, मिताली शर्मा डायरेक्टर, वैष्णवी डांस एकेडमी मेरठ, मीनू कक्कड़ न्यूट्रिशन-लाइफ स्टाइल कोच, अमन प्रीत कौर ओनर, द बेकिंग कौर और नेहा वत्स कक्कड़ फाउंडर सेक्रेटरी, हियर द साइलेंस फाउंडेशन मेरठ, सिम्मी सिंह वरिष्ठ शिक्षिका केंद्रीय विद्यालय शामिल रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रविंदर कुमार कचरु निदेशक फनराइड टॉयज एल एल पी द्वारा दीप प्रज्वलन कर एवं सभी महिला अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में केक कटिंग सेरेमनी से हुआ। तत्पश्चात बच्चों से संबंधित नए आकर्षक आइटम्स का अनावरण किया गया और शोरूम के भव्य विस्तार की घोषणा की गई। अविनाश जी एजेंसी के प्रबंधक तरुण चोपड़ा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य महिला शक्ति को सम्मान देना और समाज में उनके योगदान को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने महिलाओं के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और उनके सम्मान में आयोजित समारोह की प्रशंसा की। इस अवसर पर अरुण चोपड़ा, भावना चोपड़ा, तरुण चोपड़ा , मीनू चोपड़ा, तरुण , काजल , आँचल, राहुल विश्वास राणा, मयंक अग्रवाल आदि शहर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सीवीपीएस में नन्हे-मुन्नों की ग्रेजुएशन सेरेमनी, कक्षा एक की ओर बढ़े नन्हे कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित सिटी वोक. ेशनल पब्लिक स्कूल के रूट्स किंडरगार्टन में रविवार को नन्हे-मुन्ने बच्चों की ग्रेजुएशन सेरेमनी उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित की गई। समारोह में यूकेजी के बच्चों को औपचारिक रूप से कक्षा एक में प्रवेश के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रिंसिपल एन.पी. सिंह और वाइस प्रिंसिपल मीनू कपूर के स्वागत के साथ हुई। इसके बाद दोनों के करकमलों से यूकेजी के विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन डिग्री प्रदान की गई। डिग्री प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खुशी और गर्व से खिल उठे।




कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। यूकेजी के बच्चों ने वेलकम सॉन्ग पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि नर्सरी के नन्हे विद्यार्थियों ने बटरफ्लाई, लेडीबग और बम्बल बी गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरीं। यूकेजी और एलकेजी के बच्चों ने मिलकर 'स्नो व्हाइट' पर आधारित एक सुंदर नाटिका भी प्रस्तुत की। समारोह का समापन एलकेजी के बच्चों के ग्रैंड फिनाले डांस के साथ हुआ। विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. हिमानी अग्रवाल ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन नन्हे विद्यार्थियों के जीवन में नई शुरुआत का प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन कोऑर्डिनेटर विनी दयाल के मार्गदर्शन में शिक्षिकाओं ने किया। अंत में प्रिंसिपल ने सभी बच्चों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## हिंदू परिषद-बजरंग दल की बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** रविवार को विश्व हिंदू परिषद-बजरंगदल, हस्तिनापुर, प्रांत- की एक बैठक सीताराम इंटर कॉलेज ग्राम मवी में हुई। बैठक का संचालन जिला सहमंत्री डॉ. अरुण प्रजापति ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष अनुज शर्मा व जिला उपाध्यक्ष अतुल त्यागी जिला कोषाध्यक्ष अमित बल्ले व मुख्य-वक्ता जिला मंत्री शेखर रहे बैठक में (अभ्यास वर्ग- परिषद, बजरंगदल, दुर्गा वाहिनी, मातृ शक्ति) व संगठन का विस्तार, हनुमान जन्मोत्सव, रामजन्मोत्सव व सेवा कार्य सप्ताह के कार्यक्रम व प्रखंडों में साप्ताहिक मिलन चलाने का आह्वान किया। हस्तिनापुर में नवीन योजनाएं बनाई गई व जिला व प्रखंडों की घोषणाएं की गईं। जिला सह-विधार्थी विकास शर्मा अतराडा, जिला गौ-रक्षा राजेंद्र त्यागी, माछरा प्रखंड संयोजक आदित्य प्रजापति, गोरक्षा प्रमुख केशव उपाध्याय समयपुर, सुरक्षा प्रमुख जितेंदर प्रजा. पति,मंत्री प्रिंस भाटी, सयोंजक एकलव्य को बनाया गया। इस मौके पर जिला संयोजक सानू त्यागी, जिला सहसंयोजक हर्ष शर्मा, जिलाप्रचार प्रमुख कपिल त्यागी, जिला विद्यार्थी प्रमुख एड. अंकित धामा, जिला सेवा प्रमुख संजय त्यागी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एपोस्टल ऑफ ह्यूमैनिटी अवार्ड से सम्मानित हुए मेरठ के डॉ. शशिकांत शर्मा

### होम्योपैथी चिकित्सा और समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ के प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. शशिक. ांत शर्मा को चिकित्सा क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान एवं समाज सेवा के लिए प्रतिष्ठित 'एपोस्टल ऑफ ह्यूमैनिटी' अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस ऑफ इंटेलेक्चुअल द्वारा 8 मार्च 2026 को मेरठ के शांति निकेतन स्कूल में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व हाई कोर्ट न्यायाधीश एवं उत्तराखंड लॉ कमीशन के चेयरपर्सन जस्टिस राजेश टंडन ने डॉ. शशिकांत शर्मा को यह सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की कई प्रमुख हस्तियां भी उपस्थित रहीं।



एपोस्टल ऑफ ह्यूमैनिटी अवार्ड देश की चुनिंदा हस्तियों को उनके उत्कृष्ट सामाजिक एवं मानवीय कार्यों के लिए दिया जाता है। डॉ. शशिकांत शर्मा को यह सम्मान होम्योपैथी चिकित्सा क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों और समाज के प्रति उनके समर्पित कार्यों के लिए प्रदान किया गया। डॉ. शशिकांत शर्मा ने पंजाब के लुधियाना से बीएचएमएस की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने टांटिया यूनिवर्सिटी, श्रीगंगानगर (राजस्थान) से साइकेट्री में एमडी की डिग्री प्राप्त की। वर्तमान में वे इसी विश्वविद्यालय से किडनी रोगों पर पीएचडी कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने योग में पीजीडी की डिग्री भी हासिल की है। डॉ. शर्मा को उनके उत्कृष्ट सामाजिक एवं चिकित्सकीय योगदान के लिए पहले भी कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है। इनमें 2015 में एनसीआर/मेरठ रत्न अवार्ड, 2022 में ग्लोबल लीडरशिप एक्सीलेंस अवार्ड, 2023 में मेडिकल एक्सीलेंस अवार्ड तथा 2024 में बिजनौर में प्रदान किया गया हैनिमैन रत्न अवार्ड प्रमुख हैं।

सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. शशिकांत शर्मा ने यह अवार्ड अपने स्वर्गीय पिता डॉ. सुनील दत्त शर्मा को समर्पित करते हुए कहा कि वे आज जो भी हैं, वह अपने पिता की प्रेरणा और मार्गदर्शन की बदौलत हैं। उनके आदर्शों ने ही उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस ऑफ इंटेलेक्चुअल के जनरल सेक्रेटरी प्रकाश निधि शर्मा रहे। इस अवसर पर शांति निकेतन स्कूल के चेयरमैन विशाल जैन तथा जयप्रकाश अग्रवाल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## जानी थाना परिसर में बजरंग दल का धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** बहरामपुर खास निवासी दीपेश शर्मा पुत्र सतीश शर्मा का आरोप है कि उसके द्वारा खनन की शिकायत करने पर दरोगा आक. ाश सूर्यवंशी, पुलिसकर्मी राकेश यादव उसे उठा कर थाने ले गए और उसे जमकर थर्ड डिग्री दी। पानी पिला पिलाकर मारपीट की गई। घटना की पीड़ित ने शनिवार को तहसील दिवस में एसएसपी अविनाश पांडेय से शिकायत की थी। पीड़ित की शिकायत पर एसएसपी अविनाश पांडेय ने दरोगा व उनके हमराह पर खिलाफ जांच बैठा दी थी। वहीं रविवार को इस घटना को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने पर पहुंचे और दरोगा व पुलिस के खिलाफ जमकर हंगामा प्रदर्शन किया गया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने देर शाम तक थाना परिसर में ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। बजरंग दल कार्यकर्ताओ ने कहा जब तक आरोपी दरोगा सहित दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं होगा और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही नहीं होगी धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। बजरंग दल कार्यकर्ताओ के थाने पर धरना प्रदर्शन से पुलिस कर्मियों में अफरा तफरी मच गई और बजरंग दल कार्यकर्ताओ से वार्ता करने की कोई भी अधिकारी हिम्मत नहीं जुटा पाया। समाचार लिखे जाने तक बजरंग दल कार्यकर्ताओं का धरना जारी था। वहीं थाने के एसएसआई कपिल देव ने किसी तरह कार्यकर्ताओं को समझाया।

## सीडीएस परीक्षा में पास आउट मिलने पर निखिल कुमार बघेल का सम्मान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** यूपीएससी द्वारा आयोजित सीडीएस परीक्षा में चयनित होने के बाद निखिल कुमार बघेल ने शनिवार को चेन्नई में हुई पासिंग आउट परेड में कमिशन पा लिया। रविवार को उनके घर गगन विहार रोहटा रोड पर उनके सम्मान में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया जिसमें समस्त परिवार जनों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर निखिल कुमार बघेल को आशीर्वाद प्रदान किया। इनमें प्रमुख रूप से निखिल कुमार बघेल के ताऊ डॉ. राम नरेश बघेल प्रवक्ता किसान इण्टर कॉलेज मढ़ी, प्रिंसिपल अमर जीत सिंह, डॉ. सौदान सिंह शास्त्री, देवेंद्र कुमार अर्नावली, वाइस प्रिंसिपल अजय कुमार शास्त्री, सत्यवीर सिंह, अशोक बघेल सभासद दिल्ली, मास्टर विश्वेश्वर सिंह, रामहर्ष, योगेश कुमार आगरा, भंवर सिंह, रामविलास, रामनिवास, हरबिलास, राकेश कुमार, फतेह सिंह उपस्थित रहे। निखिल कुमार बघेल ने स्कूली शिक्षा सैनिक स्कूल सुजानपुर तीरा हिमाचल प्रदेश एवं बीएससी आगरा यूनिवर्सिटी से उत्तीर्ण की है। इनके छोटे भाई अखिल कुमार बघेल का चयन भी एनडीए में हो चुका हैं और वह अभी पूना से ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे हैं।

## वसंत उत्सव पुष्प प्रदर्शनी में रंग बिरंगे फूलों से सजा गांधी बाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिम उत्तर प्रदेश सब एरिया हॉर्टिकल्चर ऑर्गेनाइजेशन व मेरठ कैंट बोर्ड की ओर से रविवार को ऐतिहासिक गांधी बाग में वसंत उत्सव पुष्प प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में पुष्पकृषि के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण व इको- प्रिजर्वेशन के लिए प्रेरित करना रहा। इस प्रदर्शनी की खास बात यह रही कि इसमें सेना के साथ-साथ आम नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उद्घाटन से पहले निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के पौधों और सजावट का मूल्यांकन कर उनकी रैंकिंग तय की।

### कई श्रेणियों के 61 सेक्शन में हुई प्रतियोगिताएं

प्रदर्शनी में 7 अलग-अलग श्रेणियों के अंतर्गत कुल 61 सेक्शन रखे गए। श्रेणी 2 से 7 की प्रतियोगिताएं 8 मार्च को गांधी बाग में आयोजित हुईं। इनमें बाहरमासी, पत्तेदार और सजावटी पौधों की प्रदर्शनी के साथ गमलों में वार्षिक फूलों की एग्जिबिशन भी शामिल रही। लेडीज क्लब और अन्य प्रतिभागियों के लिए फ्लावर डिस्प्ले की अलग-अलग क्लास रखी गईं। वहीं, मालियों के लिए भी अलग वर्ग बनाया गया, ताकि सालभर की उनकी मेहनत को मंच मिल सके। यहां अलग-अलग श्रेणियों के फूल और सुंदर बोनसाई देखने को मिल रहे हैं। कार्यक्रम के आयोजको ने कहा कि यह आयोजन लोगों को अपने घरों में पौधे लगाने और प्रकृति से जुड़ने के लिए प्रेरित करता है। साथ ही इससे यह भी जानकारी मिलती है कि किस मौसम में कौन-से फूल लगाए जा सकते हैं।







# महिला दिवस पर पुलिसकर्मियों ने निकाली रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर रविवार को यह विशेष रैली आयोजित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देना था, जो शासन के षमिशन शक्तिष अभियान के अनुरूप था।

रैली का नेतृत्व अपर पुलिस उपायुक्त नोएडा मनीषा सिंह ने किया। इसका शुभारंभ नोएडा स्टेडियम के गेट नंबर-04 से हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुलिस अधिकारियों और कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला पुलिसकर्मी स्कूटी चलाती हुई और पैदल मार्च करती हुई विभिन्न मार्गों से गुजरीं और निर्धारित स्थल पर रैली का समापन हुआ।




रैली के जरिए समाज में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा, आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और समान अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश प्रसारित किया गया। आम जनता को यह भी बताया गया कि नोएडा पुलिस महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस कार्यक्रम के दौरान, आमजन को महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया। इनमें डायल-112, महिला हेल्पलाइन-1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, साइबर हेल्पलाइन-1930, आपातकालीन सेवा-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 और वन स्टॉप सेंटर-181 शामिल हैं। महिलाओं और बालिकाओं को किसी भी समस्या में बिना झिझक पुलिस सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित यह रैली मिशन शक्ति के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और नारी शक्ति के सम्मान तथा महिलाओं की सुरक्षा के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई। महिला पुलिसकर्मियों ने इसमें पूरे उत्साह और समर्पण के साथ भाग लेकर समाज को एक सशक्त संदेश दिया।

# नोएडा के प्रतीक स्टाइलोम पर एनजीटी का एक्शन

■ **भूजल दोहन पर 1 करोड़ का जुर्माना, ब्याज सहित वसूली का आदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-45 स्थित प्रतीक बिल्डटेक की स्टाइलोम परियोजना में लगा एक करोड़ रुपये का भूजल दोहन को लेकर जुर्माना ब्याज समेत वसूली के लिए एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) जिलाधिकारी को आदेश जारी किए हैं। परियोजना में निर्माण के दौरान भूजल का उपयोग किया गया था। एनजीटी द्वारा आठ वर्ष पूर्व लगाए जुर्माने की वसूली नहीं हो सकी थी। बता दें प्रतीक स्टाइलोम सोसायटी में 14.50 लाख फुट सुपर एरिया क्षेत्र में निर्माण कार्य वर्ष 2011 में शुरू हुआ।

ग्रीन बिल्डिंग नियम के तहत भूजल दोहन पर रोक है। निर्माण कार्य में एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) के पानी या प्राधिकरण के एसटीपी से लेकर उपयोग करना होता है। इस परियोजना में भूजल का उपयोग हो रहा था।

**सीपीसीबी नहीं वसूल सका जुर्माना:** मामले की शिकायत एनजीटी में पहुंची। बिल्डर ने कुल 13300 किलोलीटर पानी प्राधिकरण के सेक्टर-54 स्थित एसटीपी से खरीदकर उपयोग में लेने की बात सामने आई। बिल्डर ने बोरवेल फरवरी 2012 में हटाने की बात कही। इस मामले में एनजीटी में सुनवाई हुई। एनजीटी ने वर्ष 2018 में प्रतीक बिल्डटेक प्रा. लि. पर एक करोड़ का जुर्माना कर वसूली के लिए सीपीसीबी (केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) को आदेशित किया। सीपीसीबी की ओर से इस जुर्माने की वसूली नहीं हो सकी। एनजीटी में शिकायतकर्ता की ओर से निष्पादन प्रार्थना पत्र दिया गया। एनजीटी ने मामले में सुनवाई की। आठ वर्ष पूर्व लगाए एक करोड़ रुप्पये के जुर्माने की ब्याज समेत वसूली कर सीपीसीबी के खाते में जमा कराने के लिए एनजीटी ने जिलाधिकारी को आदेशित किया है।

**2012 से रह रहे हैं परिवार:** प्रतीक स्टाइलोम सोसायटी में वर्ष 2012 में करीब 190 परिवार रहते थे। बिल्डर की ओर से इस समय भी निर्माण कार्य बताया गया। नियम के मुताबिक दो किलोलीटर प्रति वर्ग फीट पानी निर्माण कार्य के दौरान आवश्यकता होती है। स्टाइलोम में इन सभी नियमों का पालन नहीं किया गया।

# टूटी सड़के और सीवर सुरक्षा के भी नहीं है इंतजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ओमिक्रॉन-2 सेक्टर पिछले करीब 15 वर्षों से मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। सेक्टर के निवासी लगातार मूलभूत समस्याओं को लेकर आवाज उठा रहे हैं। आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद प्राधिकरण की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। सेक्टर में टूटी बाउंड्री वॉल, जर्जर सड़कें, खराब सीवर व्यवस्था, गंदा पानी, पार्कों की बदहाली और सुरक्षा की कमी जैसी समस्याएं लोगों के लिए परेशानी की वजह बनी हुई हैं।

निवासी प्रमोद प्रधान का कहना है कि सेक्टर की बाउंड्री वॉल कई जगह से टूटी हुई है। इसकी मरम्मत के लिए कई बार प्राधिकरण के अधिकारियों को पत्र लिखे गए लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। बाउंड्री वॉल टूटी होने चोरी समेत अन्य अवांछित गतिविधियों का खतरा बना रहता है। निवासी एनएस नेगी ने बताया कि सेक्टर में सीवर की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। बरसात से पहले सीवर और नालियों की सफाई नहीं होने के कारण बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति बन जाती है। वहीं निवासी राजकमल का कहना है कि सेक्टर में हाईमास्ट लाइट लगाने की घोषणा तो की गई थी जो आज तक नहीं लगी। स्ट्रीट लाइट भी सुबह जल्दी बंद हो जाती है। जिससे सुबह के समय लोगों को अंधेरे में ही आनाजाना पड़ता है। निवासी अभय कुमार के अनुसार सेक्टर की नालियां और पानी की पाइपलाइन पुरानी और कई जगह से टूटी हुई हैं। इसके कारण घरों में गंदा पानी पहुंच रहा है।

# गंदगी मिलने पर डेढ़ लाख का जुर्माना लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक ने शनिवार को सेक्टर-94, 124, 125, 126, 127, 128 समेत कई स्थानों का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था देखी। कुछ जगह कमियां मिलने पर दो एजेंसी पर डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना लगाया। महाप्रबंधक ने संबंधित सेक्टरों में मुख्य नालों, नालियों और सड़कों का निरीक्षण किया। इस दौरान सेक्टर-126 डंपर बाजार के सामने सफाई की खराब स्थिति मिली। यहां पर जगह-जगह कूड़ा पड़ा हुआ था। नाले-नालियों में सिल्ट जमा थी। बाकी जगह सुबह साढ़े दस बजे तक मुख्य मार्गों पर झाड़ू और मैकेनिकल सफाई नहीं की गई थी।




इससे सड़कों पर पत्ते और कूड़े के ढेर लगे थे। सेक्टर-127, 128 में फुटपाथों पर जंगली घास अधिक मात्रा में उगी थी। अधिकारियों ने बताया कि सड़कों और फुटपाथ की सफाई में लापरवाही बरतने पर मैसर्स न्यू मॉडर्न इंटरप्राइजेज पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। नाले-नालियों की सफाई में लाप. रवाही मिलने पर मैसर्स वर्मा इंटरप्राइजेज पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

दोनों एजेंसियों को जुर्माने के साथ चेतावनी भी दी गई कि अगर दोबारा से काम में गड़बड़ी मिली तो अनुबंध समाप्त कर दिया जाएगा।महाप्रबंधक का कहना है कि शहर को स्वच्छ रखना प्राधिकरण की प्राथमिकता है। उन्होंने वरिष्ठ प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वह रोजाना अपने क्षेत्र में जाकर सिविल के साथ-साथ सफाई व्यवस्था का भी जायजा लें। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने प्राधिकरण के नए सीईओ कृष्णा करुणेश ने जनस्वास्थ्य विभाग को समाप्त करते हुए इसका सिविल विभाग में विलय कर दिया था। ऐसे में सिविल विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक ही जनस्वास्थ्य विभाग से जुड़े साफ-सफाई का काम देख रहे हैं।

## एक नजर

### मेट्रो की मांग को लेकर दो चरणों में प्रदर्शन करेंगे निवासी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेनो वेस्ट के निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मेट्रो कनेक्टिविटी की मांग को लेकर सामाजिक संगठन नेफोवा ने रविवार को बैठक का आयोजन किया। बैठक में 15 मार्च को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित प्रदर्शन की योजना पर चर्चा हुई। बैठक में शामिल अधिकांश सदस्यों ने सुझाव दिया कि मार्च माह तक प्रतीक्षा की जाए। यदि इस महीने मेट्रो परियोजना को लेकर कोई ठोस प्रगति जैसे शिलान्यास या स्पष्ट समय-सारिणी नहीं होती, तो संगठन 5 अप्रैल को नोएडा में एक अनोखा और प्रतीकात्मक प्रदर्शन आयोजित करेगा।

नेफोवा के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने सुझाव दिया कि इस अनोखे प्रदर्शन में ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ओर आने वाली मेट्रो लाइन के नोएडा सेक्टर 52 के अंतिम पिलर पर रस्सी बांधकर उसे खींचने का प्रयास किया जाएगा। इसके बाद प्रदर्शन का अगला चरण 19 अप्रैल को दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन होगा, जहां निवासी अपनी मांग को और अधिक प्रभावी ढंग से केंद्र सरकार के समक्ष रखेंगे तथा मेट्रो की आवश्यकता पर आवाज बुलंद करेंगे। बैठक में शामिल सभी सदस्यों ने इन प्रस्तावों पर पूर्ण सहमति व्यक्त की।

### दहेज प्रताड़ना मामले में पति समेत पांच को नहीं मिली अग्रिम जमानत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दहेज प्रताड़ना और मारपीट के आरोपों से जुड़े एक मामले में अदालत ने पति सहित पांच आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। मामला थाना ईकोटेक-1 क्षेत्र से संबंधित है। वादी रवि ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसने अपनी पुत्री साक्षी की शादी योगेंद्र नागर के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति योगेंद्र नागर, ससुर सुनील नागर, सास सरोज, देवर पवन और ननद सोनिका दहेज से संतुष्ट नहीं थे। मार्च 2024 में जब पीड़िता गर्भवती थी। तब आरोपियों ने जबरन गर्भपात कराने के लिए दवा खिलाने का प्रयास किया। पीड़िता ने ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में पुत्र को जन्म दिया, लेकिन ससुराल पक्ष ने 50 लाख रुपये की मांग पूरी होने तक उसे और बच्चे को अपने साथ रखने से इनकार कर दिया। आरोप है कि नवंबर 2025 में पति और अन्य परिजनों ने उसके साथ दो दिन तक मारपीट की। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपियों को अग्रिम जमानत देने से मना कर दिया।

### इंस्टाग्राम की फर्जी आईडी से बुलाकर युवक पर किया हमला

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नॉलेज पार्क कोतवाली क्षेत्र में सोशल मीडिया के जरिए बुलाकर एक युवक के साथ मारपीट की गई। पीड़ित के पिता ने तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सलारपुर खादर निवासी रामधन भाटी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा सौरभ भाटी के पास 7 मार्च 2026 को एक अज्ञात इंस्टाग्राम आईडी से कॉल और मैसेज आया। उस आईडी पर उसके एक दोस्त की फोटो लगी हुई थी, जिससे सौरभ को शक नहीं हुआ। कॉल करने वाले ने उसे ग्रेटर नोएडा स्थित शारदा अस्पताल के पास मिलने के लिए बुलाया। सौरभ जैसे ही तय स्थान पर पहुंचा, वहां पहले से मौजूद कुछ युवकों ने उसे घेर लिया। आरोप है कि नकुल नागर पुत्र अजयपाल अमीन, ऋतिक नागर पुत्र अजयपाल अमीन, दीपक नागर व नेहुल नागर पुत्रगण प्रेम सिंह नागर तथा गौरव प्रजापति उर्फ गौरव टाइगर समेत पांच-सात अन्य लोगों ने सौरभ के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। घटना के बाद घायल युवक को परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं कोतवाली प्रभारी सर्वेश सिंह का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

### पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार हुए आरोपी को मिली जमानत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** थाना सूरजपुर पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट ने सशर्त जमानत देते हुए रिहाई के आदेश दिए हैं। अभियोजन के अनुसार 14 जुलाई 2025 की रात पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान रेलवे लाइन के किनारे कच्चे रास्ते पर पुलिस की तीन संदिग्ध युवकों से मुठभेड़ हो गई। आरोपियों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी थी। जिसमें पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। मुठभेड़ के दौरान तीनों आरोपी घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की तलाशी लेने पर तीन तमंचे, तीन खोखा कारतूस, तीन जिंदा कारतूस, 13,500 रुपये नकद और बिना नंबर की बाइक बरामद हुई थी। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी और लूट की घटनाओं में संलिप्त होने की बात भी बताई थी। वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अदालत में दलील दी कि सहआरोपी मोनू को पहले ही सत्र न्यायालय से जमानत मिल चुकी है।

# 22-डी सोसाइटी में सड़क निर्माण शुरू

**यमुना सिटी।** 22-डी सोसाइटी में सड़क निर्माण शुरू हो गया। लोगों की लगातार मांग के बाद अंदर-बाहर दोनों जगहों की सड़क बनाई जा रही है। आगामी कुछ महीनों में लोगों को समस्या से राहत मिलेगी। सेक्टर 22-डी वेल्फेयर एसोसिएशन के संस्थापक किशोर ने बताया कि टूटी सड़क के कारण आने-जाने वालों को परेशानी होती थी। वहीं धूल-मिट्टी भी उड़ती थी। बारिश के दिनों में हालात और भी खराब हो जाते थे। बाहर की तरफ हाई राइस से वन विभाग तक की सड़क भी बनवाई जाएगी।

**अंतिम चरण में पहुंचा गेट की मरम्मत का काम:** सेक्टर 22-डी सोसाइटी का मुख्य गेट भी पूरी तरह जर्जर हो गया था। सेक्टर 22-डी वेल्फेयर एसोसिएशन ने इसके निर्माण की भी मांग उठाई थी। प्राधिकरण ने बीते दिनों गेट के मरम्मत का काम शुरू कराया था।

# डिवाइडर पर रिफ्लेक्टिंग टेप न लगने से हादसे का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के कासना कस्बे में मुख्य मार्ग पर बने डिवाइडर पर रिफ्लेक्टिंग लाइट व टेप नहीं लगाया गया है। यहां कुछ हिस्से में अंधेरा भी रहता है। इससे हादसा होने का डर बना रहता है। थोड़ी सी चूक होने पर वाहन डिवाइडर से टकरा सकता है। ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर, परी चौक व कासना होते हुए दनकौर-सिकंद्राबाद मार्ग को जोड़ने वाली इस सड़क पर सुबह से लेकर रात तक ट्रैफिक का दबाव रहता है। हर रोज करीब एक लाख वाहन गुजरते हैं। कासना में करीब 500 मीटर की दूरी में बने ऊंचे डिवाइडर पर सुरक्षा की दृष्टि से रिफ्लेक्टिंग लाइट व टेप नहीं लगाया गया है।

डिवाइडर पर काले व पीले रंग की पुताई भी धूमिल हो गई है। यह काम रात के अंधेरे या कम रोशनी में दृश्यता बढ़ाने के लिए की जाती है।शुक्रवार रात ग्रेटर नोएडा निवासी संदीप अपने कुछ दोस्तों के साथ घंघौला जा रहे थे। कासना में पीछे से आ रहे एक वाहन को साइट देते हुए उनकी कार डिवाइडर से टकराने से बच गई। सड़क पर अंधेरा होने की वजह से डिवाइडर नहीं दिख रहा था। लोगों ने प्राधिकरण से प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ डिवाइडर पर रिफ्लेक्टिंग लाइट व टेप लगाए जाने की मांग की है।कासना में मुख्य सड़क पर यूटर्न बनाने के साथ फुटपाथ को दुरुस्त किए जाने की योजना पर काम चल रहा है।

# दो केंद्रों पर होगा यूपी बोर्ड की तीन लाख कॉपियों का मूल्यांकन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** यूपी बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से जनपद के दो केंद्रों पर शुरू होगा। सेक्टर-12 स्थित जीजीआईसी और बादलपुर के कुमारी मायावती राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में इंटर-हाईस्कूल की करीब तीन लाख कॉपियां जांची जाएंगी। एक अप्रैल तक मूल्यांकन प्रक्रिया चलेगी। इसे पारदर्शी बनाए रखने के लिए परिषद ने सख्त निर्देश दिए हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक राज. ेश कुमार सिंह ने बताया कि किसी भी स्तर पर मौखिक, लिखित, डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उत्तर पुस्तिका अथवा मूल्यांकन से संबंधित किसी भी सूचना को साझा करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। गोप. नीयता भंग होने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मूल्यांकन खत्म होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को परिषद के क्षेत्रीय कार्यालयों तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक ट्रक के साथ दो सशस्त्र पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे।

**जनपद में एक पर्यवेक्षक होगा नियुक्त:** मूल्यांकन की निगरानी के लिए जिले में एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाएगा। दोनों केंद्रों पर करीब 400 से अधिक शिक्षक उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करेंगे। हर मूल्यांकन केंद्र पर जिलाधिकारी स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि मूल्यांकन का काम सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराया जाएगा।

इसकी कनेक्टिविटी जनपद तथा राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम से होगी। इस काम को करने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों को मोबा. इल फोन या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मूल्यांकन कक्ष में ले जाने की अनुमति नहीं होगी। संबंधित जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) द्वारा शिक्षकों को परिचय पत्र भी जारी किए जाएंगे।

# यूजीसी नियमों के विरोध में करणी सेना के अध्यक्ष नजरबंद

■ **सरकार को भेजा 10 सूत्रीय मांग पत्र**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों के विरोध पर रविवार सुबह करणी सेना के नोएडा महानगर अध्यक्ष समेत अन्य को पुलिस ने सेक्टर-53 स्थित गिझौड़ में उनके घर पर नजर बंद कर लिया। संगठन ने केंद्र सरकार को दस सूत्रीय मांगों का पत्र भेजा है। महानगर अध्यक्ष ठाकुर संग्राम सिंह चौहान ने कहा कि यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ करणी सेना ने दिल्ली में विरोध कर आर-पार लड़ाई का ऐलान किया था। नियम सवर्ण समाज के छात्रों के लिए घातक हैं। युवाओं को अपराध की ओर धकेलने की साजिश हो रही है।



मांग की कि यूजीसी रेग. ुलेशन-2026 को असंवैधानिक होने पर पूर्णत्य रोलबैक किया जाए। सामान्य-अनारक्षित वर्ग को संवैधानिक व विधिक संरक्षण मिले। गजट अधिसूचना की सभी परिभाषाएं स्पष्ट, वस्तुनिष्ठ व गैर-मनमानी बनाई जाएं। इक्विटी समितियों में संतुलित, निष्पक्ष व समावेशी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो। झूठी व दुर्भावनापूर्ण शिकायतों पर कठोर दंडात्मक प्रावधान जोड़े जाएं।

नई समीक्षा समिति में संगठन या समुदाय के प्रतिनिधि भी शामिल हो। सामाजिक समरसता व राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाले नियम बनाएं। असंवैधानिक गजट के निर्माण में जिम्मेदार व्यक्तियों की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई हो। एंटी-रैगिंग एक्ट को पुन: लागू किया जाए।

विश्वविद्यालय प्रशासन की जवाबदेही तय कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने मांगे नहीं मानने पर सरकार को आंदोलन तेज होने की चेतावनी दी।

# एयरपोर्ट की आहट से क्षेत्र में विकास की उम्मीदें तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा अंत. रराष्ट्रीय एयरपोर्ट की आहट के साथ ही आसपास के इलाकों में विकास की उम्मीदें तेज हो गई हैं। स्थानीय लोगों व विशेषज्ञों का मानना है कि एयरपोर्ट के निर्माण से न केवल रोजगार बढ़ेंगे, बल्कि क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं का भी तेजी से विकास होगा। लोगों को उम्मीद है कि आने वाले समय में यमुना सिटी में बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे लोगों को दूसरे शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। फिलहाल यमुना सिटी के आसपास के क्षेत्रों में उच्च शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में अभी तक उच्च स्तर के विश्वविद्यालय, कॉलेज और बड़े अस्पतालों की कमी है। इसके चलते यहां के छात्रों को अच्छी पढ़ाई के लिए दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद, गुरुग्राम व अन्य कई बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। वही गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए भी लोगों को इन्हीं शहरों के बड़े अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि एयरपोर्ट बनने के बाद इस क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी और निजी संस्थान शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में आगे आ सकते हैं। यदि सरकार और निजी क्षेत्र मिलकर योजनाबद्ध तरीके से काम करें, तो यमुना सिटी को एक आधुनिक शैक्षिक और चिकित्सा केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है।

# डयूटी करके घर लौट रहे युवक को पीटा

**यमुना सिटी।** जेवर थाना क्षेत्र में युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। गांव साबौता निवासी अमन शर्मा ने बताया कि वह एयरपोर्ट के पास काम करता है। 6 मार्च की शाम को वह डयूटी के बाद गांव की ओर वापस लौट रहा था। रास्ते में गांव के ही रहने वाले दुष्यंत पुत्र संतोष ने उसे अपने तीन-चार अज्ञात दोस्तों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से मारपीट की। शोर-शराबा सुनकर जब आसपास के लोग वहां पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गये। युवक ने बताया कि एक सप्ताह पहले 3 मार्च को भी आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की थी। जेवर थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# ग्रेनो वेस्ट में मई से निर्बाध बिजली आपूर्ति की उम्मीद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के जलपुरा गांव में 400 केवी की क्षमता का बिजली उपकेंद्र बनाया गया है। यह उपकेंद्र लगभग बनकर तैयार हो चुका है। उम्मीद हैं कि मई या जून तक लाइन चालू करके उपकेंद्र को शुरू कर दिया जाएगा। इससे आसपास के तमाम सेक्टर और सोसाइटी के लोगों को लाभ मिलेगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बढ़ती बिजली की मांग को देते हुए विद्युत निगम द्वारा बिजली ढांचे का विकास और उपकेंद्रों की संख्या बढ़ाई जा रही है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के जलपुरा गांव के पास विद्युत निगम द्वारा 400 केवी का बिजली उपकेंद्र बनाया जा रहा है।

इसके साथ ही 400 एंपीयर क्षमता की लाइन भी बनाई जा रही है। यह लाइन खुर्जा से जलपुरा के बिजली उपकेंद्र तक बनाई जानी है।अधिकारियों के अनुसार वर्ष 2024 से इस उपकेंद्र और लाइन को बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस लाइन और उपकेंद्र का कार्य टाटा कंपनी द्वारा किया जा रहा है। करीब 400 करोड़ रुपये की लागत से उपकेंद्र और लाइन को बनाने का कार्य किया जा रहा है। विद्युत निगम के ट्रांसमिशन विभाग के अधीक्षण अभियंता विनय त्रिपाठी ने बताया कि उपकेंद्र लगभग बनकर तैयार हो चुका है। अभी इसकी लाइन का कार्य शेष है। इस उपकेंद्र की लाइन का कार्य शेष होने की वजह से उपकेंद्र को शुरू नहीं किया जा सका है। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार गर्मियों के पीक में बिजली उपकेंद्र शुरू हो जाएगा। इससे आसपास के सेंक्टर, सोसाइटी और गांव के लोगों को निर्बाध आपूर्ति मिल सकेगी। गर्मी में बिजली की मांग बढ़ने पर भी उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति दी जा सकेगी। इसके साथ ही लोगों को बिजली के कम वोल्टेज की समस्या से भी राहत मिलेगी।करीब 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुकाविद्युत निगम के ट्रांसमिशन विभाग के अधीक्षण अभियंता विनय त्रिपाठी ने बताया कि खुर्जा से बिजली उपकेंद्र की दूरी 50 से 60 किलोमीटर है। इसमें 80 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य को जल्द ही प्राधिकरण और जिला प्रशासन के सहयोग से पूरा किया जाएगा।



शेष कार्य में किसानों का विवाद होने की वजह से पूरे नहीं हो सकता है। उम्मीद है कि किसानों के मामले का निस्तारण करके बिजली लाइन का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।बिजली लाइन का 80 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। लाइन के कुछ खंभों का कार्य किसानों के भूमि विवादों के चलते पूरे नहीं हो पा रहे हैं। उम्मीद है कि जल्द भूमि विवादों का निस्तारण हो जाएगा और शेष कार्य भी जल्द पूरे हो जाएंगे।

# शादियों के लिए बैंक्वेट हॉल बैंड के लिए बुकिंग बढ़ीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** होली के बाद सोमवार से शादी-विवाह का सीजन फिर से शुरू होने जा रहा हैं। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार मार्च से जून तक 28 शुभ मुहूर्त हैं। इन तिथियों के चलते शहर के बैंक्वेट हॉल, होटल, कैटरिंग, बैंड-बाजा आदि की बुकिंग बढ़ने लगी हैं। ज्योतिष सुनील शुक्ला ने बताया कि मार्च महीनें में 9,10, 11 और 12 मार्च शुभ मुहुर्त हैं। अप्रैल में 15, 20, 21, 25, 26, 27, 28, और 29 अप्रैल को शादियों के लिए अनुकूल तिथियां बताई गई हैं। इसके अलावा मई में 1, 3, 5, 6, 7, 8, 13 और 14 मई को भी शुभ योग बन रहे हैं। जून महीनें में 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27 और 29 जून को भी शुभ विवाह के लिए अच्छे मुहूर्त रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार शादियों के लिए कुल 28 शुभ मुहूर्त उपलब्ध हैं। इन तिथियों को लेकर शहर में शादी की तैयारियां तेज हो गई हैं। शादी के सीजन के साथ वस्त्र बाजार में भी ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने लगी है।ज्योतिषाचार्य आदित्य द्विवेदी का कहना हैं कि जून के अंत तक विवाहों का दौर जारी रहेगा, इसके बाद आषाढ़ माह से चातुर्मास शुरू होने के कारण कुछ समय के लिए मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# चोरों ने तीन घरों को निशाना बना दिया चोरी की घटना को अंजाम

## मकानों से सोने-चांदी के जेवरात चोरी, सीसीटीवी में कैद हुए संदिग्ध लोग, पुलिस जांच में जुटी







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शनिवार रात दोझा गांव में चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाकर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर लाखों रुपये के जेवरात लेकर फरार हो गए। इस दौरान एक ग्रामीण ने चोरों को रोकने की कोशिश की तो उन्होंने उस पर फायरिंग कर दी। हालांकि ग्रामीण बाल-बाल बच गया। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

चोरों ने गुलजार मिस्त्री, समसु और गुल्लू के घरों को निशाना बनाया। गुलजार पुत्र हनीफ के मकान में चोर दीवार फांदकर अंदर घुसे और कमरों में सो रहे परिवार के सदस्यों को बाहर से कुंडी लगाकर बंद कर दिया। इसके बाद घर में रखे कीमती सामान को खंगाल लिया। पीड़ित गुलजार ने बताया कि बेटे की शादी के लिए बनवाए गए जेवरात चोरी हो गए। इनमें करीब दो तोले सोने के जेवरात और एक किलो चांदी के आभूषण शामिल हैं। उन्होने यह भी बताया कि घर में तीन महीनें बाद शादी भी होनी है। गांव के ही गुल्लू उर्फ गुलबाहर और उसके भाई समसु के मकान पर ताला लगा था, क्योंकि वे बाहर रिश्ते दारी में गए हुए थे। चोरों ने मकान का ताला तोड़कर अंदर रखी अलमारी से सामान बिखेर दिया। गुलबाहर के लौटने के बाद ही चोरी हुए सामान का सही आकलन हो सकेगा। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें मुंह लपेटे चार संदिग्ध आते-जाते दिखाई दिए हैं। बिनौली इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# रटौल बस स्टैंड पर लगा जाम लोग हुए परेशान



**रटौल।** रटौल-बंधला मार्ग पर बस स्टैंड पर दो कार सवार युवक कार को खड़ी करके मार्केट में चले गये जिससे वहा बीस मिनट तक जाम की स्थिति बनी रही युवकों के आने पर जाम खुल पाया।

रटौल बंधला मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बनी रहती है, जिस के चलते रविवार दोपहर दो कार चालक सड़क किनारे कार खड़ी कर मार्केट में चले गये जिससे वहा जाम की स्थिति बनी रही लगभग बीस मिनट तक जाम लगा रहा कार चालको के आने के बाद जाम खुल पाया हालकि लोगो ने पुलिस को भी इसकी सूचना दी।

# शिक्षाविद चौ.उमेश शर्मा को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** शिक्षाक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिये खेकड़ा के शिक्षाविद चौधरी उमेश शर्मा को पिलखुवा स्थित अर्वाचीन इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित एक समारोह में अर्वाचीन ग्रुप के चैयरमैन अनुरुप शर्मा, अरुण शर्मा ने शाल, स्मृति चिन्ह,पौधा, भेंटकर सम्मानित किया। अर्वाचीन ग्रुप के चौयरमेन अनुरूप शर्मा ने कहा कि शिक्षाविद चौधरी उमेश शर्मा ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रचार- प्रसार में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं उनके कार्यों को देखते हुए समिति द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

यहां बताते चलें कि चौधरी उमेश शर्मा द्वारा जनपद बागपत में अर्वाचीन इंटर कॉलेज खेकड़ा, अर्वाचीन किड्स टेंपल लहचौड़ा में संस्थाएं स्थापित है, जहां बहुत ही कम शुल्क में छात्र-छात्राओं को आधुनिक शिक्षा प्रणाली के द्वारा शिक्षा प्रदान की जाती है। इसके लिए बागपत जनपद के पूर्व जिलाधिकारी डा. राजकमल यादव ने भी उन्हें सम्मानित किया था। चौधरी उमेश शर्मा को मिले सम्मान पर नगर के अशोक कौशिक, राजीव गौड़, श्रृधानंद पांचाल, योगेश शर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त किया और उनके आवास पर पहुंचकर बधाई दी।



# पुलिस ने चार पशु तस्करों को पकड़ा, 25 पशु बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस ने ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के रास्ते हो रही पशु तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में चार पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से तीन वाहन तथा 25 पशु बरामद किए हैं। ये पशु क्रूरतापूर्वक वाहनों में भरकर बागपत से दिल्ली ले जाए जा रहे थे।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान आरिफ पुत्र मोमिन, कल्लू शहजाद पुत्र खलील, अरबाज पुत्र इनाम और नौशाद पुत्र शौकत के रूप में हुई है। ये सभी बागपत कस्बे के निवासी हैं। पुलिस ने इनके पास से दो बोलेरो पिकअप गाड़ी और एक कैंटर के साथ 25 पशु बरामद किए हैं। सीओ विजय चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे का उपयोग पशु तस्करी के लिए किया जा रहा था। उन्होंने स्पष्ट किया कि पशु क्रूरता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमों के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान इन चार पशु तस्करों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से तीन गाड़ियां और 25 पशु बरामद हुए हैं, और मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।



## एक नजर

### युवक दुबई से दिल्ली के लिए रवाना बताइए आप बीती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** इजरायल और अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद खाड़ी देशो मे काम करने वाले भारतीय को परेशानी उठानी पड़ रही है। इजरायल और अमेरिका ने ईरान फर हमला बोलने के बाद खाड़ी देशों मे हाल बुरा है रटौल से 10 लोग खड़ी देशों में फंसे हैं जो वहां नौकरी करते हैं। रटौल निवासी दानिश ने बताया कि वह दुबई से बस द्वारा ओमान पहुंचा है जहां से फ्लाइट लेकर वह दिल्ली आयेगा उसने बताया की खाड़ी देशों के हालात ठीक नहीं है। रटौल से परिजन अपने लोगो ने मोबाइल फोन पर लगातार जानकारी ले रहे है।

### देशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्रतार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पुलिस नें ढिकोली गांव से एक शराब तस्कर को 45 पव्वें देशी शराब के साथ पकड़ा है जिसके खिलाफ कानूनी कारवाही की जा रही है। अपराधों की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत चांदनिगर पुलिस नें एक शराब तस्कर को ढिकोली गांव से गिरफ्तार किया है जिसके पास से 45 पव्वें देशी शराब बरामद किये गये है पकड़ा गया व्यक्ति ढिकोली निवासी पूनम उर्फ पप्पू पुत्र बलजोर को पुलिस थानें ले आयी है जिसके खिलाफ मुकदमा कायम किया जा रहा है। थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया की आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

### भैंसा चोरी मामले में 4 युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** पुलिस ने भैंसा चोरी के एक मामले का सफल खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया एक कटरा (भैंसा) भी बरामद किया है। यह घटना बागपत जिले के खेकड़ा थाना क्षेत्र में हुई। यह मामला 7 मार्च 2026 को सामने आया था, जब कस्बा रटौल निवासी इकराम पुत्र इस्लामु ने खेकड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि अज्ञात चोर उनके घर से भैंसा चोरी कर ले गए थे। इस शिकायत के आधार पर थाना खेकड़ा में मुकदमा बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए खेकड़ा पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। साक्ष्य जुटाने और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस ने चार संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद, पुलिस ने चोरी किया गया भैंसा भी बरामद कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अली पुत्र अनवार, अतर पुत्र हकीकत, भूरा ऊं सलीम पुत्र नन्हे और शाहरुख पुत्र जब्बार के रूप में हुई है। ये सभी कस्बा रटौल, थाना खेकड़ा, जनपद बागपत के निवासी हैं। पुलिस उनसे आगे की पूछताछ कर रही है और मामले की विस्तृत जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि बरामदगी और प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर मामले में बीएनएस की बढ़ोतरी भी की गई है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान अधिकार और सशक्तिकरण का प्रतीक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपरौली में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना तथा उनके उत्कृष्ट कार्यों को सम्मानित करना रहा। इस दौरान आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट एवं समर्पित कार्य करने वाली महिलाओं को उनके असाधारण योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिकित्सा अधीक्षक डा.अभिषेक ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और मेहनत से नई पहचान बना रही हैं। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत महिलाएं भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा मिल रही है और इसमें महिला कर्मचारियों का योगदान अत्यंत सराहनीय है। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा.राजकमल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है, जिससे समाज को भी सकारात्मक दिशा मिल रही है। उन्होंने सभी महिलाओं को इस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने भी महिलाओं के समर्पण, मेहनत और सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं के योगदान के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। इस अवसर पर महिलाओं को सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की गई, जिससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिल सके। इस अवसर पर वीरेन्द्र, अमिता चौधरी सहित स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित लोगों द्वारा महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा के संकल्प के साथ किया गया।

# एक स्त्री अकेली ही काफी है घर को स्वर्ग बनाने के लिए: रेनू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के मदर मेरी स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बोलते हुए स्कूल की प्रधानाचार्य रेनू शर्मा ने कहा कि हजारो फूल चाहिए एक माला बनाने के लिए हजारों दीपक चाहिए एक आरती सजाने के लिए हजारों बूंद चाहिए समुद्र बनने के लिए पर एक स्त्री अकेली ही काफी है घर को स्वर्ग बनाने के लिए। उन्होंने कहा आज समाज में महिलाएं अपने घर को चलाने के लिए अपनी जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रही है। समाज दुनिया में एक ऐसा समाज होता है जिसमें महिलाओं की रसोई में अहम भूमिका होती है। देश का भविष्य महिलाओं से होकर गुजरता है। मगर आज के आधुनिक युग में महिलाओं पर लगातार अत्याचार हो रहे है। हम सब महिलाओं को अपनी आवाज बुलंद करते हुए एक जुट होकर नारी शक्ति का सम्मान बढ़ाना है। आज प्रधानाचार्य रविवार को मदर मैरी स्कूल के प्रांगण में मीडिया के सामने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रूबरू हो रही थी।



# भाजपा सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा,जमकर की नारेबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष उर्मिला सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश के अनुसार कांग्रेस की महिला प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी के आहावान पर भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जमकर नारेबाजी की गई। इस मौके पर कांग्रेस की महिलाओं ने सरकार द्वारा रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर रोष प्रकट किया गया।



इस मौके पर जिलाध्यक्ष उर्मिला सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार किसान मजदूर विरोधी सरकार है। लगातार सिलेंडर के दाम बढ़ाकर महिलाओं के साथ घोर न्याय किया जा रहा है। लगातार सिलेंडर के दाम बढ़ाकर महिलाओं की रसोई पर बोज डाला जा रहा है।

एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ाए जाने पर आज शहर के विभिन्न स्थान पर जगह-जगह महिला कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उनकी जमकर निंदा की एलपीजी सिलेंडर के बढ़ाए गए दामों को वापस लेने की भी सरकार से मांग की गई।

इस मौके पर सुमन जैन संगीता जैन आशु देवी पूनम बाल्मीकि नगर अध्यक्ष कांग्रेस बबीता सैनी जिला मंत्री बागपत जयवंती देवी राखी देवी कुसुम वाल्मीकि रेखा वाल्मीकि सत्यवती देवी आदि कांग्रेस पार्टी की कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए जाने की सरकार की निंदा की।

# जनपद में आज तक भी नहीं हुआ सप्ताहिक बाजार बंदी लागू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** बुधवार को घोषित साप्ताहिक बाजार बंदी के आदेश को प्रभावी ढंग से लागू कराने और दुकानों व प्रतिष्ठानों पर कार्यरत श्रमिकों को साप्ताहिक अवकाश दिलाने की मांग को लेकर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में श्रमिकों ने अधिकारियों को मांग पत्र सौंपा।

अध्यक्ष प्रवीन वर्मा ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक आदेशों के बावजूद बाजार में बंदी लागू नहीं हो पा रही है और मजदूरों को साप्ताहिक अवकाश से वंचित रहना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा 5 मार्च 2025 को आदेश जारी कर बुधवार को साप्ताहिक मार्किट बंदी घोषित की गई थी और 7 मार्च को मुनादी भी कराई गई थी। इसके अलावा बड़ौत श्रमिक एसोसिएशन द्वारा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को भी प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिस पर वर्ष 2023 से 2025 के बीच छह बार जनपद के अधिकारियों को पत्र लिखे गए। इसके बावजूद श्रम प्रवर्तन विभाग की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। श्रमिकों का कहना है कि बुधवार को भी बाजार आम दिनों की तरह खुला रहता है और निरीक्षण के लिए अधिकारी भी नहीं पहुंचते। इस कारण दुकानों में काम करने वाले श्रमिकों को साप्ताहिक अवकाश नहीं मिल पा रहा है। श्रमिकों ने यह भी कहा कि यदि सरकारी आदेशों की अनदेखी इसी प्रकार जारी रही तो यह शासन के निर्देशों का उल्लंघन होगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि बुधवार साप्ताहिक मार्किट बंदी को सख्ती से लागू कराया जाए ताकि श्रमिकों को उनका साप्ताहिक अवकाश मिल सके। इस मौके पर फरीद, सोनू, कार्तिक आदि मौजूद रहे।



# सीएचसी खेकड़ा में महिला दिवस पर महिला स्वास्थ्यकर्मी सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिला स्वास्थ्य कर्मियों के महत्वपूर्ण योगदान को सराहा गया और उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर, फार्मासिस्ट, एएनएम, आशा कार्यकर्ता सहित स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मचारी उपस्थित रहे। टीकाकरण, परिवार नियोजन, आयुष्मान कार्ड योजना और अन्य स्वास्थ्य अभियानों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला स्वास्थ्य कर्मियों को इस दौरान सम्मानित किया गया। डा.शाजिया, प्रियंका, एएनएम पुष्पा, एएनएम आशा राठी और आरिफा तबस्सुम सहित कई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डा.आशीष ने सभी महिला डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों और कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि महिला स्वास्थ्य कर्मी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। डा.आशीष ने आगे कहा कि टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन और विभिन्न सरकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी महिला स्वास्थ्य कर्मियों को उनके समर्पण, मेहनत और उत्कृष्ट कार्यों के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सीएचसी के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। रूपेंद्र कुमार शर्मा सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर महिला स्वास्थ्य कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला स्वास्थ्य कर्मियों के कार्यों को सम्मान प्रदान करना और समाज के समक्ष उनके अमूल्य योगदान को प्रस्तुत करना था।

# नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 10 वर्ष का कारावास और 10 हजार रुपये का लगाया अर्थदंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** न्यायालय ने नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

यह घटना वर्ष 2022 में बिनौली थाना क्षेत्र में हुई थी। आरोपी मोनू पुत्र राजवीर, जो मवीकला गांव का निवासी है, उसने 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर घर से अगवा कर लिया था। इसके बाद उसने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता के भाई की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान अपहरण के साथ दुष्कर्म की धाराएं भी जोड़ी गईं। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण भी कराया था। यह मामला वर्ष 2022 से न्यायालय में विचाराधीन था। न्यायालय ने सभी गवाहों की गवाही और प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर अपना फैसला सुनाया। आरोपी मोनू को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। एडीजीसी इंद्रपाल ने बताया कि न्यायालय ने सभी गवाहों और साक्ष्यों पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया है। आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा मिली है।

# पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्रा में उल्लेखनीय कार्य के लिए संजय राणा को मानद डॉक्टरेट से किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में दीर्घकालीन एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए एनवायरनमेंट एंड सोशल रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (एस्रो) के निदेशक तथा बड़ौत निवासी संजय राणा को सोकरेट्स सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी ट्रस्ट द्वारा मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया।



यह सम्मान समारोह विश्व युवा केंद्र, तीन मूर्ति भवन के निकट, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देश के प्रख्यात चिंतक एवं राजनेता कारण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में अंजू रंजन, उर्मिला श्रीवास्तव डा. नमिता जैन, राजकुमार, देशवीर नैन उपस्थित रहे और उन्होंने संजय राणा को यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य अतिथियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों और पर्यावरण प्रेमियों की उपस्थिति में संजय राणा के कार्यों की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर विषयों पर समाज को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है, और इस दिशा में संजय राणा का योगदान प्रेरणादायी है। संजय राणा पिछले लगभग 17 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में एस्रो संस्था द्वारा युवाओं और विद्यार्थियों के बीच आओ नदी को जानें, जलवायु परिवर्तन, जल- जंगल- जमीन संरक्षण, सघन वन, स्वच्छता और पर्यावरणीय व्यवहार परिवर्तन जैसे विषयों पर निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों के माध्यम से अब तक एक लाख से अधिक युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा चुका है। इनमें भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जल प्रहरी सम्मान, जे.पी. इंटरनेशनल अवॉर्ड, जल योद्धा सम्मान सहित कई प्रतिष्ठित सम्मान शामिल हैं। संजय राणा ने इस अवसर पर कहा कि यह सम्मान उन्हें पर्यावरण संरक्षण और समाज में सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन के लिए और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में युवाओं को प्रकृति से जोड़ने और जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान को और व्यापक बनाया जाएगा। जिन्होंने इस पूरी यात्रा के दौरान कंधे से कंधा मिलाकर साथ चले है और स्वच्छ पर्यावरण की अवधारणा को जीवित बनाए हुए है।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र राहुल व पुत्रवधू मोनिका से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

शकुन्तला पत्नि स्व.कृष्णपाल निवासी ग्राम ढिकौली थाना चांदीनगर जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र रोहित से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

रमेश पुत्र सुखबीर निवासी ग्राम काठा थाना बागपत जनपद बागपत।

# हत्या कर फरार हुआ आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र में ग्राम पूठ निवासी युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस को अहम सफलता मिली है। बहादुरगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार जनपद में अपराध की रोकथाम और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बहादुरगढ़ थाना पुलिस लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम शेरपुर



की ओर जाने वाले अंडरपास के पास से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आशू पुत्र प्रेमचंद्र निवासी ग्राम आलमनगर थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी थाना बहादुरगढ़ में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 45/2026 से संबंधित मामले में वांछित चल रहा था। इस मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस जांच में सामने आया कि ग्राम पूठ निवासी विजय केवट की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना में आरोपी की संलिप्तता पाई गई थी। घटना के बाद से ही पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। रविवार को पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक अवैध 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी पुलिस ने कब्जे में ले ली। बरामद मोटरसाइकिल का रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी-14 ईए 5317 बताया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ वर्ष 2025 में भी बहादुरगढ़ थाने में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है और यदि इस घटना में अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर थाना पुलिस ने अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया है। आरोपी को ईदगाह मैदान के पास चेकिंग के दौरान पकड़ा गया।

पुलिस के अनुसार जनपद में अपराध की रोकथाम और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना हापुड़ नगर पुलिस क्षेत्र में गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने ईदगाह मैदान के पास एक संदिग्ध युवक को रोककर उसकी तलाशी ली।



तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में युवक ने अपना नाम आरिफ पुत्र आशक अली निवासी मोहल्ला मजीदपुरा थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ बताया। पुलिस ने मौके पर ही उसे गिरफ्तार कर लिया और चाकू को कब्जे में ले लिया। थाना हापुड़ नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## यूजीसी के प्रस्तावित कानून पर भड़का स्वर्ण समाज, हापुड़ से प्रतिनिधिमंडल दिल्ली रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ब्रह्म समर्पित ब्राह्मण महासभा का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को दिल्ली के लिए रवाना हुआ। प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से जुड़े कथित 'काले कानून' के विरोध में केंद्र सरकार के समक्ष अपनी आपत्तियां और मांगें रखना है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रस्तावित प्रावधान स्वर्ण समाज के हितों के विपरीत हैं, इसलिए इसे वापस लिया जाना चाहिए।

महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नानक चंद शर्मा ने कहा कि संगठन लंबे समय से इस मुद्दे को लेकर चिंतित है। उनका आरोप है कि यूजीसी की ओर से लाया जा रहा यह कानून स्वर्ण समाज के अधिकारों और अवसरों को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने इस विषय को गंभीरता से नहीं लिया तो देशभर में व्यापक स्तर पर आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महासभा शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात सरकार तक पहुंचाना चाहती है।

इसी उद्देश्य से हापुड़ सहित आसपास के क्षेत्रों से प्रतिनिधि दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं, जहां वे अपनी मांगों को मजबूती से रखेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार समाज की भावनाओं को समझते हुए इस मुद्दे पर सकारात्मक निर्णय लेगी। संगठन के अन्य पदाधिकारियों का भी कहना है कि प्रस्तावित कानून में स्वर्ण समाज के हितों की पर्याप्त अनदेखी




की गई है। इस कारण समाज के लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। उनका कहना है कि यदि सरकार ने समय रहते इस पर पुनर्विचार नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित विरोध कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करेगा। संगठन के नेताओं ने कहा कि उनका उद्देश्य समाज के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करना है और इसके लिए वे लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेंगे।

## होली आपसी भाईचारे ,समरसता का प्रतीक पर्व :उपमन्यु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** छावनी परिषद सिविल एरिया क्षेत्र का परंपरागत होली मिलन एवं हुरंगा महापर्व का आयोजन आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छावनी परिषद के पूर्व वाइस चेयरमैन एवं ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमल कान्त उपमन्यु एडवोकेट ने हुरियारियो को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया फेसबुक पर एन यू जे आई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री उपमन्यु ने कहा होली मिलन एवं हुरंगा पर्व आपसी भाईचारे और समरसता का प्रतीक है इससे समाज में भाईचारा बढ़ता है इस हुरंगा समारोह का आयोजन क्षेत्र के नगर निगम पार्षद एवं छावनी



परिषद के पूर्व सभासद चौधरी वीरेंद्र सिंह द्वारा राधा मोहन ग्रीन गार्डन में किया गया था इस अवसर पर कोर्ट पेशकार जितेंद्र शर्मा, पूर्व एकाउंटेंट हरदेव सारस्वत, वरिष्ठ पत्रकार मोहन श्याम शर्मा एडवोकेट श्री सौरव गुप्ता एडवोकेट बार एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष योगेश तिवारी श्री पी एन सिंह एडवोकेट,पूर्व सभासद छीतर सिंह, छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष दीपक चौधरी एडवोकेट,पूर्व पार्षद उमेश भारद्वाज पूर्व पार्षद विनोद भारद्वाज , ठाकुर करन सिंह एडवोकेट श्री दीपक ठाकुर एडवोकेट, कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष श्री श्याम गौतम,श्री आकाश सक्सेना एडवोकेट, सूबेदार रामप्रसाद सूबेदार ओमप्रकाश सारस्वत, श्री अर्जुन सिंह गोडसाहब सूबेदार रघुवीर नोहबार सूबेदार पतिराम ठाकुर ,पूर्व पार्षद अमरचंद कर्मा, पूर्व सेल टैक्स असिस्टेंट कमिश्नर चंद्रपाल सिंह पोनिया एडवोकेट, पूर्व प्रधान चौधरी नरेंद्र सिंह ,सूबेदार आरसी शर्मा , ठाकुर जगबीर सिंह , चौधरी गोविन्द सिंह,मान सिंह यादव,पूर्व इंस्पेक्टर हरिशचंद्र सिंह सूबेदार तेजवीर सिंह अमर सिंह आदि ने हुरियारिनों के साथ लठामार होली खेली संचालन श्रीमती राधा चौधरी एवं सूबेदार ठाकुर तेजवीर सिंह ने किया

# बिसौला गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट व पथराव में कई घायल

**■ पुलिस ने गैंगस्टर की तहरीर पर अल्पसंख्यक समुदाय के चार लोगों को भेजा जेल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** क्षेत्र के बिसौला गांव में शनिवार की देर शाम अल्पसंख्यक समुदाय व दलित समाज के लोगों के बीच मामूली कहासुनी के बाद जमकर मारपीट व पथराव हो गया जिसमें दोनों पक्षों से कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला और कार्यवाही करते हुए चार लोगों को हिरासत में ले लिया।

मिली जानकारी के अनुसार बिसौला गांव निवासी मोनू पुत्र मंगते ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ युवक उसके घर के बाहर खड़े होकर सिगरेट पी रहे थे जिस पर उसने वहां खड़े होकर सिगरेट पीने से मना किया। आरोप है कि युवकों ने मोनू के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी जिसके बाद



देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग आमने सामने आ गए और जमकर मारपीट ओर पथराव शुरू कर दिया जिसमें दोनों पक्षों से कई लोग घायल हो गए। वहीं मोनू ने आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष के लोगों ने फायरिंग भी की है। सूचना पर सीओ सदर देहात सुधीर सिंह, इंचौली थाना प्रभारी जितेंद्र त्रिपाठी, लावड़ चौकी प्रभारी कुमार गौरव सिंह के अलावा मवाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थिति संभालते हुए घायलों का मेडिकल कराते हुए एक पक्ष के नदीम पुत्र साबिर, फैजान पुत्र उम्मेद सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया और मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया। उधर, सोशल मीडिया पर घटना की वीडियो जमकर वायरल हो रही है।

वहीं एसपी देहात अभिजीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट की सूचना मिली थी जिसमें पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विधिक कार्यवाही करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

### इंचौली थाने से गैंगस्टर में निरुद्ध है मोनू

मिली जानकारी के अनुसार मारपीट की घटना में पीड़ित मोनू इंचौली थाने से गैंगस्टर में निरुद्ध है जिसके खिलाफ पूर्व में संगीन धाराओं में मुकदमे भी पंजीकृत हैं। बताया जाता है कि पूर्व में बिसौला गांव में ही वो कुछ लोगों के साथ मिलकर तमंचा फैक्ट्री का संचालन कर रहा था जिस पर पुलिस ने छापा मारकर मोनू को अवैध तमंचा फैक्ट्री के साथ गिरफ्तार किया था बताया जाता है कि पूर्व में लावड़ चौकी पर तैनात दो पुलिसकर्मियों के साथ भी मोनू ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया था।

### पूर्व विधायक संगीत सोम ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

मारपीट व पथराव की घटना के बाद रविवार को पूर्व विधायक संगीत सोम ने बिसौला गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए कढ़ी कार्यवाही कराने की बात कही। वहीं गांव में अल्पसंख्यक समुदाय के एक बुजुर्ग युवक को देखकर संगीत सोम ने कटाक्ष करते हुए कहा कि अरे मियां इन्हें समझाओ ये क्यों पथराव कर रहे हैं, ज्यादा चक्कर में मत पड़ो समझाओ इन्हें पसली वसली टूट जाएंगी। संगीत सोम का ये बयान सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

### मोनू नाम से जाना जाता है सोनू उर्फ पुष्पेंद्र

बिसौला गांव के कुछ लोगों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि सोनू को मोनू नाम से जाना जाता है जिस पर गैंगस्टर भी लगी हुई है लेकिन उसका नाम सभी कागजों में सोनू उर्फ पुष्पेंद्र है इसी का फायदा उठाकर वह पुलिस को चकमा दे देता है। शनिवार को भी गांव के अल्पसंख्यक लोगों से मामूली कहासुनी के बाद उसकी मारपीट हुई जिसके बाद दोनों पक्षों के लोग आमने सामने आ गए और जमकर पथराव हुआ जिसके बाद सोशल मीडिया पर कुछ लोगों द्वारा इस घटना को सांप्रदायिक झगड़ा बताकर वायरल किया गया है। पुलिस ने मोनू उर्फ सोनू उर्फ पुष्पेंद्र की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

## एक नजर

## महिलाओं की देश और समाज के विकास में है अहम भूमिका: पूरन

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**मथुरा।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। इस अवसर पर सर्व प्रथम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित महिला दिवस के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सभी ने देखा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पूरन प्रकाश ने कहा कि महिलाओं की देश और समाज के विकास में अहम भूमिका है और सरकार लगातार महिलाओं और किशोरियों के सशक्तिकरण के लिए प्रयास कर रही है और इसके अच्छे परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं।बाल विकास विभाग की प्रशंसा करते हुए कहा कि विभाग की महिलाएँ गाँव – गाँव में पहुंचकर प्रत्येक व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाती है। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता ने कहा कि महिलाएँ घर और बाहर दोनों जगह की जिम्मेदारी संभाल रही हैं।उन्होंने शुभकामना दी महिलाएँ ऐसे ही हर क्षेत्र में तरक्की करें और आगे बढ़ें। जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा ने कहा कि महिलाओं को अन्य महिलाओं के सशक्तीकरण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। पीड़ित या शोषित महिला की मदद के लिए सबसे पहले आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में जिला सेवायोजन अधिकारी सुगंधा जैन, जिला प्रोवेशन अधिकारी विकास चंद्र ,सभी सीडीपीओ, सुपरवाइजर ,बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सेवायोजन विभाग एवं प्रोबेशन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### महिला दिवस पर यह हुई सम्मानित

कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी – मथुरा ग्रामीण शशि मिश्रा और सुपरवाइजर मनीषा कौशल तथा फरह परियोजना की सुपरवाइजर पूनम कुंतल को पोषण पुनर्वास केंद्र में सर्वाधिक बच्चे भर्ती कराने के लिए सम्मानित किया गया। इसी प्रकार विभाग में अच्छा कार्य करने वाली 4 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं आंगनबाड़ी प्रमिला सुभाष नगर ,मीना शर्मा पलसों ,मुंदरा देवी नगला काशी, जयश्री बरसाना को अपने– अपने केंद्र के सभी लाभार्थियों का राशन का वितरण शत प्रतिशत चेहरा प्रमाणीकरण तकनीक के माध्यम से करने पर सम्मानित किया गया।

## मथुरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई दिनदहाड़े हत्या करने वाला बदमाश एनकाउंटर में दबोचा , पैर में लगी गोली

**नौहझील।** उत्तर प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ जारी 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत मथुरा पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। शनिवार रात थाना नौहझील पुलिस और हत्या के आरोपी बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी फायरिंग से बदमाश घायल हो गया, जिसे घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया है। घ्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि 3 मार्च को ग्राम सुहागपुर में हुई युवक की हत्या का मुख्य आरोपी भोला उर्फ हर्ष (22 वर्ष) गांव के पास भारी असलहे के साथ घूम रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी फेसबुक और इंस्टाग्राम पर स्टेटस डालकर क्षेत्र में दहशत फैला रहा था और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। यमुना एक्सप्रेसवे के पास घेराबंदी सूचना मिलते ही नौहझील पुलिस ने यमुना एक्सप्रेसवे सर्विस रोड के माइलस्टोन 69.5 के पास जाल बिछाया। इसी दौरान मोटरसाइकिल से आ रहे संदिग्ध को जब पुलिस ने रुकने का इशारा किया, तो उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश के दोनों पैरों में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। असलाह और बाइक बरामद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो तमंचे (315 बोर), 7 जिंदा कारतूस और 4 खोखा कारतूस। घटना में प्रयुक्त हीरो पैशन मोटरसाइकिल (न्च85 ।ट 5345)। गिरफ्तार भोला उर्फ हर्ष का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।

# देश में हिन्दू मुस्लिम करने वालों और धर्म के नाम पर हत्या करने वालों पर सुप्रीम कोर्ट करे कार्यवाही :डा.शेख



**मथुरा।** वंचितसमाज इंसाफ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ शेख ने कहा कि दिन प्रति दिन देश में नफरत बढ़ रही है,वैसे तो रोजाना कही न कही हिन्दू मुस्लिम के नाम पर कोई न कोई घटना घटित हो रही है, लेकिन हाल ही के कुछ दिनों के अंदर एक साथ कई घटना देखने को मिली है, पहली घटना दिल्ली की है जो तरुण नाम के नौजवान की हत्या सिर्फ इस वजह से कर दी गई की एक मुस्लिम महिला के ऊपर एक बच्ची ने रंग का गुब्बारा डाल दिया था जो सरासर गलत किया गया।

हम सबको इसकी निंदा करनी चाहिए। लोगों ने इस मुस्लिम व्यक्ति के घर को तोड़ फोड़ दिया है ,और कुछ नफरती लोग इस को हिन्दू मुस्लिम करने में लगे हुए है। मुस्लिम समाज को टारगेट किया जा रहा है,दूसरी घटना राजस्थान के अलवर की है,आमिर नाम के व्यक्ति की हत्या कर दी गई ,सब चुप हैं,तीसरी घटना उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की है ,एक 12 वर्ष के उजैर के दोस्त अपने घर बुला कर ले गए और घर ले जाकर उजैर की गोली मार कर हत्या कर दी गई।

योगी बाबा का बुलडोजर कहाँ गायब हो गया सोचने की बात है,इस से लगता है इंसाफ धर्म देख कर किया जा रहा है,तीसरी घटना है मधुबनी बिहार की जहां पर एक रोजेदार रोशन खातून को बांध कर मारा गया पिशाव पिलाया गया शराब पिलाई गई और महिला की मौत हो गई।भागलपुर में भी एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई, धर्म के नाम पर कुछ गुंडे दिन रात हिन्दू मुस्लिम करते रहते है लेकिन मजाल है कोई भी सरकार इन पर अंकुश लगा सके ,और बाकी की कसर नकारा नेता पूरी कर देते हैं,जैसे पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने पूरे मुसलमानों को राक्षस तक कह दिया और वध करने के लिए लोगो को उकसाया इन पर कार्यवाही कौन करेगा।

इस नफरत से सत्ता को लाभ पहुंच रहा है, इसलिए इन नफरती लोगों पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही और तो और जो न्यायालय कुत्ते बिल्ली पर ध्यान देते हैं,इन को इंसानों की मौत नजर नहीं आ रही है ,डॉ शेख ने कहा कि वंचितसमाज इंसाफ पार्टी देश के हिंदू ओर मुसलमानों से अपील करती है कि देश हित के लिए भाईचारा बनाए रखें तभी हिंदुस्तान आगे बढ़ेगा, और देश के उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय भी इस गंभीर समस्या पर ध्यान दें,अगर कोई व्यक्ति किसी धर्म पर टिप्पणी करता है या हिन्दू मुस्लिम के नाम पर हत्या करता है,तो उस के खिलाफ कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करे ,और साथ में हिंदू मुस्लिम मंदिर मस्जिद पर आग लगाने वाले पोर्टल ओर सोशल मीडिया ओर तमाम चौनलों को बंद किया जाए ,यह सब लोग मिल कर देश को नफरत की आग में झोंक रहे हैं। इन पर लगाम लगाना जरूरी है।

# बैंक अफ महाराष्ट के अंदर से चल रहा था साइबर ठगी का खेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** जनपद में बैंक खातों के जरिए चल रहे बड़े साइबर फ्रॉड का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र की कृष्णा नगर शाखा से जुड़े एक संविदा कर्मचारी समेत पांच शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर ठगी के पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि बैंक में डेस्क पर कर्मचारियों को चाय–पानी देने वाला संविदा कर्मी ही अंदर की जानकारी का फायदा उठाकर साइबर ठगों के लिए बैंक खातों का जाल बिछा रहा था। पुलिस ने रविवार सुबह करीब 10:30 बजे थाना हाईवे क्षेत्र की बैकुंठ विहार कॉलोनी से आरोपियों को दबोचा। इनके कब्जे से 6 मोबाइल फोन, 2 सिम कार्ड, 1 बैंक पासबुक, 7 एटीएम कार्ड, 1 क्यूआर कार्ड और 2 चेक बुक बरामद की गई हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी नीरज, जो बैंक ऑफ महाराष्ट्र की कृष्णा नगर शाखा में संविदा कर्मचारी था, लंबे समय से बंद पड़े जन–धन खातों को निशाना बनाता था।

वह इन खातों में दर्ज मोबाइल नंबर बदलकर नए एटीएम कार्ड जारी कराता था और खातों का पूरा एक्सेस अपने साथियों को दे देता था। इसके बाद देशभर में होने वाली साइबर ठगी की रकम इन्हीं खातों में मंगाई जाती थी और गिरोह के सदस्य एटीएम के जरिए पैसे निकाल लेते थे। पुलिस के अनुसार गिरोह एक बैंक खाता उपलब्ध कराने के बदले करीब 25 हजार रुपये तक कमीशन लेता था। इसी तरह दर्जनों खातों के जरिए लाखों रुपये की साइबर ठगी को अंजाम दिया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि गिरोह का नेटवर्क मथुरा से बाहर भरतपुर और जयपुर तक फैला हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों ने जयपुर निवासी भीमू चौधरी का नाम भी लिया है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है। पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है उनमें नीरज (संविदा बैंक कर्मचारी), मुकुल सिंह, विक्रांत कुमार, पुष्पेंद्र सिंह उर्फ भूरा और अनिकेत शामिल हैं। कार्रवाई साइबर क्राइम थाना मथुरा की टीम ने की, जिसमें प्रभारी निरीक्षक रफत मजीद, निरीक्षक अमित चौहान और तकनीकी टीम के अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और ठगी की कुल रकम का पता लगाने में जुटी है।

## यूपीएचसी बरेली गेट का डीसीपीएम प्रभात कुमार ने किया निरीक्षण

### व्यवस्थाएं मिलीं बेहतर मरीजों को मिला उपचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) बरेली गेट का डीसीपीएम प्रभात कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कायाकल्प योजना के मानकों को पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। मरीजों को देखने की प्रक्रिया सुचारु रूप से चल रही थी और विभिन्न सेवाओं के लिए अलग–अलग स्टाल लगाए गए थे, जिससे मरीजों को सुविधा मिल रही थी।

इस दौरान केंद्र पर आभा आईडी (।ठभ् प्क) भी बनाई जा रही थी और मरीजों का पंजीकरण लगातार किया जा रहा था। मौके पर डॉ. फसाहत हुसैन मरीजों का उपचार करते मिले, जबकि फार्मासिस्ट वसीम उल हक दवाइयों के वितरण की व्यवस्था संभाल रहे थे। निरीक्षण के दौरान मरीजों को समय पर इलाज मिलता हुआ पाया गया।

# महिला सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** महिला सशक्तिकरण और उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरुक करते हुए लेखन के माध्यम से सशक्त बनने का संदेश दिया।

रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद द्वारा एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण और उनके कानूनी अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की। बताया गया कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना आवश्यक है।तभी वह समाज में बराबरी का स्थान प्राप्त कर सकेंगी। इस दौरान महिलाओ को कलम वितरित कर उन्हें शिक्षा लेखन के माध्यम से सशक्त बनने का संदेश दिया गया। समाज की प्रगति महिलाओं की भागीदारी का बिना संभव नहीं है। इस अवसर पर मनोज गोयल, राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल कुमार यादव एडवोकेट, अतुल गर्ग, गो. विंद कौशिक, प्रमोद शर्मा, राधा अग्रवाल, अमित सिंह, पूजा चौधरी, ममता सिंह, अनुपम त्यागी, सचिन गुप्ता आदि मौजूद थे।

# नफरत नहीं, प्रेम का रंग घोले राजनीतिः संजय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** आदमी पार्टी द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला अध्यक्ष कुशल चौधरी के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का उद्देश्य भी समाज के हर वर्ग तक खुशहाली पहुंचाना और नफरत की राजनीति को समाप्त कर प्रेम व सौहार्द का माहौल बनाना है। इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर मोहम्मद हैदर, जिला प्रभारी मोहम्मद आमिर सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष कुशल चौधरी ने सांसद का स्वागत करते हुए जिले में संगठन को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर अमर सिंह खागी, रियाज अहमद, कविता कांत, विजयपाल, सचिन धारीवाल, नफीस अहमद, मुरारी लाल मौर्य, हारिस मंसूरी, सुरेंद्र सिंह, अर्पित शर्मा, अब्दुल समद, शावेज खान और शाहिद हुसैन सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आम आदमी पार्टी का होली मिलन समारोह




# मटर फैक्ट्री में गैस रिसाव से मचा हड़कंप, कई मजदूरों की तबीयत बिगड़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर स्थित उपराइट इनोवेटिव सोलूशन्स प्राइवेट लिमिटेड मटर फैक्ट्री में रविवार दोपहर अचानक गैस रिसाव होने से हड़कंप मच गया। फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई और कई मजदूरों की तबीयत बिगड़ गई. किसी तरह मजदूर फैक्ट्री से बाहर निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। बताया जाता है कि गजरौला-चांदपुर रोड किनारे स्थित फैक्ट्री में किसी गैस का रिसाव हो गया। उस समय फैक्ट्री के अंदर सैंकड़ो मजदूर काम कर रहे थे। गैस फैलने के बाद वहां मौजूद मजदूरों को घबराहट और हलचल मच गई। सूत्रों के मुताबित घटना के बाद फैक्ट्री प्रबंधन ने घायल मजदूरों को पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद अधिकांश को छुट्टी दे दी गई। घायल मजदूरों में गीता, अलका, अनीता, अंजू, नेहा और आरती शामिल बताएं जा रहें हैं। मिली जानकारी ओ मुताबित अस्पताल स्टाफ ने उनका इलाज कर हालत को खतरे से बाहर बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि फैक्ट्री में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। हादसे के बाद मजदूरों को सरकारी अस्पताल या एम्बुलेंस से भेजने के बजाय निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया, जिससे फैक्ट्री प्रबंधन की लाप. रवाही सामने आई है।

# ईद की खरीदारी को बाजार हुए गुलजार

### कुर्ता-पजामा व रेडिमेड दुकानों पर भीड़



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ईद की खरीदारी को लेकर बाजार गुलजार है। लोग ईदुलफितर की तैयारियों जुट गए है। नमाज अदा करने के लिए कुर्ता, पजामा, टोपी, तस्बीह, सुरमा व इत्र की जमकर खरीदारी हो रही है। बच्चों के लिए नए नए कपड़े व फैंसी ड्रेस खरीदने को दुकानों पर भीड़ उमड़ी है। वही महिलाए भी कपड़ों के साथ चूड़ी, कंगन की खूब खरीदारी कर रही है। इस बार आखिरी समय पर भीड़ भाड़ से बचने के लिए लोग पहले ही कपड़े, जूते, चप्पल की शॉपिंग कर रहे हैं।

मुकद्दस रमजान का महीना जैसे जैसे मुकाम की ओर बढ़ रहा है। बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है जबकि लोगो में ईद मनाने का उत्साह दोगुना होता जा रहा है। शनिवार को 17 वा रोजा बीतने के साथ बाजारों में चहल कदमी तेज हो गई है। चांद दिखने की स्थिति में 20 या 21 मार्च को ईद होने की संभावना है। त्यौहार नजदीक आते ही खरीदारी को लेकर बाजारों में भीड़ उमड़ने लगी है। शहर के बाजारों में कुर्ता पजामा, टोपी, इत्र, सिवाई, घर के सजावट के सामान समेत जरूरत की हर चीज लोग खरीद रहे है। दिन में ग्रामीण तो शाम को देर रात तक महिलाए खरीदारी करने मे जुटी है। दुकानों पर बच्चों के लिए जींस टीशर्ट, फैंसी ड्रेस की हर वैरायटी उपलब्ध है। जबकि कुर्ती ,सलवार, चूड़ी, कंगन, नागरा चप्पल खरीदने को महिलाओं की दुकानों पर भीड़ जुटी है।

# न नियमों की चिंता, न जान प्यारी

### स्कूटी को ऑटो बना दौड़ा रहे सड़कों पर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** यातायात नियमों की चिंता न जान प्यारी एक स्कूटी पर पांच सवारी। यह तस्वीर लकड़ो चौराहे की है। अमूमन बाइक या स्कूटी पर दो लोग सवार होते हो, और ऑटो मे चार सवारी बैठाने कीइजाजत है लेकिन इस स्कूटी सवार नेऑटो को भी बेकार साबित कर दिया।अब इन महाशय को कौन समझाए के जरा सी लापरवाही जान पर भारी पड़ सकती है।बाइक व स्कूटी पर चार व पांच सवारी बैठा लोग यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे और जान।जोखिम में डाल सड़कों पर फर्राटे से दौड़ रहे है।

यातायात नियमों को लेकर पुलिस भले ही सख्ती कर रही हो लेकिन कुछ लोग है जो बात मानने को तैयार ही नहीं,जिले में पुलिस यातायात नियमों का पालन कराने के लिए लगातार अभियान चलाती है।इसके बावजूद भी नियमों को ठेंगा दिखा बाइक व स्कूटी चालक चार-चार सवारी बैठाकर बच्चों, महिलाओं और अपनी जन जोखिम में डालकर सड़कों पर फर्राटे से दौड़ा रहे। चौंकाने वाली बात तो यह के कुछ लोग एक बाइक पर पांच सवारी बैठाकर सड़क पर निकल पड़ते है। सड़कों पर नियम कानून तक पर रख बिना खौफ बाइक को ऑटो बना लंबा सफर तय करने वाले लोग हैंडल मे दोनों साइड कपड़ों से लदे बैग और पेट्रोल की टंकी पर बैठे छोटे छोटे बच्चे और पीछे बैठी महिलाओं की जान जोखिम में डाल सफर कर रहे है। इस तरह के खतरों के खिलाड़ी रोज आपको रोज सड़कों पर देखने को मिल जाएगी। हैरत की बात यह है न तो इनके पास अपनी जान की सुरक्षा के लिए सर पर हेलमेट होता है न परिवार की सुरक्षा के लिए। लोगों को यातायात नियमों की सीख दी जाती है लेकिन सड़कों पर वह अपने ही हिसाब से से नियमों को। ताक पर रख फर्राटे से वाहन चलाते है।सावधानी हटी दुर्घटना घटी कहावत भी लोगों के लिए कोई कोई मायने नहीं रखती।

## महिला दिवस पर निकाली रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर के अमर सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस दौरान ग्राम शहबाजपुर गुर्जर की मढ़ैयों में स्वयंसेवियों ने रैली निकालकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी मुशर्रफ खाँ ने कहा कि नारी सशक्तिकरण केवल महिलाओं का अधिकार ही नहीं बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। महिलाओं को सुरक्षित और अनुकूल वातावरण मिलना चाहिए, तभी उनकी प्रतिभा निखर सकती है। स्वयंसेवियों ने रैली के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं के संघर्ष और उपलब्धियों की जानकारी भी दी। इस दौरान महिलाओं को कानूनी अधिकार, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और मिशन शक्ति जैसी सरकारी योजनाओं के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में डॉ. अली अजिम फारूकी, योगेश त्यागी, शिवा सैनी, निसार अहमद, अर्शी, राविंद्र सिंह, समरपाल सिंह, निशिन सैनी और अक्षी प्रजापति समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# महिलाओं के सम्मान व रक्षा के लिए किया प्रेरित

### भारतीय जैन मिलन का कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** भारतीय जैन मिलन वार्षिक क्षेत्रीय अधिवेशन में चेयरपर्सन शशि जैन ने महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया तथा समाज को महिलाओं का सम्मान और उनकी रक्षा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

रविवार को जेएस डिग्री कॉलेज में भारतीय जैन मिलन का 34वां वार्षिक क्षेत्रीय अधिवेशन का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय जैन मिलन वीर सुरेश जैन ऋतुराज द्वारा किया गया। चेयरपर्सन शशि जैन ने दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की निर्माता होती है। सशक्तिकरण पर जोर देते समाज को उनका सम्मान और रक्षा के लिए प्रेरित किया। सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कुलपति तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी सुरेश जैन, योगेश जैन, नीरू जैन, शरद जैन, सीमा जैन, डॉ. सुधांशु कुमार, बीना शाह, वीर संदेश जैन, वीर दिनेश जैन, अतिवीर, प्रदीप जैन, शरद कुमार जैन, सिद्धार्थ जैन, सपना जैन, बीना जैन, सरिता जैन उपस्थिति रही। सभी अतिथियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## बैकिंग एवं इंटरव्यू ट्रैनिंग कार्यालय का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** युवाओं को बैंकिंग सेवाओं के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खोले गए एबीजी ग्रुप सॉल्यूशन का शुभारंभ पूर्व विधायक हरपाल सिंह व पूर्व चेयरमैन रोहताश शर्मा ने फीता काटकर किया। संस्था के निदेशक धर्मेन्द्र कुमार आजाद ने बताया कि, इस ट्रेनिंग व प्लेसमेंट सेंटर का उद्देश्य हर बेरोजगार को रोजगार उपलब्ध कराना है। जहाँ पर छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ साक्षात्कार की तैयारी कराई जायेगी। इसके बाद गजरौला छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रो0ओमकार सिंह, महेश प्रधान, रविराज बौद्ध, होरी सिंह, जयवीर सिंह, डॉ. राजीव शुक्ला, किरनपाल सिंह, अतरपाल सिंह, टेकचंद सैनी, गौरव कुमार, डॉ.सोमान सैफी, पीतम सिंह, राहुल सागर, बीपी सिंह,अशोक निरंक. ारी, देवराज सिंह, देवीचरन, जोनी पवार मौजूद रहे।

# छात्र का अपहरण कर 12 लाख फिरौती मांगने वाले तीन भाई गिरफ्तार

### रिश्ते के तीन भाईयों ने रची थी अपहरण की साजिश, बीमे की रकम में मिले थे तीस लाख




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** छात्र का अपहरण कर 12 लाख रूपये की फिरौती मांगने की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया। फिरौती मांगने वाले रिश्ते के तीनों भाईयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि उनके कब्जे से अपहरण में प्रयुक्त मोबाइल व बाइक भी बरामद की है। पूछताछ के बाद पुलिस ने छात्र को परिजनों के सुपुर्द कर दिया था।

नौगावां के गांव याहियापुर से शनिवार दोपहर लगभग 12:30 बजे स्व.अवनीश उर्फ सौरभ के पांच वर्षीय बेटे विवान उर्फ वासु का अपहरण हो गया था। विवान क्षेत्र के ही एक स्कूल में एलकेजी का छात्र है और वह दोपहर में घर के पास ही अपनी मां डॉली यादव के ब्यूटी पार्लर के पास खेल रहा था तभी अपहरणकर्ता उसे उठा ले गए थे। इसके बाद करीब 1:45 बजे डॉली के मोबाइल पर एक अंजान नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने विवान का अपहरण करने की बात कहते हुए उसकी जान की सलामती के लिए 12 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। दिनदहाड़े हुई अपहरण की वारदात से पुलिस अफसरों के बीच हड़कंप मच गया था। जांच में जुटी पुलिस ने सीडीआर और सीसी कैमरे की फुटेज से क्षेत्र के गांव गजस्थल निवासी आकाश पुत्र जगदीश व धर्मेंद्र पुत्र प्रकाश के साथ ही गांव बरखेड़ा निवासी लवीश पुत्र स्व. विजय सिंह को हिरासत में ले लिया था। तीनों ने विवान का अपहरण करना स्वीकार किया था।लविश पीड़ित परिवार का रिश्तेदार भी है। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने लोकेशन मिलने पर विवान को बिजनौर जिले के नूरपुर में थाने के पास बस स्टैंड से सकुशल बरामद कर लिया था। अपहरणकर्ताओं ने सौरभ की मौत के मामले में परिवार को मिली 30 लाख रुपये की बीमा राशि में से 12 लाख रुपये हड़पने के लिए विवान का अपहरण करने की बात कही थी। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि रविवार को तीनों आरो. पियों को कोर्ट में पेश किया गया था, रिमांड मंजूर होने पर जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपियों के कब्जे से अपहरण में इस्तेमाल की गई बाइक व दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। जरूरी कार्रवाई के बाद विवान को परि. जनों के सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं, रविवार को क्षेत्रीय विधायक समरपाल सिंह ने फेसबुक पर पोस्ट शेयर करते हुए छह घंटे में छात्र को बरामद करने पर अमरोहा पुलिस के प्रयासों की सराहना की।

## मतदान के प्रति किया जागरूक




**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** भागीरथी देवी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के विशेष शिविर के दूसरे दिन को मतदाता जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया। शिविर मोहल्ला महादेव स्थित आनंद धाम आश्रम में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राथमिक विद्यालय सुभाषनगर के सहायक अध्यापक एवं बीएलओ ऋषिपाल सिंह ने स्वयंसेवियों को मतदाता बनने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर व्यक्ति मतदाता बन सकता है। फार्म-6 के माध्यम से नया नाम जुड़वाया जा सकता है तथा फार्म-8 से मतदाता सूची में संशोधन कराया जा सकता है। उन्होंने सभी से मतदान अवश्य करने की अपील की। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवनीश कुमार व प्रवक्ता संजीव कुमार के निर्देशन में मोहल्ला हीरानगर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयंसेवियों ने घर-घर जाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया और मतदान करने की शपथ दिलाई। इस दौरान चारु वशिष्ठ, बृजेश कुमार सहित स्वयंसेवी दिष्ठा, पल्लवी, कद्र भारद्वाज, मनोज, दीक्षा, साक्षी, रिया, राखी और सलोनी आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकलेगी भगवान परशुराम शोभायात्रा

### नगर ब्राह्मण महासभा की बैठक में नई कार्यकारिणी की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** नगर गजरौला में स्थित रॉयल एकेडमी, गजरौला में आज नगर ब्राह्मण सभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. रवि भूषण शर्मा ने अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा की।

बैठक में उपाध्यक्ष के रूप में देवेश शर्मा एवं पंडित देवराज शर्मा, महामंत्री के रूप में रोहित शर्मा, संगठन मंत्री के रूप में विपिन शर्मा, योगेश प्रभाकर एवं मनोज शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही सभा के नए संरक्षकों के रूप में रो. हताश शर्मा, लोकेश शर्मा, डॉ. शिवशंकर शर्मा, ओपी शर्मा, राजीव उपाध्याय, डॉ. प्रदीप शर्मा, अश्विनी शर्मा, श्याम सुंदर कौशिक, महेंद्र शर्मा एवं मदनलाल शर्मा जी को मनोनीत किया गया।

इसी क्रम में कोषाध्यक्ष के रूप में समीर प्रभाकर एवं प्रमोद उपाध्याय, तथा मंत्री पद पर मुकुल शर्मा, सार्थक शर्मा, तरुण कौशल एवं अश्विनी शर्मा को मनोनीत किया गया। इसके साथ ही प्रभारी मंत्री के रूप में आदेश शर्मा एवं उत्सव शर्मा को चुना गया तथा मीडिया प्रभारी के तौर पर शुभम उपाध्याय एवं प्रशांत शर्मा को नियुक्त किया गया। साथ ही विधिक सलाहकार के रूप में सर्वेश शर्मा एडवोकेट, विशाल शर्मा एडवोकेट एवं अमित शर्मा एडवोकेट को मनोनीत किया गया। बैठक के दौरान ब्राह्मण सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने नगर में आयोजित होने वाली भगवान परशुराम शोभा यात्रा को लेकर भी अपने विचार व्यक्त किए। इस विषय पर विस्तृत चर्चा के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि नगर में भगवान परशुराम शोभा यात्रा 18 अप्रैल 2026 को निकाली जाएगी। साथ ही प्रस्तावित शोभा यात्रा की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया और उसे सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रारंभिक तैयारियों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सभा में निश्चल शर्मा, खेमराज शर्मा, वीके शर्मा, उत्तम शर्मा, विशाल शर्मा, कनिष्क शर्मा, नरेंद्र शर्मा, नीरज पाठक, पुष्पेंद्र शर्मा, विवेक भारद्वाज, अनुज शर्मा, चंचल शर्मा, विशाल शर्मा, प्रशांत शर्मा, दिनेश शर्मा, संजीव शर्मा, कपिल शर्मा, कुलदीप शर्मा, रिक्की प्रधान, आमोद तिवारी, नरेश चंद्र शर्मा सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# भव्य रूप से मनाई जाएगी अम्बेडकर जयंती

**हसनपुर।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को भव्य रूप से मनाने के लिए रणनीति बनाई गई। शनिवार को हसनपुर गैस एजेंसी पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की बैठक का आयोजन किया गया। समिति के पदाधिकारियो द्वारा आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब की जयंती हर वर्षो की भांति इस वर्ष अधिक भव्य होगी। उन्होंने जोर दिया की जन्मोत्सव और शोभायात्रा में सर्व समाज की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। ताकि यह आयोजन भाईचारा और सामाजिक सौहार्द की मिसाल बन सके। समिति अध्यक्ष लता सागर ने समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस वर्ष समारोह में महिलाओं की भागीदारी ऐतिहासिक रहेगी। और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी जायेगा। इस अवसर पर रामवीर सिंह, विनोद कुमार गौतम, दिनेश गौतम, जयपाल सिंह, प्रधानाचार्य महिपाल सिंह, राम नारायण, जगबीर सिंह मौर्य, कविता रानी, अतर सिंह नेताजी, जगवीर मौर्य, मास्टर सोम सिंह, नवाब सैफी, मलखान सिंह, जसवंत सिंह, अरविंद कुमार अन्ना, लवि सागर आदि रहे।

## दो पक्षों में मारपीट, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** थाना क्षेत्र रहरा के गांव पोरारा की मडैया में आज दो पक्षों में मारपीट को लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल तेजी से वायरल हो रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक बताया गया कि दो पक्षों में किसी बात को लेकर लाठी डंडे से जमकर मारपीट हुई। किसी ग्रामीण में वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी।वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है । कि लाठी डंडा लेकर मारपीट करी गई है। जिसमें दोनों पक्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएससी रहरा में भर्ती कराया गया है। इस मामले में थाना अध्यक्ष रहरा बृजेश कुमार ने बताया मामला संज्ञान में है। तहरीर प्राप्त हो गई है। जांच कर कार्यवाई की जाएगी।

# अंडर-13 वर्ग में राधा और अंडर-18 वर्ग में रिधि दौड़ी सबसे तेज

## महिला दिवस पर अस्मिता महिला एथलेटिक्स लीग में दिखा नारी शक्ति का दम

■ **महिलाओं और बालिकाओं ने 100, 200 व 400 मीटर दौड़ समेत विभिन्न खेलों में दिखाया दम**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को डोरी लाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में अस्मिता महिला एथलेटिक्स लीग का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की पहल 'अस्मिता' के अंतर्गत माय भारत और भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त समन्वय से खेलो इंडिया योजना के 'स्पोर्ट्स फॉर विमेन' घटक के तहत किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, उनकी शारीरिक दक्षता का विकास करना तथा जमीनी स्तर पर खेलों में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल रहीं, जिन्होंने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख स्नेहलता गंगवार, माय भारत की उप निदेशक पुष्पा सिंह, मंडलीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा, प्रधानाचार्या अर्चना राजपूत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ के साथ-साथ मनोरंजक एवं सामूहिक गतिविधियों जैसे रस्साकशी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाली सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जबकि विजेताओं को प्रमाण पत्र के साथ पदक देकर सम्मानित किया गया।

100 मीटर दौड़ के अंडर-13 वर्ग में राधा प्रथम, अनन्या बिष्ट द्वितीय और अवंतिका यादव तृतीय रहीं। अंडर-18 वर्ग में रिधि प्रथम, वंशिका द्वितीय और सुहानी तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि 18+ वर्ग में अनुष्का प्रथम, अंजली मौर्य द्वितीय और कोमल तृतीय रहीं। 200 मीटर दौड़ के अंडर-13 वर्ग में राधा प्रथम, अनन्या बिष्ट द्वितीय और अवंतिका यादव तृतीय रहीं। अंडर-18 वर्ग में रिधम शर्मा प्रथम, शोभा द्वितीय और कांति तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि 18+ वर्ग में अनुष्का प्रथम, अंजली मौर्य द्वितीय और खुशबू खत्री तृतीय रहीं। 400 मीटर दौड़ के अंडर-13 वर्ग में राधा प्रथम, अनन्या द्वितीय और परी वर्मा तृतीय रहीं। अंडर-18 वर्ग में रिधमा शर्मा प्रथम, अंशु द्वितीय और आकांक्षा तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि 18+ वर्ग में अंजली सिंह प्रथम, शिवानी द्वितीय और खुशबू खत्री तृतीय रहीं।

कार्यक्रम के अंत में रस्साकशी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें नारी शक्ति टीम ने प्रथम, स्टेडियम टीम ने द्वितीय और एनसीसी टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन माय भारत की उप निदेशक पुष्पा सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुज शर्मा ने किया। इस अवसर पर माय भारत वॉलंटियर्स विशाल यादव, आलोक, तरुण, शिवांग, काजल, समाजसेवी भूपेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, युवा और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नदी में नहाने गए चार बच्चे डूबे



■ **तीन को ग्रामीणों ने निकाला, चौथे की तलाश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** रविवार को गांव पनवड़िया के पास बैगुल भाखड़ा नदी के संगम में नहाने गए चार बच्चे डूब गए। चीख पुकार सुनकर खेत पर मौजूद ग्रामीणों ने तीन को बाहर निकाल लिया, जबकि एक 12 वर्षीय प्रवीन नहीं मिल रहा है। स्थानीय गोताखोर जब उसे तलाश नहीं पाए तब पुलिस ने एसडीएम मीरगंज आलोक कुमार से एसडीआरएफ टीम भेजने का आग्रह किया। खबर लिखने तक टीम नहीं पहुंची है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव रहपुरा जागीर निवासी करीब 10,12 वर्ष के चार बच्चे प्रवीन कुमार,दीपक, बॉबी और विपिन अपने गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर गांव पनवड़िया के पास बेगुल और भाखड़ा नदी के संगम में नहाने गए थे। दोपहर के बाद करीब 3 बजे जब नदी में चारों नहाने घुसे तो नदी में डूबने लगे।चीख पुकार सुनकर खेत पर काम कर रहे कई ग्रामीणों ने नदी में कूदकर दीपक और उसके सगे भाई विपिन,गांव के बॉबी को बचा लिया।जबकि प्रवीन कुमार (12) नदी में वह गया।स्थानीय गोताखोर ने उन्हें तलाशने का काफी प्रयास किया लेकिन वह नहीं मिला। सूचना पर थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह मय फोर्स के पहुंच गये।उन्होंने दुबारा स्थानीय गोताखोर से प्रवीन को तलाशने का प्रयास कराया। नहीं मिलने पर एसडीएम मीरगंज आलोक कुमार सिंह को सूचना करके एसडीआरएफ टीम बुलाने का आग्रह किया है।मौके पर एसडीएम भी मौके पर पहुंच गये है।अभी एसडीआरएफ टीम नहीं पहुंची है। प्रवीन के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। एसडीएम आलोक कुमार ने बताया नदी में डूबे बच्चे प्रवीन कुमार को तलाशने के लिए एसडीआरएफ टीम बुलाई गई है।टीम जल्द बच्चे को तलाश करेगी।

## एक नजर

# दूसरे दिन भी रहा पुलिस का पहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जिलाध्यक्ष ओमवती को घर से नहीं निकलने दिया**

**मीरगंज।** आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर महिला दिवस के मौके पर लखनऊ में मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने के लिए प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर आंगनबाड़ी संघ की जिलाध्यक्ष ओमवती गंगवार के घर पर दूसरे दिन भी पुलिस का पहरा बना रहा।

बताया जाता है कि शनिवार दोपहर करीब तीन बजे से पुलिस सिंधौली गांव स्थित उनके आवास पर पहुंच गई थी और उन्हें लखनऊ जाने से रोकने के लिए नजरबंद कर दिया गया। रविवार को भी पुलिसकर्मी उनके घर पर तैनात रहे और उन्हें कहीं आने-जाने नहीं दिया। यहां तक कि जब वह रसोई या मंदिर में पूजा करने के लिए जातीं, तो पुलिसकर्मी उनके पीछे-पीछे मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष ओमवती गंगवार ने बताया कि शनिवार को दो महिला सिपाही उनके घर पहुंच गईं और उन्हें घर से बाहर नहीं निकलने दिया। उनका कहना है कि संगठन की अन्य ब्लॉक अध्यक्षों को भी पुलिस ने घरों से निकलने से रोक दिया।उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर महिला सशक्तिकरण का अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर महिला दिवस पर ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अपनी मांगों को लेकर लखनऊ जाने से रोका जा रहा है। रविवार दोपहर करीब एक बजे के बाद पुलिस उनके घर से वापस लौट गई।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बिजली का पोल क्षतिग्रस्त, कई घंटे बिजली गुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** धनेटा शीशगढ़ मार्ग पर हैदरगंज के पास शनिवार शाम एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे लगे 33 केवीए बिजली के पोल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पोल क्षतिग्रस्त हो गया और क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।हादसे के समय आसपास से कई वाहन गुजर रहे थे, लेकिन गनीमत रही कि बिजली के तार किसी वाहन या राहगीर पर नहीं गिरे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

पोल क्षतिग्रस्त होने के कारण आसपास के गांवों में कई घंटे तक बिजली गुल रही, जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। ग्रामीणों का कहना है कि धनेटा शीशगढ़ मार्ग पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। बीते कुछ महीनों में कई बार बिजली के पोल वाहनों की टक्कर से टूट चुके हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि टोल टैक्स से बचने के लिए भारी और ओवरलोड वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है। लोगों ने प्रशासन से सड़क किनारे लगे बिजली के पोल को सुरक्षित दूरी पर लगाने और भारी वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण करने की मांग की है।अवर अभियंता रामदेव वर्मा ने बताया कि सूचना मिलने पर बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त पोल को ठीक कर देर रात तक बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।

# सात साल की जैनब फातिमा ने रखा पहला रोजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** रमजान के मुकद्दस महीने में सात साल की मासूम बच्ची जैनब फातिमा ने अपना पहला रोजा रखकर सबका दिल जीत लिया। जैनब फातिमा, खानकाह ए आलिया मंजूरिया जामिया गौसिया बशीरूल उलूम बहेड़ी के पूर्व सज्जादानशीन हजरत अल्लामा मौलाना सय्यद शाहिद अली मियां रहमतुल्लाह अलैह की नवासी हैं।

जैनब फातिमा ने सुबह सहरी के समय उठकर सहरी की और पूरे उत्साह के साथ अपना पहला रोजा रखा। दिन भर उन्होंने अल्लाह की इबादत की और कुरान पाक की तिलावत भी की। बच्ची के अंदर रोजा रखने को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। जैनब फातिमा के रामनगर (जिला नैनीताल) स्थित आवास पर बाद नमाज असर फातिहा ख्वानी का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्ची की उम्र में बरकत और बेहतर भविष्य के लिए खास दुआ की गई। इसके बाद रोजा इफ्तार का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ, जिसमें परिजनों और अकीदतमंदों ने शिरकत की। इस मौके पर मौलाना सय्यद नूरी मियां, मौलाना सय्यद हसनैन मियां, सय्यद सिब्तैन मियां, सय्यद फैजी मियां, सय्यद नवाब हुसैन, अतहर अली, सय्यद रय्यान अली और सय्यद शीरान अली समेत अन्य लोगों ने जैनब फातिमा को पहला रोजा रखने पर मुबारकबाद दी और उन्हें गिफ्ट भेंट किए।

# राजनीतिक रंजिश में घर में घुसकर हमला मारपीट की वारदात सीसीटीवी में कैद

■ **शोर मचाने पर जुटे ग्रामीण, आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के ग्राम पिंदारी अभयचन्द में राजनीतिक रंजिश के चलते दबंगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव पिंदारी अभयचन्द निवासी खजान सिंह पुत्र पोथी राम ने बताया कि रविवार सुबह करीब 8:30 बजे वह अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान गांव के लालाराम पुत्र कोमिल प्रसाद, रेशम सिंह, हिमांशु पुत्र लालाराम और सुमित पुत्र कृष्णपाल अचानक उनके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे।

आरोप है कि विरोध करने पर चारों ने मिलकर खजान सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई है और उसकी फुटेज उनके पास मौजूद है।

शोर-शराबा सुनकर गांव के नत्थू लाल पुत्र रुकम सिंह, शेर सिंह पुत्र रामपाल सिंह समेत अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और बीच-बचाव कर किसी तरह पीड़ित को बचाया। ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी मौके से भाग निकले, लेकिन जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दे गए।

पीड़ित खजान सिंह का कहना है कि आरोपी उनसे राजनीतिक रंजिश रखते हैं और अक्सर विवाद करने की कोशिश करते रहते हैं। पुलिस ने खजान सिंह की तहरीर पर लालाराम पुत्र कोमिल प्रसाद, रेशम सिंह, हिमांशु पुत्र लालाराम और सुमित पुत्र कृष्णपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दुकान खाली कराने को लेकर बवाल जेठ ने विधवा के घर मचाया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के गांव खुटिया में दुकान को लेकर पारिवारिक विवाद ने रविवार को हिंसक रूप ले लिया। एक विधवा महिला ने अपने जेठ पर घर पहुंचकर गाली-गलौज, मारपीट करने, असलहा दिखाकर धमकी देने और घर में भाला फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

गांव खुटिया निवासी राजकुमारी पत्नी स्व. चमन प्रकाश का कहना है कि वह अपने दो छोटे बच्चों के साथ रहती है। उसके घर में बनी एक दुकान को उसने किराए पर दे रखा है। आरोप है कि इसी बात को लेकर उसका जेठ भानु प्रताप पुत्र रामचंद्र उससे और उसके मायके वालों से रंजिश रखता है। राजकुमारी के अनुसार रविवार सुबह करीब छह बजे उसके पिता रामपाल निवासी रोहनिया, फुफेरी बहन रेखा रानी और फुफेरे बहनोई सत्यपाल निवासी सुकटिया होली मिलने उसके घर आए हुए थे। इसी दौरान भानु प्रताप वहां पहुंच गया और दुकान के सामने उसके पिता रामपाल को घेर लिया। उसने दुकान खाली कराने को कहा और मना करने पर गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट कर दी, जिससे रामपाल के सिर में चोटें आ गईं। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद आरोपी घर से अवैध असलहा निकाल लाया और जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोप है कि उसने घर से भाला निकालकर राजकुमारी के घर की ओर फेंक दिया। उस समय रेखा रानी रसोई में खाना बना रही थीं और भाला उनके पास से निकल गया, जिससे वह बाल-बाल बच गईं। राजकुमारी का कहना है कि आरोपी दबंग किस्म का व्यक्ति है और वह पहले भी उसकी शिकायत कर चुकी है। घटना के बाद वह और उसके छोटे बच्चे दहशत में हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी जेठ भानु प्रताप पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम खुटिया थाना बहेड़ी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# राधा-कृष्ण मंदिर में 48 घंटे का अखंड संकीर्तन शुरू

■ **हरे रामा-हरे कृष्ण के भजनों से भक्तिमय हुआ माहौल, बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भुड़िया कॉलोनी स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में बंगाली समाज की ओर से भव्य राधा संकीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरे रामा-हरे कृष्ण के संकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भक्ति में भाव-विभोर नजर आए।

आयोजकों ने बताया कि संकीर्तन कार्यक्रम लगातार 48 घंटे तक बिना रुके चलेगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भजन-कीर्तन का आनंद ले रहे हैं। संकीर्तन के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि रवि मल्होत्रा, श्रुति गंगवार, भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, प्रदीप विश्वास, टीकेंद्र हलदर, राहुल हलदार, बहेड़ी ब्लॉक प्रमुख अमरिंदर सिंह और भूपेंद्र कुर्मी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस दौरान सभी श्रद्धालुओं ने संकीर्तन में भाग लेकर भगवान राधा-कृष्ण की आराधना की और क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजकों ने बताया कि संकीर्तन के समापन पर प्रसाद वितरण भी किया जाएगा।

# हरदोई घाट पर पैटून पुल का हुआ उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** तहसील क्षेत्र के गांव मोहम्मदगंज के श्यामपुर हरदोई घाट पर बनाए गए पैटून पुल का रविवार को विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। पुल के शुरू होने से आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

उद्घाटन के दौरान विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा ने कहा कि पुल और सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं। प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पैटून पुल बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में आसानी होगी और आपात स्थिति में भी राहत मिलेगी।इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार, तेजपाल सिंह 'फौजी', अजयवीर चौधरी, होरीलाल गंगवार व नरेंद्र गंग. वार, केपी राणा,अखिलेश मिश्रा, भानु प्रताप 'फौजी, मंजू कोरी, राजेश गंगवार समेत जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

# बीच सड़क पर महिला और बेटियों से मारपीट, पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बा नवाबगंज के होली गेट के पास रहने वाली आशू रस्तोगी पत्नी सुनील रस्तोगी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 7 मार्च को वह अपनी दो नाबालिग बेटियों काजल और नैन्सी के साथ घर से बाजार की ओर जा रही थीं। इसी दौरान रास्ते में उनके जेठ राजू रस्तोगी, उसके बेटे रोहित और मोहित, रोहित की पत्नी सीमा, तथा उनकी बेटी सपना व दामाद हर्ष रस्तोगी समेत अन्य लोगों ने उन्हें बीच सड़क पर घेर लिया। आरोप है कि सभी ने लाठी-डंडों, बेल्ट और लोहे के सब्बल से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने महिला और उसकी बेटियों के साथ मारपीट की और बेटियों के साथ छेड़छाड़ कर उनके कपड़े फाड़ दिए। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। पीड़िता का कहना है कि शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए, जिसके बाद आरोपी फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने पीड़िता का सीएचसी में मेडिकल कराया, जहां से गंभीर चोट होने के कारण उसे जिला अस्पताल बरेली रेफर कर दिया गया। महिला ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# एएनटीएफ ने 5.30 करोड़ की स्मैक के साथ तस्कर दबोचा



■ **बरेली-बदायूं रोड से 2.645 किलो स्मैक बरामद, सप्लाई करने जा रहा था आरोपी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) यूनिट बरेली ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक सक्रिय तस्कर को गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। आरोपी के कब्जे से 2.645 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक पाउडर बरामद किया गया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 5 करोड़ 30 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा एक मोबाइल फोन और 560 रुपये नगद भी बरामद हुए हैं।

पुलिस के अनुसार पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध के मार्गदर्शन तथा पुलिस महानिरीक्षक एएनटीएफ लखनऊ के नेतृत्व में एएनटीएफ यूनिट बरेली द्वारा यह कार्रवाई की गई।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान शोभित गुप्ता पुत्र पप्पू गुप्ता निवासी ग्राम सैजनी थाना मूसाझाग जिला बदायूं के रूप में हुई है। आरोपी को बरेली-बदायूं रोड पर ग्राम रांधी को जाने वाले मार्ग पर पाकड़ के पेड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह स्मैक पाउडर की तस्करी करता है और इसकी सप्लाई पंजाब व आसपास के क्षेत्रों में करता था, जिससे उसे अच्छा मुनाफा होता था। वह स्मैक की खेप लेकर सप्लाई के लिए जा रहा था, तभी रास्ते में पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

इस मामले में थाना सुभाषनगर में धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

इस कार्रवाई में एएनटीएफ यूनिट बरेली के प्रभारी उपनिरीक्षक विकास यादव, हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार, कांस्टेबल सौरभ चौधरी, अंकित यादव, कुश कुमार, विनीत कुमार, रसविंद्र चौधरी और महिला कांस्टेबल छाया शामिल रहीं।

वहीं थाना सुभाषनगर के उपनि. रीक्षक होराम सिंह, कांस्टेबल प्रदीप कुमार तथा एएनटीएफ मुख्यालय लखनऊ की सर्विलांस टीम ने भी सहयोग किया।

# हजारों अकीदतमंदों की मौजूदगी में मनाया गया उर्स-ए-रहमानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मरकज-ए-अहले सुन्नत बरेली शरीफ में आला हजरत फाजिले बरेलवी के पोते मुफ्ती रेहान रजा खान रहमतुल्लाह अलैह (रहमानी मियां) का 41वां एक रोजा उर्स-ए-रहमानी दरगाह परिसर में अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। शाम को आयोजित सामूहिक रोजा इफ्तार में दूर-दराज से आए हजारों अकीदतमंदों ने दरगाह प्रमुख व सज्जादानशीन के साथ एक ही दस्तरखान पर इफ्तार किया।

उर्स के सभी कार्यक्रम दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती, सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की सदारत और सय्यद आसिफ मियां की देखरेख में सम्पन्न हुए। दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि उर्स की शुरुआत बाद नमाज-ए-फज्र कुरानख्वानी से हुई। सुबह 8 बजे महफिल का आगाज तिलावत-ए-कुरान से हुआ, जबकि नातख्वां हाजी गुलाम सुब्हानी ने हम्द, नात और मनकबत पेश कर अकीदत का नजराना पेश किया। इसके बाद दरगाह सरपरस्त हजरत सुब्हानी मियां की सदारत में उलेमा की तकरीरों का सिलसिला शुरू हुआ।

इस अवसर पर कारी अब्दुर्रहमान कादरी ने अपने खिताब में कहा कि रेहान-ए-मिल्लत ने अपनी पूरी जिंदगी सुन्नियत और मसलक-ए-आला हजरत की खिदमत में गुजार दी। उन्होंने कहा कि रेहान-ए-मिल्लत ऐसी शख्सियत थे, जिन्होंने दुनिया भर में रजा का परचम बुलंद किया। जब भी मुसलमानों को मजहबी, रूहानी, खानकाही या सियासी जरूरत पड़ी, उन्होंने उनकी कयादत की।

उन्होंने उर्दू के साथ अरबी और अंग्रेजी भाषाओं में महारत हासिल की थी। इसी वजह से उन्होंने एशिया के अलावा यूरोप, अफ्रीका और अमेरिका सहित कई देशों का दौरा कर मजहब और मसलक के प्रचार-प्रसार के लिए अहम काम किया। वह बड़े आलिम, मुफ्ती और बेहतरीन शायर भी थे। साथ ही उन्होंने देश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए हमेशा अपनी आवाज बुलंद की।

सुबह 9 बजकर 58 मिनट पर मुफ्ती अय्यूब नूरी और कारी अब्दुर्रहमान कघदरी ने फातिहा पढ़ी। वहीं मुल्क-ए-हिंदुस्तान में अमन-ओ-सुकून और खुशहाली के लिए खास दुआ मंजर-ए-इस्लाम के सदर मुफ्ती आकिल रजवी ने की। उर्स के दौरान दिन भर गुलपोशी और चादरपोशी का सिलसिला चलता रहा।

इस मौके पर मुफ्ती सय्यद शाकिर अली, मुफ्ती मो. इनउद्दीन बरकाती, मुफ्ती जमील नूरी, मुफ्ती जईम रजा, मौलाना अबरार उल हक, मास्टर कमाल, अनवारूल सादात, राशिद अली खान, कासिम कश्मीरी, हाजी अब्बास नूरी, हाजी जावेद खान, परवेज नूरी, तारिक सईद, शाहिद नूरी, अजमल नूरी, परवेज नूरी, औरंगजेब नूरी, ताहिर अल्वी, मंजूर रजा, नाजिम रजा, मुजाहिद रजा, शरिक बरकाती, जुएब रजा, शरिक उल्लाह खान, साजिद नूरी, नईम नूरी, मुस्तकीम नूरी, आसिम नूरी, आलेनबी, इशरत नूरी, सय्यद माजिद, सय्यद एजाज, युनुस गद्दी, इरशाद रजा, अब्दुल माजिद, आरिफ रजा, अजमल रजा, समी रजा, सुहैल रजा, शाद रजा, अरवाज रजा, शोएब रजा, साकिब रजा, जीशान कुरैशी, अयान रजा आदि लोग मौजूद रहे।

# सरकारी योजना में साढ़े 67 लाख का घोटाला, बीएमएम के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी धनराशि के हस्तांतरण में अनियमितता के आरोप में थाना नवाबगंज में एक तत्कालीन ब्लॉक मिशन मैनेजर (बीएमएम) के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

नवाबगंज खंड विकास अधिकारी महेश चंद शाक्य की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार आरोपी अमित कुमार पुत्र रमेश चंद्र निवासी ग्राम ठिलपुरा जनपद संभल ने नवाबगंज विकासखंड में बीएमएम के पद पर 6 जनवरी 2021 को प्रथम और 6 जून 2022 को द्वितीय बार कार्यभार ग्रहण किया था। उनके पास एमएफएफआई का अतिरिक्त चार्ज भी था, और उन्हें सामुदायिक निवेश निधि से संबंधित धनराशि का राष्ट्रीय पोर्टल पर एमआईएस करने की जिम्मेदारी दी गई थी।

आरोप है कि उनकी कार्य प्रणाली के दौरान 35 स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि के तहत प्रति समूह 1.10 लाख रुपये की दर से लगभग 38.50 लाख रुपये स्थानांतरित किए जाने थे, लेकिन जांच में पाया गया कि समूह को 1 करोड़ 6 लाख 29 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए गए। इस तरह करीब 67 लाख 79 हजार रुपये अधिक स्थानांतरित कर दिए गए। तहरीर में यह भी कहा गया है कि अतिरिक्त दी गई धनराशि अब तक वापस नहीं कराई जा सकी है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विभाग के आला अधिकारियों ने खण्ड विकास अधिकारी को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के आदेश दिए थे, जिस पर बीडीओ महेश चंद शाक्य ने अमित कुमार के खिलाफ कोतवाली नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# महिलाओं को जबरन रंग लगाने से मना करने पर युवक पर हमला, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर की बस्ती बहोर नगला में होली के दौरान महिलाओं को जबरन रंग लगाने से मना करने पर दबंगों ने एक युवक के घर में घुसकर उसके बेटे को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कस्बे की बस्ती बहोर नगला निवासी अनूप कुमार के मुताबिक होली वाले दिन गांव के नितिन लोधी और साकेत लोधी शराब के नशे में उसके घर आ गए, और घर की महिलाओं को जबरन रंग लगाने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और चले गए। आरोप है कि अगले दिन 5 मार्च की शाम करीब 5 से 6 बजे के बीच राजीव मिश्रा, नितिन मिश्रा, रूपम मिश्रा और साकेत मिश्र एक साथ उसके घर में घुस आए। उस समय उसका बेटा शिवम मिश्रा घर पर अकेला था। आरोपियों ने उसे लाठी-डंडों से बुरी तरह पीट दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित का आरोप है कि जब वह बेटे के साथ थाना जाने के लिए निकला तो रास्ते में घात लगाए बैठे आरोपियों ने दोबारा उसके साथ भी मारपीट कर दी। इस घटना में उसके बेटे के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों राजीव मिश्रा, नितिन मिश्रा, रूपम मिश्रा और साकेत मिश्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# विकास भवन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर विकास भवन सभागार में महिलाओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लखनऊ स्थित जुपिटर ऑडिटोरियम, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को प्रोजेक्टर के माध्यम से देखकर एवं उनके संबोधन को सुनकर किया गया।



इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष खयाली राम लोधी ने उपस्थित सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए महिलाओं के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और देश व समाज के विकास में बराबर की भागीदारी निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है और सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचा. लित की जा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास विभाग की दो मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली पांच आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत पांच लाभार्थियों को कक्षा 10 में उच्च अंक प्राप्त करने पर जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण शासन की प्राथमिकताओं में प्रमुख स्थान रखता है। उन्होंने बताया कि बाल विकास विभाग के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों से अपेक्षा की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करते हुए योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी सेवायोजन अधिकारी ने विभाग की योजनाओं और मुख्यमंत्री द्वारा लॉन्च की गई मोबाइल ऐप के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन महिला कल्याण विभाग की ओर से श्रीमती चांद बी, केंद्र प्रबंधक वन स्टॉप सेंटर ने किया। उन्होंने विभाग द्वारा महिलाओं और बच्चों के उत्थान के लिए संचा. लित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियां और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# रामपुर में आरटीसी प्रशिक्षु आरक्षियों की बीपीईटी परीक्षा संपन्न, एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन में रविवार को आरटीसी प्रशिक्षु आरक्षियों की बीपीईटी (बैटल फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट) परीक्षा कड़े सुरक्षा प्रबंधों और पारदर्शी व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से कराया गया।

परीक्षा के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक, बिजनौर की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं पुलिस अधीक्षक ने भी मौके पर पहुंचकर परीक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से परीक्षा की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली और परीक्षा स्थल का जायजा लेते हुए निर्देश दिए कि सभी चरण निर्धारित नियमों और मानकों के अनुरूप ही संपन्न कराए जाएं। बीपीईटी परीक्षा पुलिस प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण चरण माना जाता है। इसके माध्यम से प्रशिक्षु आरक्षियों की शारीरिक क्षमता, सहनशक्ति, फुर्ती और अनुशासन की परख की जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की थीं। रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में अधिकारियों की निगरानी में प्रशिक्षु आरक्षियों ने निर्धारित मानकों के अनुसार विभिन्न शारीरिक दक्षता परीक्षणों में भाग लिया। इस दौरान प्रशिक्षुओं में उत्साह और जोश देखने को मिला और सभी प्रतिभागियों ने पूरी ऊर्जा व अनुशासन के साथ अपना प्रदर्शन किया।

पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा की प्रत्येक प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस बल में शामिल होने वाले जवानों का शारीरिक और मान. सिक रूप से सक्षम होना बेहद आवश्यक है, इसलिए बीपीईटी जैसी परीक्षाएं अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। सहायक पुलिस अधीक्षक, बिजनौर ने भी परीक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परीक्षाएं भविष्य में एक मजबूत, अनुशासित और सक्षम पुलिस बल तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# बिटकॉइन ट्रेडिंग के नाम पर युवक से 5.98 लाख की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर, संवाददाता।** बिटकॉइन ट्रेडिंग में निवेश कराने का झांसा देकर एक युवक से 5.98 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। ठगी का पता चलने पर पीड़ित के होश उड़ गए और उसने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्वार थाना क्षेत्र के चक हरद. ासपुर निवासी जीशान ने साइबर थाने में शिकायत दी कि उसका खाता स्वार स्थित एक्सिस बैंक में है। आरोप है कि हापुड़ निवासी विनय अग्रवाल ने खुद को बिटकॉइन ट्रेडिंग कंपनी और एसबीआई का मैनेजर बताते हुए निवेश योजना का लालच दिया। उसकी बातों में आकर पीड़ित ने अलग-अलग खातों में 5.98 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए।

बाद में आरोपी ने अपने सभी मोबाइल नंबर बंद कर लिए, तब पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने हापुड़ के नई शिवपुरी निवासी विनय अग्रवाल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

2. युवक पर युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

रामपुर, संवाददाता। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

ज्वालानगर निवासी रामकुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह किराये के मकान में रहते हैं। दस जनवरी को उनकी बेटी को एक युवक अपने रिश्तेदार की मदद से बहला-फुसलाकर ले गया।

परिजनों ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन युवती का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद थाने में शिकायत दी गई। पुलिस ने आगापुर निवासी प्रदीप के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

3. बस चालक पर लोहे की रॉड से हमला, तीन पर केस

रामपुर, संवाददाता। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में बस चालक पर लोहे की रॉड से हमला करने का मामला सामने आया है। घायल चालक की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

जजेज रोड निवासी वीर सिंह बस चालक हैं, जबकि उनका भाई विक्की कुमार प्रिंटिंग प्रेस में काम करता है। वीर सिंह के अनुसार पांच मार्च को वह बस से ड्यूटी करके घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में ओमकार, चंदा और रामचंद्र ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे।

विरोध करने पर आरोपियों ने लोहे की रॉड से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

4. युवक को रोककर लाठी-डंडों से पीटा

रामपुर, संवाददाता। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में चार लोगों ने एक युवक को रास्ते में रोककर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। रामजानकी मंदिर गंगापुर निवासी लक्की सैनी किसी काम से जा रहा था। आरोप है कि साईं बिहार ज्वालानगर में चार लोगों ने उसे रोक लिया। कारण पूछने पर आरो. पियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पसियापुरा निवासी सौरभ, अंकित तथा रामजानकी गंगापुर निवासी तरुण और सौरभ के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# समाज को एकसूत्र में बांधने का त्योहार है होली: आकाश

## शहर विधायक आकाश सक्सेना के रामपुर सेवक कार्यालय पर हुआ होली मिलन समारोह का आयोजन








### भाजपा नेताओं के साथ ही दूर दराज के गांवों से पहुंचे लोग, एक दूसरे को गले लगकर दीं होली की शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** शहर विधायक आकाश सक्सेना के रामपुर सेवक कार्यालय पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इसमें भाजपा नेताओं के साथ ही हजारों की संख्या में दूर दराज के गांवों के लोग सम्मिलित हुए। इस अवसर पर शहर विधायक ने कहा कि होली का पर्व समाज को एकसूत्र में पिरौने का पर्व है। उन्होंने एकता एवं भाईचारे का संदेश देने के साथ ही संगठित होकर समाज का सशक्त करने का संदेश दिया। कृष्णा विहार कालोनी में आयोजित होली मिलन समारोह का शुभारंभ पूजन के साथ हुआ। इसके बाद समारोह में सम्मिलित लोगों का भव्य स्वागत किया। सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि होली का पर्व समाज को एक सूत्र में बांधने वाला त्योहार है और यह परस्पर सद्भाव तथा सामाजिक समरसता का संदेश देता है। विधायक ने कहा कि रामपुर की जनता ने हमेशा भाईचारे और एकता की मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाने का कार्य करते हैं और आपसी संवाद को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से क्षेत्र के विकास और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान भी किया। पारंपरिक होली गीतों और ढोल की थाप पर लोगों ने उत्साह के साथ होली का आनंद लिया। कार्यक्रम में एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाल, निवर्तमान सांसद घनश्याम सिंह लोधी आदि उपस्थित रहे।

# वार्ड 36 में पेयजल संकट पर आप नेता मोहम्मद जफर ने उठाई आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर।** आम आदमी पार्टी के शहर अध्यक्ष एवं वार्ड 36 के सभासद मोहम्मद जफर ने वार्ड में पिछले कई महीनों से चल रहे पेयजल संकट पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि मोहल्ला घेर रहमत खान और ताश का बस्ती क्षेत्र में पानी का पंप लंबे समय से खराब पड़ा है, जिससे लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार नगर पालिका प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। मोहम्मद जफर ने कहा कि वार्ड का करीब 80 प्रतिशत हिस्सा पानी की समस्या से जूझ रहा है और कई जगह लोगों को गंदा पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है।

# अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा सम्पन्न 106 छात्रों ने दी परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर।** जनपद में अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। परीक्षा में कुल 106 छात्रों ने भाग लिया। परीक्षा केंद्र पर प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परीक्षार्थियों को समय से केंद्र में प्रवेश दिया गया और निर्धारित समय पर परीक्षा शुरू कराई गई। परीक्षा के दौरान केंद्र पर अनुशासन बना रहा और कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली। अधिकारियों के अनुसार परीक्षा शांतिपूर्वक और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा समाप्त होने के बाद छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ घर लौट गए। अटल आवासीय विद्यालय योजना के तहत श्रमिकों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को नि:शुल्क आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है, जिसके लिए हर वर्ष प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है।

# रामपुर में संत गाडगे महाराज जयंती समारोह आयोजित, मंत्री गुलाब देवी बोलीं-देश में विद्वानों, धनवानों और बलवानों की कमी नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** जिले में संत शिरोमणि गाडगे महाराज की जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार की माध्यमिक शिक्षा मंत्री ळनसंइ क्मअप शामिल हुईं। कार्यक्रम में उन्होंने शिक्षा, सकारात्मक सोच और महिला सशक्तिकरण को लेकर अपने विचार व्यक्त किए।



मंत्री गुलाब देवी ने अपने संबोधन में कहा कि देश में विद्वानों, धनवानों और बलवानों की कोई कमी नहीं है, बल्कि आवश्यकता सोच का दायरा बढ़ाने और शिक्षा को आगे बढ़ाने की है। उन्होंने कहा कि यदि समाज में शिक्षा और सकारात्मक सोच को बढ़ावा दिया जाए तो देश और अधिक मजबूत बन सकता है।

उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे समाज में अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकें। इस दिशा में उन्होंने प्रधानमंत्री छंतमदकतं डवकप और मुख्यमंत्री ल्वहप ।कपजलदंजी द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों का भी उल्लेख किया।

कार्यक्रम में लखनऊ स्थित ज्वाला पीठ के पीठाधीश्वर अशोक जी महाराज भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि धर्म व्यक्ति को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है और एक मजबूत व्यक्तित्व के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा के महत्व को समझने और बेहतर भविष्य के लिए पढ़ाई पर ध्यान देने की अपील की।

इस अवसर पर कई गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संत गाडगे महाराज के जीवन और उनके सामा. जिक कार्यों को याद करते हुए समाज में स्वच्छता, शिक्षा और सेवा के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

# बिलासपुर में पंथक सेमिनार का आयोजन, यूपी-उत्तराखंड के सैकड़ों सिख विद्वान शामिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलासपुर।** नैनीताल हाईवे स्थित जीरो प्वॉइंट के पास एक परिसर हॉल में तराई सिख महासभा के बैनर तले पंथक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के तराई क्षेत्र के कई जिलों से सैकड़ों सिख विद्वान और समुदाय के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरुद्वारों की मर्यादा को बनाए रखना और सिख समुदाय को पंथ के प्रति जागरूक करना रहा। सेमिनार में पंजाब के पूर्व जत्थेदार ज्ञानी केवल सिंह, केंद्रीय सिख सभा के सचिव डॉ. खुशपाल सिंह, तराई किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क, हरदीप सिंह दिबदिबा, खुशपाल कौर, निर्मल सिंह हंसपाल और हरबंस सिंह चुघ सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए तराई सिख महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रीतम सिंह संधू ने कहा कि यह सेमिनार साका ननकाना साहिब के शहीदों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी शासनकाल में गुरुद्वारों की मर्यादा की रक्षा के लिए तत्कालीन जत्थेदार लक्ष्मण सिंह समेत सैकड़ों सिखों ने शहादत दी थी। आज भी कई गुरुद्वारों में सरकारी हस्तक्षेप या अन्य तरीकों से मर्यादाओं को भंग करने और अवैध कब्जे के प्रयास हो रहे हैं, जिन्हें समुदाय को मिलकर रो. कना होगा। सेमिनार में मौजूद लोगों से हाथ उठाकर सहमति लेते हुए कई प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें गुरुद्वारों की मर्यादा को बनाए रखना, उन्हें अवैध कब्जों से मुक्त कराना, सिख महिलाओं की अलग विंग बनाना और समुदाय को जागरूक करना प्रमुख रहे। दोपहर से शाम तक चले इस सेमिनार के समापन पर महासभा के जिलाध्यक्ष शिवदेव सिंह भट्टी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन नानकमत्ता कमेटी के डायरेक्टर प्रतपाल सिंह ने किया। इस दौरान सूरज सिंह, जगदीश सिंह, रणजीत सिंह, लखविंदर सिंह, हरविंदर सिंह, अमरजीत सिंह, अवतार सिंह, सतवंत सिंह बागी, गुरचरण सिंह सिद्धू, गुरबाज सिंह संधू, फतेहवीर सिंह सहित महासभा के पदाधिकारी, सदस्य और सैकड़ों सिख नागरिक मौजूद रहे।

# नारी शक्ति समाज की असली ताकत: मोहन लाल सैनी


**शाह टाइम्स संवाददाता**

..................................

**रामपुर।** सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर सभी महिलाओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं।

उन्होंने कहा कि नारी शक्ति साहस, प्रेम, त्याग और समर्पण की प्रतीक है। समाज, परिवार और राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। आज महिलाएँ हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और मेहनत से नई ऊँचाइयाँ हासिल कर रही हैं और देश का नाम रोशन कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हमें यह अवसर देता है कि हम महिलाओं के सम्मान, उनके अधिकारों और उनके अमूल्य योगदान को याद करें तथा उनके सशक्तिकरण के लिए संकल्प लें। मोहन लाल सैनी ने कहा कि आइए इस अवसर पर हम सभी महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए मिलकर कार्य करने का प्रण लें। उन्होंने सभी माताओं, बहनों और बेटियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।



# युवा कल्याण सेवा समिति द्वारा सेवा सम्मान समारोह का आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

............................

**रामपुर।** रविवार को युवा कल्याण सेवा समिति द्वारा एक भव्य सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह मे उत्कृष्ट योगदान देने वाले समिति के सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्याक्रम में मुख्य अतिथि निवर्तमान सांसद घनश्याम सिंह लोधी रहे। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने संकल्प व्यक्त किया कि भविष्य में भी समिति जनहित एवं समाजसेवा के कार्यों को और अधिक व्यापक स्तर पर संचालित करती रहेगी तथा युवाओं को सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पदाधिकारीगण, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और युवा उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

### ऐनाबेल सदरलैंड के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने एकमात्र टेस्ट में भारतीय टीम को 10 विकेट से दी मात

**पर्थ, वार्ता।** ऐनाबेल सदरलैंड (कुल छह विकेट और 129 रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने एकमात्र टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को भारतीय टीम को दूसरी पारी में 129 रन पर ढेर करने बाद मिले 25 रनों के लक्ष्य को 4-3 ओवर में हासिल कर मुकाबला 10 विकेट से अपने नाम कर लिया।

यहां भारतीय महिला टीम ने कल के छह विकेट पर 105 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में एश्ले गार्डनर ने स्नेह राणा (30) को आउट कर भारत को सातवां झटका दिया। अगले ही ओवर में अलाना किग ने काश्वी गौतम (शून्य) का शिकार कर लिया। सायली सातघरे (तीन) को भी अलाना किंग ने 48वें ओवर में आउट किया। अगले ही ओवर में एश्ले गार्डनर ने एक छोर थामे रन बना रही प्रतिका रावल को आउट कर भारत की दूसरी पारी का 149 के स्कोर पर अंत कर दिया। प्रतिका रावल ने भारतीय टीम के लिए सर्वाधिक 63 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 137 गेंदों का सामना किया और आठ चौके लगाए। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 25 रनों का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया की ओर से लूसी हैमिल्टन ने तीन विकेट लिए।

ऐनाबेल सदरलैंड, अलाना किग और एश्ले गार्डनर को दो-दो विकेट मिले। डार्सी ब्राउन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में महज 4-3 ओवरों में बिना कोई विकेट गंवाए। 28 रन बनाकर मुक. ाबला अपने नाम कर लिया। जॉर्जिया वॉल (16) और फीबी लिचफील्ड (11) रन बनाकर नाबाद रही। भारतीय महिला टीम पहली पारी 198 रन बनाए।



## टेस्ट में लय नहीं बनाए रख सके : हरमनप्रीत

● **ऑस्ट्रेलिया में हर समय खेलकर बहुत खुश हूं और मुझे लगता है कि यह एक शानदार मैच था**

**पर्थ, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि हमने बहु प्रारूप सीरीज में मजबूत शुरुआत की, लेकिन वाका ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में लय बनाए नहीं रख सके और मुकाबला हार गए। टेस्ट में मिली हार के बाद कौर ने कहा कि हमने बहुत अच्छी शुरुआत की, टी-20 में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला लेकिन दुर्भाग्य से, उसके बाद, हम इसे जारी नहीं रख पाए, लेकिन मुझे लगता है कि कुल मिलाकर यह एक अच्छी सीरीज थी। ऑस्ट्रेलिया में हर समय खेलकर बहुत खुश हूं, और मुझे लगता है कि यह एक शानदार मुकाबला था।

उन्होंने कहा कि मल्टी-फॉर्मेट सीरीज और पिक-बॉल टेस्ट खेलना टीम के लिए एक कीमती अनुभव था। उन्होंने कहा कि यह बहुत मजेदार था, और उम्मीद है कि भविष्य में भी हमें इस तरह के टूर्नामेंट मिलते रहेंगे क्योंकि इससे आपको बहुत कॉन्फिडेंस मिलता है। टेस्ट क्रिकेट कुछ ऐसा है जिसे हम सब सच में खेलना चाहते हैं, और पिक-बॉल कुछ ऐसा था जो बहुत चुनौतीपूर्ण था और उम्मीद है कि भविष्य में भी हमें इस तरह के चैलेंज मिलेंगे। कौर ने टूर के दौरान सपोर्ट के लिए प्रशंसकों को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि और सभी इंडियन फैंस और क्रिकेट फैंस का धन्यवाद जो हमें देखने के लिए यहां आए। मुझे पता है कि आज का दिन हमारे लिए अच्छा नहीं था, लेकिन मुझे यकीन है कि भविष्य में हम उन्हें गर्व महसूस कराएंगे।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### इंग्लैंड व द. कोरिया ने FIH हॉकी विश्व कप क्वालिफायर मुकाबले जीते

**हैदराबाद, वार्ता।** एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालिफायर 2026 के पहले दिन इंग्लैंड की महिला टीम ने रविवार को एक कड़े मुकाबले में इटली को हराया, जबकि दक्षिण कोरिया ने ऑस्ट्रिया को शिकस्त दी। यहां जीएमसी बालयोगी हॉकी ग्राउंड (गाचीबोवली हॉकी कॉम्प्लेक्स) में खेले गये मुकाबले में इंग्लैंड की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटली को 5-2 तथा एक अन्य मुकाबले में दक्षिण कोरिया की महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया। इंग्लैंड के लिए ग्रेस बाल्सडन ने (12वें, 32वें), लोटी लबगहैम ने (15वें), एलिजाबेथ नील ने (16वें) और एना टोमन ने (27वें) मिनट में गोल किए, जबकि इटली के लिए इवाना पेसिना ने (19वें) और फेडेरिका कार्टा ने भी एक गोल किया। दूसरे मैच में, कोरिया के लिए सियोना किम ने (34वें) अकेली गोल करने वाली खिलाड़ी थीं।

#### मंगलवार सुबह भारत से प्रस्थान करेगी विंडी और द. अफ्रीका की टीम

**कोलकाता, वार्ता।** विंडीज और दक्षिण अफ्रीका को टीमें मंगलवार की सुबह को चार्टर विमान में जोहैनेसबर्ग और वहां से वेस्टइंडीज का दल एंटीगुआ के लिए उड़ान भरेगा। दोनों टीमों को रविवार को भारत से रवाना होने की उम्मीद थी लेकिन आज अपरान्ह उन्हें नई तारीख की पुष्टि दी गई। दक्षिण अफ्रीका टीम के तीन सदस्य केशव महाराज, जॉर्ज ललडे और जेसन स्मिथ पूरे टीम प्रबंधक के साथ आज ही न्यूजीलैंड के लिए रवाना होंगे क्योंकि 15 मार्च से दक्षिण अफ्रीका को वहां पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति के कारण एयरस्पेस बंद होने या सीमित होने के चलते दोनों टीमों में नाराजगी है।

## हर जिला स्पोर्ट्स में एक्टिव हो हर बेटी कॉन्फिडेंट हो : खडसे



● **अस्मिता कार्यक्रम के तहत देशभर में 250 जगहों पर एथलेटिक्स लीग का शुभारंभ करते हुए यह बात कही**

**औरंगाबाद, वार्ता।** खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने रविवार को कहा कि समर ओलंपिक गेम्स और दूसरे मल्टी-डिसिप्लिन प्रतियोगिताओं में भारत के पदकों की संख्या में तभी सुधार हो सकता है जब स्पोर्ट्स में महिलाओं की भागीदारी कई गुना बढ़े।

तथा हर जिला स्पोर्ट्स में एक्टिव हो, हर बेटी कॉन्फिडेंट हो और फिटनेस राष्ट्रीय आदत बन जाए। श्रीमती खडसे ने आज यहां छत्रपति संभाजीनगर के गरखेड़ा में डिविजनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर (अची. विग स्पोर्ट्स माइलस्टोन बाय इंस्पायरिग विमेन थ्रू एक्शन) अस्मिता कार्यक्रम के तहत देशभर में 250 जगहों पर एथलेटिक्स लीग का शुभारंभ करते हुए यह बात कही।

इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री ने अस्मिता बैनर के तहत योग, वुशु, किकबॉक्सिग और वेटलिफ्टिग लीग का भी उद्घाटन किया, साथ ही एक साइक्लोथॉन और वॉकथॉन को भी हरी झंडी दिखाई।

खेल राज्यमंत्री कहा कि हर डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स में एक्टिव हो, हर बेटी कॉन्फिडेंट हो, और फिटनेस एक नेशनल आदत बन जाए। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया, फिट इंडिया, माय भारत और अस्मिता के जरिए हम एक मजबूत, फिट और सशक्त भारत बना रहे हैं। प्रधानमंत्री के विजन के तहत, भारत का स्पोर्ट्स इकोसिस्टम लगातार अधिक समावेशी और महिला-केंद्रित बन रहा है।

## रैंडेल का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में ऐतिहासिक प्रदर्शन

● **प्रथम श्रेणी में पांच गेंदों में लगातार पांच विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने**

**न्यूजीलैंड, वार्ता।** सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के तेज गेंदबाज ब्रेट रैंडेल ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पांच गेंदों में लगातार पांच विकेट लेकर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। ब्रेट रैंडेल ने रविवार को यह कारनामा प्लंकेट शील्ड मैच के दूसरे दिन नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट के खिलाफ मुकाबले में किया है। इसी के साथ वह प्रथम श्रेणी में यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले गें. दबाज बन गए। रैंडेल का स्पेल इतना खतरनाक रहा कि नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट ने केवल नौ के स्कोर पर ही अपने पांच विकेट गंवा दिए।

रैंडेल ने दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर हेनरी कूपर को आउट करते हुए विकेट लेने का यह सिलसिला शुरू किया। अगले ओवर की पहली गेंद पर उन्होंने राउंड द विकेट से आकर जीत रावल की गिल्लियां बिखेर दीं। दूसरी गेंद पर जो कार्टर को विकेट के पीछे कैच कराते हुए उन्होंने अपनी हैट्रिक पूरी की। रॉबर्ट ओ 'डॉनेल ने अगली गेंद पर स्लिप में कैच थमाया। क्रिस्टियन क्लार्क ने अगली गेंद पर ऑफ स्टंप के बाहर बल्ला चलाया और गेंद अंदरुनी किनारा लेकर स्टंप में जा लगी। इस समय रैंडेल के गेंदबाजी आंकड़े 2-4-1-2-5 थे जिस पर भरोसा कर पाना बेहद मुश्किल था। थोड़ी ही देर बाद वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में आठ गेंदों में छह विकेट लेने वाले भी पहले गेंदबाज बने थे। अपनी उपलब्धि पर रैंडेल ने कहा कि मैं भरोसा नहीं कर पा रहा हूं। यह ऐसा लम्हा था जब मुझे लगा कि कोई आकर मुझे पिच करे। मैं एकाग्र रहकर गेंद को एक ही जगह गिराने की कोशिश कर रहा था और हैट्रिक के बाद भी मैंने वही करना जारी रखा। मुझे इसका बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि यह पहली बार हुआ 'प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पांच गेंदों में पांच विकेट'। मेरे पास फिलहाल शब्द नहीं हैं। मैं ईमानदारी से कहूं तो मजा आया। रैंडेल को सात विकेट लेने के लिए केवल 3-5 ओवर ही लगे। उन्होंने 11 ओवर में 25 देकर सात विकेट झटक कर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट की टीम केवल 82 के स्कोर पर ढेर हो गई।

## मेली केर सात विकेट लेकर तोड़ा रिकॉर्ड

● **न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और जिम्बाब्वे को मात्र 102 रनों पर समेट दिया**



**डुनेडिन, वार्ता।** मेली केर (34 रन देकर सात विकेट) के ऐतिहासिक गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने रविवार को डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल में दूसरे एकदिवसीय मैच में जिम्बाब्वे को आठ विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ केर ने जैकी लॉर्ड के 44 साल पुराने रिकार्ड को भी तोड़ दिया। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। केर ने 34 रन देकर सात विकेट झटके और जिम्बाब्वे को मात्र 102 रन पर समेट दिया, जिससे जैकी लॉर्ड का 44 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। लॉर्ड ने आईसीसी महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 1982 में भारत के खिलाफ 6/10 का रिकॉर्ड बनाया था, जो इससे पहले एकदिवसीय में न्यूजीलैंड की किसी महिला का सबसे अच्छा गेंदबाजी प्रदर्शन था। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार यह महिला एकदिवसीय में सात विकेट लेने का सातवां मौका था।

केर इस उपलब्धि के साथ पाकिस्तान की साजिदा शाह, इंग्लैंड की जो चेम्बरलेन, वेस्ट इंडीज की अनीसा मोहम्मद और ऑस्ट्रेलियाई तिकड़ी अलाना किंग, एलिस पेरी और शेली निट्स्के की सूची में शामिल हो गईं। इससे पहले, मॉली पेनफोल्ड ने 17 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे जिम्बाब्वे का शीर्ष क्रम ध्वस्त हो गया और मेहमान टीम 48 रन पर तीन विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी। इसके बाद केर ने आक्रमण की जिम्मेदारी को संभाला और सी धुरुरू को बोल्ड करके टीम को गिराना शुरू किया। उन्होंने मोडेस्टर मुपाचिकवा, क्रिस्टाबेल चैटोंजवा, एडेल जिम. ुनु, न्याशा ग्वानजुरा, ऑड्रे माज. विशाया और तेंदई मकुशा को जल्दी-जल्दी आउट किया, जिससे मेजबान टीम ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। केर ने बल्ले से भी अहम योगदान दिया, लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने सबसे अधिक 45 रन बनाए, जिससे न्यूजीलैंड ने आराम से आठ विकेट से जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड की महिला टीम ने तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।



● टी-20 विश्व कप फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार शॉट लगाते ईशान किशन ईशान ने 25 गेंदों में 54 रन बनाए



● न्यूजीलैंड का विकेट गिरने पर खुशी मनाते भारतीय टीम के खिलाड़ी

## वैष्णवी अदकर ने जीता ITFW-35 कलबुर्गी का खिताब

● **वैष्णवी अदकर ने फाइनल में हमवतन अंकिता रैना को 7-6(3), 6-4 से हराकर खिताब अपने नाम किया**



**कलबुगी, वार्ता।** भारत की वैष्णवी अदकर ने रविवार को फाइनल में हमवतन अंकिता रैना को 7-6(3), 6-4 से हराकर आईटीएफ डब्ल्यू 35 कलबुर्गी का एकल खिताब अपने नाम किया। यहां खिताबी मुकाबले में तीसरी सीड अदकर ने मैच की जबरदस्त शुरुआत की, दोनों विग से क्लीन विनर लगाकर शुरुआती गेम में दो ब्रेक पॉइंट हासिल किए, फिर रैना की एक गलती से सर्व ब्रेक करवाया।

उसने शुरुआती बढ़त को मजबूत करते हुए एक आरामदायक पकड़ बनाकर 2-0 की बढ़त बना ली। रैना ने धीरे-धीरे अपनी लय पकड़ी, कोर्ट की चौड़ाई का अच्छा इस्तेमाल करके सर्व होल्ड किया और फिर अदकर की एक गलती का फ़ायदा उठाकर ब्रेक बैक किया और स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। जैसे ही अदकर ने कोर्ट में कदम रखा, मोमेंटम बदलता रहा और उन्होंने एग्रे. सिव रिटर्न मारकर फिर से ब्रेक करके 3-2 की लीड ले ली, लेकिन रैना ने भी अपने अटैकिंग रिटर्न से जवाब देकर स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। दोनों खिलाड़ियों ने कई कड़े गेम खेले, जिसमें अदकर ने ड्रॉप शॉट लगाकर रैना की रिदम बिगाड़ी। सेट तब तक कड़ा रहा जब तक अदकर ने ब्रेक करके 5-4 की लीड नहीं ले ली, लेकिन रैना ने तुरंत ही मजबूत फोरहैंड से वापसी करते हुए मुकाबला टाई-ब्रेक में पहुंचा दिया। ब्रेकर में, रैना की लगातार गलतियों की वजह से अदकर ने 3-0 की लीड ले ली, फिर कॉन्फिडेंट शॉट मारकर अपनी बढ़त 5-1 कर ली।

हालांकि रैना ने अंतर 6-3 कर दिया, लेकिन अदकर ने एक मजबूत सर्व के साथ सेट 7-6(3) से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट की शुरुआत में मोमेंटम में और उतार-चढ़ाव आया क्योंकि रैना ने शुरुआती गेम में ब्रेक किया, लेकिन अदकर ने सीधे वापस ब्रेक किया। अदकर की गलतियों के बाद रैना फिर से आगे निकल गईं, लेकिन यह लीड ज्यादा देर तक नहीं टिकी क्योंकि अदकर ने एक बार फिर ब्रेक किया और कंट्रोल करने के लिए सर्व बनाए रखा। अदकर के बैकहैंड रिटर्न छठे गेम में अहम साबित हुए, जब उन्होंने रैना की सर्विस तोड़ी और 4-2 से आगे हो गईं। रैना ने आक्रामक रिटर्न करके वापसी की और मुकाबले में बने रहे, लेकिन आखिरी समय में अडकर ने अपनी पकड़ बनाए रखी। उन्होंने 5-4 तक सर्विस बनाए रखी और फिर रैना की कुछ गलतियों का फायदा उठाकर अगले गेम में तीन ब्रेक पॉइंट हासिल किए।

## मिलिंद सोमन, रागिनी द्विवेदी, सिमरन शर्मा, नंदिनी अगासरा ने लिया फिट इंडिया कार्निवल में हिस्सा

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज ली ताहुहू ने 15 साल के करियर के बाद एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट वेबसाइट के अनुसार 2011 में ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 साल की उम्र में एकदिवसीय क्रिकेट में पर्दापण करने वाली ताहुहू ने 103 एकदिवसीय मैच में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने सफेद गेंद प्रारूप में 125 विकेट लिए हैं, जो इस फॉर्मेट में किसी गें. दबाज द्वारा लिए गए सबसे अधिक विकेट हैं। ताहुहू उन 12 खिलाड़ियों में से हैं जिन्होंने न्यूजीलैंड की महिला टीम के लिए 100 से अधिक एकदिवसीय मैच खेले हैं और आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के चार एडिशन का हिस्सा रही हैं। 2023 में महिला एकदिवसीय टीम ऑफ द ईयर चुनी गई ताहुहू ने कहा कि अब 50 ओवर के प्रारुप से दूर जाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड की शर्ट पहनना हमेशा से मेरे लिए खुशी और सम्मान की बात रही है।

एक गेम खेलना एक कमाल का एहसास था। एकदिवसीय क्रिकेट में 100 से अधिक बार शर्ट पहनना और अपने देश और अपने परिवार को रिप्रेजेंट करना, ऐसा कुछ है जिसके बारे में मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। मैं हर पल को संजो कर रखूंगी और वनडे गेम से इस फॉर्मेट में जो कुछ भी हासिल कर पाई हूं, उस पर बहुत गर्व के साथ जाऊंगी। न्यूजीलैंड टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने टीम में उनके शानदार योगदान और एकदिवसीय क्रिकेट में उनके शानदार रिकॉर्ड के लिए ताहुहू की तारीफ की। सॉयर ने कहा कि अपने देश की ऑल-टाइम लीडिग विकेट-टेकर के तौर पर एक फॉर्मेट से हटना एक ऐसी अचीवमेंट है जिस पर ली को बहुत गर्व होना चाहिए। ली ने एकदिवसीय गेम की ऊंचाइयों को छुआ है और न्यूजीलैंड के लिए फॉर्मेट में गेंदबाजी के नए मानक तय किए हैं। ताहुहू टी-20 प्रारुप में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करती रहेंगी।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 9 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ममता का धरना

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का एसआईआर के बाद मतदाता सूची में कथित मनमानी तरीके से नाम हटाए जाने के विरोध में चल रहा धरना रविवार को तीसरे दिन में प्रवेश कर गया, जिसमें टीएमसी सुप्रीमो ने भाजपा पर वैध मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाने के लिए लुप्त आयोग का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उनकी यह टिप्पणी ऐसे दिन आई है जब राज्य विधानसभा चुनावों से पहले चुनावी तैयारियों की समीक्षा करने के लिए चुनाव आयोग की पूरी पीठ कोलकाता पहुंचने वाली है। बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि देश अपनी लोकतांत्रिक नींव पर अभूतपूर्व और प्रत्यक्ष हमले का सामना कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, अपने एक राष्ट्र, एक नेता, एक पार्टी के उन्माद में, भाजपा ने अपने जनविरोधी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हर लोकतांत्रिक संस्था और हर संवैधानिक पद का व्यवस्थित रूप से दुरुपयोग किया है। बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा का अंतिम लक्ष्य बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान को अपने पार्टी घोषणापत्र से प्रतिस्थापित करना है। टीएमसी सुप्रीमो ने आरोप लगाया, सालों से वे बंगाल के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों, राष्ट्रीय आयोगों, चाटुकार गोदी मीडिया और न्यायपालिका के एक आज्ञाकारी वर्ग को लगा रहे हैं। वे वैध मतदाताओं को मतदाता सूची से मिटाने के लिए लुप्त आयोग का दुरुपयोग कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने भाजपा नेतृत्व को दिल्ली के जमींदार बताया और दावा किया कि वे बंगाल को अपने अधीन करने के अपने मिशन में कभी सफल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि धर्मातला में हमारा धरना उन सभी बांग्ला-विरोधी एजेंडों का जवाब है जो इस राज्य के लोगों को अपमानित करने, डराने-धमकाने और सताने की कोशिश करते हैं। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) को लेकर बढ़ते विवाद के बीच आई है, जिसके बारे में टीएमसी का दावा है कि इससे बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। 28 फरवरी को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल नवंबर में एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद से लगभग 63.66 लाख नाम- मतदाताओं के लगभग 8.3 प्रतिशत-हटा दिए गए हैं, जिससे मतदाता आधार लगभग 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ से थोड़ा अधिक रह गया है। इसके अतिरिक्त, 60.06 लाख से अधिक मतदाताओं को न्यायिक जांच के अधीन श्रेणी में रखा गया है, जिसका अर्थ है कि आने वाले हफ्तों में कानूनी जांच के माध्यम से उनकी पात्रता निर्धारित की जाएगी, एक ऐसी प्रक्रिया जो निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर चुनावी समीकरणों को और अधिक रूप दे सकती है। सुश्री बनर्जी ने दावा किया कि जहां भाजपा की एकमात्र प्राथमिकता सत्ता है, वहीं उनकी प्राथमिकता हमेशा से जनता रही है।

## गरीबों को शर्मिंदा किया जाता है



वह गरीबों तथा अमीरों को मिलने वाली मुफ्त सरकारी सुविधाओं के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इस बारे में विचार करते समय ईमानदारी बहुत जरूरी है, गरीबों को दी जाने वाली सरकारी सुविधा का मजाक उड़ाया जाता है, जबकि अमीर लोगों को दी जाने वाली सुविधा को सम्मान बताया जाता है, जब गरीबों को जीवनयापन के लिए सब्सिडी मिलती है, तो इसे रेवड़ी और मुफ्त सुविधाएं कहा जाता है, जब अडानी और अंबानी को कौड़ियों के भाव जमीन, कर छूट और करोड़ों के ऋण माफ किए जाते हैं, तो इसे विकास कहा जाता है, गरीबों को शर्मिंदा किया जाता है, शक्तिशाली लोगों का गुणगान किया जाता है, मैं मुफ्त सुविधाओं के बारे में बातचीत के लिए तैयार हूं, लेकिन आइए ईमानदारी से दोनों पक्षों पर विचार करें।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# विश्व में शांति का ठेका और नोबल शांति पुरस्कार की इच्छा



**तनवीर जाफरी**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जिद, सनक और हठधर्मी ने इस समय लगभग पूरी दुनिया को एक खतरनाक युद्ध में झोंक दिया है। अमेरिका व इस्राईल द्वारा अकारण ईरान पर थोपा गया एक ऐसा युद्ध जिसके अंजाम को लेकर विश्व के बड़े बड़े सामरिक विशेषज्ञ भी कोई भविष्यवाणी कर पाने में असमर्थ हैं। ईरान, इस्राईल और अमेरिका के बीच चल रहे इस युद्ध की लपटें फिलहाल मध्य पूर्व से भी आगे तक फैल चुकी हैं। लगभग 20 से अधिक देश इस युद्ध से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो चुके हैं। गत 28 फरवरी से शुरू हुए इस युद्ध में अब तक हजारों निर्दोष लोगों की मौतें हो चुकी हैं। इसी युद्ध के परिणाम स्वरूप जहां ईरान ने अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई को खो दिया है वहीं युद्ध छिड़ने के पहले ही दिन यानी 28 फरवरी की सुबह को ही ईरान के दक्षिणी शहर मिनाब में अमेरिका और इस्राईल ने शाजारे तैय्यबह गर्ल्स प्राइमरी स्कूल पर उस वक्त हमला किया जब बच्चियां अपने अपने क्लास में पढ़ रही थीं। इस हमले में 175 तक छात्राएं मारी गईं जिनमें अधिकांश की उम्र 7-12 साल की थी। स्कूल का दो मंजिला भवन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ईरान पर थोपा गया यह युद्ध किसी न किसी रूप में कुवैत इराक, बहरीन, सऊदी अरब, यूएई, ओमान, कतर, जॉर्डन, तुर्की, अजरबैजान, साइप्रस व यमन तक पहुंच गया है। यहां तक कि भारत-लंका के समुद्रीय क्षेत्र में भी अमेरिकी पनडुब्बी ने समुद्री हमला कर भारत में अतिथि के रूप में आए ईरान के एक नेवल जहाज को डुबो दिया है। अमेरिका-इस्राईल की इन सैन्य कार्रवाइयों से जहां पूरे विश्व की ऊर्जा जरूरतों के प्रभावित होने की संभावना है वहीं बढ़ते तेल संकट और विभिन्न हवाई क्षेत्र बंद होने से भी इस युद्ध का वैश्विक प्रभाव पड़ा है।

पूरे विश्व में दिनोंदिन फैलती जा रही इस अशांति के सबसे बड़े जिम्मेदार केवल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप उनकी हठधर्मिता उनकी सनक व जिद को माना जा रहा है। जी हां, यह वही ट्रंप हैं जो अपने आप को स्वयंभू विश्व शांति दूत समझते हैं और विश्व का सबसे प्रतिष्ठित समझा जाने वाला नोबल शांति पुरस्कार पाने हेतु हमेशा लालायित नजर आते रहे हैं। उन्होंने समय समय पर न केवल नोबल शांति पुरस्कार प्राप्त करने की इच्छा कई बार सार्वजनिक रूप से व्यक्त की है बल्कि इसके लिए सक्रिय रूप से प्रयास भी किए हैं। वे स्वयं को इस पुरस्कार के योग्य समझते हुए कहते भी रहे है कि मैं इसका हकदार हूं ट्रंप ने तो 2017-2021 के अपने पहले कार्यकाल से ही नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने की इच्छा जतानी शुरू कर दी थी। जोकि उनका दूसरा कार्यकाल आते आते 2025 में और अधिक तीव्र हो गई। अपने इस दावे के पक्ष में वे अपने शासनकाल की अमेरिकी विदेश नीति के फैसलों को पेश किया करते थे। हालांकि ट्रंप कई अवसरों पर यह भी कह चुके हैं कि वे नोबल शांति पुरस्कार के हकदार तो जरूर हैं परन्तु उन्हें लगता है कि इस पुरस्कार का निर्णय करने वाली नॉर्वेजियन नोबल कमेटी यह पुरस्कार उन्हें कभी नहीं देगी, जबकि 2025 में तो ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र की सभा में यह कहा था कि ष्हर कोई कहता है कि मुझे नोबल शांति पुरस्कार मिलना ही चाहिए।

हद तो यह है कि ट्रंप ने इस पुरस्कार के लिए इस तरह की बातें कीं यहां तक कि अपने असहज करने वाले बयानों से नोबल कमेटी पर इसके लिए दबाव बढ़ाने की कोशिश की जो नोबेल शांति पुरस्कार के इतिहास में इसके पहले किसी भी दावेदार द्वारा नहीं की गई। उदाहरण के तौर पर एक बार उन्होंने अमेरिकी सैनिकों से बातचीत के दौरान कहा कि वे (नॉर्वेजियन नोबेल कमिटी) इसे किसी ऐसे व्यक्ति को देंगे जिसने कुछ नहीं किया, लेकिन मुझे नहीं देंगे, जबकि मैं इसके योग्य हूं। इसके अलावा ट्रंप ने नॉर्वे के वित्त मंत्री जेन्स स्टोल्टेनबर्ग जोकि पूर्व नाटो प्रमुख भी हैं, को फोन कर यह पुरस्कार हासिल करने के लिए लॉबिंग की। उन्होंने 2025 में इस्राईली बंधकों के परिवारों से भी उन्हें पुरस्कार देने की अपील कराई। ट्रंप को इस्राईली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू व पाकिस्तान द्वारा इस पुरस्कार हेतु नामांकन भी कराया गया।

ट्रंप स्वयं को विश्व शांतिदूत इसलिए समझते थे कि उनका दवा था कि उन्होंने विश्व में 8 युद्ध समाप्त किए। इन दावों के समर्थन वे इस्राईल और हमास के बीच गजा युद्ध में सीज फायर डील, रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की कोशिशें, इस्राईल -ईरान, भारत-पाकिस्तान, थाईलैंड-कंबोडिया, और अजरबैजान-अल्बानिया के बीच संघर्ष रुकवाने जैसे दावे करते रहे हैं। हालांकि इनमें से कई दावे हास्यास्पद भी हैं, क्योंकि इनमें से कई जगह या तो युद्ध अभी भी जारी हैं या फिर इनमें अमेरिका (ट्रंप) की कोई निर्णायक भूमिका नहीं थी। या फिर कुछ देश श्ट्रंप हस्तक्षेप या मध्यस्थता मानने को तैयार नहीं। दूसरी तरफ आंकड़े यह बताते है कि इसी स्वयंभू शांतिदूत के कार्यकाल में 2017 में अमेरिकी सैन्य कार्रवाइयों से इराक, सीरिया, अफगानिस्तान और यमन में 499 नागरिकों की मौत हुई। इन्हीं के कार्यकाल में अफगानिस्तान में युद्ध ने 2,463 अमेरिकी सैनिकों और नागरिकों की जान ली। इसी तरह ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में 2025-2026 के दौरान ईरान और वेनेजुएला जैसे देशों पर हमले किए गए। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरै को उनकी पत्नी सहित अपहृत कर अमेरिका ले जाया गया। 2025 में अलकायदा के एक दुर्दांत आतंकी सरगना अहमद हुसैन अल शरा को सीरिया का राष्ट्रपति थोप दिया गया। क्योंकि राष्ट्रपति निक. ोलस मदुरै की ही तरह पूर्व राष्ट्रपति बशर अलअसद, भी ट्रंप व अमेरिका के पिछलग्गू नहीं थे और अब ट्रंप ने इस्राईल से अपनी दोस्ती निभाते हुए ईरान को एक बार फिर ऐसे युद्ध में लपेट लिया है जहां विनाश का अभूतपूर्व इतिहास लिखा जा रहा है और निःसंदेह इस विनाश के जनक और कोई नहीं बल्कि केवल स्वयंभू विश्व शांतिदूत राष्ट्रपति ट्रंप ही हैं।

केवल तेल संपदा पर नियंत्रण के लिए वेनेजुएला से लेकर ईरान तक और ईरान युद्ध के चलते विश्व में अशांति फैलाने वाले ट्रंप का नोब. ेल शांति पुरस्कार के लिए इस कद्र मचलना वास्तव में हैरान करने वाला है। खासकर तब और भी अधिक जबकि एप्सटीन फाइल्स में उनके कथित कारनामे न केवल पूरे अमेरिका बल्कि पूरी मानवता को शर्मसार करने वाले हो सकते हैं। ट्रंप का कत्लो गारत का यह मिशन अभी पूरा नहीं हुआ है, क्योंकि वे स्वयं ईरान के बाद अब क्यूबा पर हमले की योजना बना रहे हैं। गोया एक तरफ तो ट्रंप ने पूरे विश्व में अशांति फैलाने का ठेका भी ले रखा है और दूसरी तरफ नोबेल शांति पुरस्कार की इच्छा भी पाले हुए हैं?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सिर्फ पढ़ाई ही नहीं साथ में करें कमाई भी

अगर आप कॉलेज में पढ़ाई के साथ-साथ कुछ अर्न भी करना चाहते हैं तो यह खबर आपके लिए है। अर्निंग हैबिट हर किसी को जिम्मेदार और आत्मनिर्भर बनाता है और अगर कॉलेज के दिनों में आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाने का मौका मिले, तो क्या कहना? आइए आपको बताते हैं कि आप पढ़ाई के साथ कुछ घंटे काम करके कॉलेज के दौरान कैसे 10 से 20 हजार रुपए मंथली कमा कर खुद को सहारा दे सकते हैं।

### सोशल मीडिया स्ट्रेटेजिस्ट

सोशल मीडिया के बढ़ते असर को देखते हुए कॉरपोरेट कंपनियां, पॉलिटीशियन, सरकारी महकमों आदि में सोशल मीडिया मैनेज करने वालों की मांग तेजी से बढ़ी है। इसमें वैसे लोगों की मांग बढ़ी है, जिसको फेसबुक, ट्विटर, लिंक्डइन, यूट्यूब आदि की समझ हो और इसको अच्छे से मैनेज करने की क्षमता रखते हों। कॉलेज स्टूडेंट इस काम को पढ़ाई के साथ बेहतर तरीके से कर सकते हैं। इसके लिए कोई एक्सट्रा नॉलेज या स्पेस की जरूर नहीं होगी। आपको कंटेंट और टेक्नोसेवी होना होगा। इसके लिए अगर आप रोज 2 से 4 घंटे देकर काम करते हैं तो 10 से 20 हजार रुपए तक कमा सकते हैं। एक बार आपका काम कंपनी या व्यक्ति को समझ में आ जाने के बाद काम लेने के लिए ज्यादा मशक्कत नहीं होगी।

### ऑनलाइन रिसर्चर

आज के इस कम्पटेटिव दौर में ज्यादातर कंपनियां प्रोडक्ट लॉन्च करने से पहले ऑनलाइन रिसर्च करती हैं। इसके अलावा कॉलेज भी अलग-अलग टॉपिक पर रिसर्च कराते हैं। इसके लिए कॉलेज के डिपार्टमेंट्स पेड रिसर्च को पार्ट टाइम हायर करते हैं। हालांकि, इस फील्ड में काम करने के लिए आपके पास पहले से थोड़ा-बहुत अनुभव होना चाहिए। अगर आप किसी प्रोडक्ट या सबजेक्ट को लेकर ऑनलाइन रिसर्च कर रहे हैं तो उस के विषय में पहले से जानकारी बहुत जरूरी है। तभी आप सही तरीके से रिसर्च कर सकते हैं। इस वर्क करने के दो फायदे मिलेंगे। एक तो कमाई होगी और दूसरा आपके बायोडाटा में यह एक एडेड एडवांटेज के तौर पर जुड़ जाएगा। ऑनलाइन रिसर्चर के तौर पर आप महीने में 15 से 20 हजार रुपए कमा सकते हैं। इसके लिए आपको 2 से 5 घंटे देने होंगे।

### फास्ट फूड शॉप में पार्ट टाइम जॉब

कॉलेज के बाद पार्ट टाइम जॉब के रूप में आप कॉफी-डे, बरिस्ता, केएफसी, डोमिनोज, बड़े डिपार्टमेंट स्टोर का रुख कर सकते हैं। इस तरह के फास्ट फूड स्टोर और डिपार्टमेंट स्टोर में आमतौर पर शाम के वक्त ज्यादा लोगों की जरूरत होती है। ऐसा नहीं कि सिर्फ शाम के वक्त ही ये पार्ट टाइम जॉब ऑफर करते हैं। सुबह, दोपहर और नाइट में भी पार्ट टाइम का ऑफर रहता है। ये यंग लड़के को पार्ट टाइम के तौर पर रखने की प्रमुखता देते हैं। इस तरह के डिपार्टमेंटल स्टोर में 3 से 6 घंटे काम करने का ऑफर हमेशा होता है। 3 से 5 घंटे काम कर मंथली 8 से 15,000 रुपए कमा सकते हैं। कमाई के साथ ये ड्रिंक (काफी, ठंडा) और मील (खान) मुफ्त में देते हैं।



इससे छात्रों की फूडिंग परेशानी दूर हो जाती है।

### इवेंट प्लानिंग

अगर, आप किसी मेट्रो सिटी या बड़ी सिटी में पढ़ाई कर रहे हैं तो आप रोज किसी न किसी इवेंट से रूबरू जरूर हो रहे होंगे। बड़े शहरों के अलावा टियर टू और थ्री शहरों में इवेंट ऑर्गेनाइजर की मांग तेजी से बढ़ी है। इसके चलते इस सेक्टर में काम करने वाली कंपनियों को नए हैंड की जरूरत बढ़ी है। वे इसके लिए पार्ट टाइम लड़के या लड़कियों को हायर करते हैं। इवेंट कंपनी में पार्ट टाइम जॉब की टाइमिंग 4 से 6 घंटे की होती है। इवेंट कंपनी में काम करने के सबसे बड़ा फायदा उन स्टूडेंट को मिलता है तो मैनजमेंट (बीबीए या एमबीए) कर रहे होते हैं। उनको इवेंट के दौरान मैनजेमेंट के गुर सिखने को मिलते हैं। साथ ही वो ऐसे चैलेंज से भी अवगत हो जाते हैं, जो काम के दौरान भविष्य में उनके सामने आने वाले होते हैं। वो अपने काम को अपने रेज्यूमे में दिखा सकते हैं, जिससे कैम्पस सेलेक्शन में भी आसानी होती है। इवेंट कंपनी में काम कर महीने के 10 से 20 हजार रुपए की कमाई आसानी से कर सकते हैं। महीने में 15 से 20 दिन काम करना होगा। काम 4 से 6 घंटा करना होगा।

### कंटेंट एडिटिंग एंड राइटिंग

अगर, आपको लिखने का शौक या भाषा पर अच्छी पकड़ है तो आप कंटेंट का काम कर अच्छी खासी रकम कमा सकते हैं। इसमें आपको कंटेंट एडिटिंग से लेकर राइटिंग का काम कर सकते हैं। कंटेंट एडिटर के तौर पर आप जिस भाषा में काम करेंगे उस पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए।

# अमेरिका की कूटनीति नहीं दादागिरी!

**विनीत नारायण**



आज दुनिया में हर ओर युद्ध, तबाही और अराजकता का दौर है। विकास की गति रुक रही है। अनिश्चितता का वातावरण है। अनेक देशों के नेता ही मवालियों की तरह बर्ताव कर रहे हैं। जबकि विश्व के लोग हमेशा शांति और विकास चाहते हैं। कोई भी युद्ध नहीं चाहता। हर कोई यह चाहता है कि दुनिया के हर मुल्क में स्थिरता का माहौल बना रहे। इसी उठा-पटक में अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सबसे आगे हैं। ट्रम्प ही क्यों, अमरीका की तो फितरत ही रही है कि कोई बहाना ढूंढ कर कमजोर देशों को दबाना और उनके संसाधनों पर कब्जा करना। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट ने अमेरिका की कूटनीति और युद्ध रणनीति पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट काफी वायरल हुई जिसमें लिखा है कि, प्रिय दुनिया, क्या तुम अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा झूठ बोलने से थक नहीं गए हो? क्या तुम उस साम्राज्य से थक नहीं गए हो जो खून और मौत की तलाश में नहीं रुकता? उन्होंने कोरिया (1950.1953) के बारे में झूठ बोला, ग्वाटेमाला (1954) के बारे में, इंडोनेशिया (1958), क्यूबा (1961), वियतनाम (1961.1975), लाओस (1964.1973), कांगो (1964), डोमिनिकन रिपब्लिक (1965), कंबोडिया (1969.1970), ग्रेनाडा (1983), लेबनान (1983.1984), लीबिया (1986), ईरान (1987.1988), पनामा (1989), इराक (1991, 1998, 2003), सोमालिया (1992. 1994, 2007.वर्तमान), बोस्निया (1994.1995), सूडान (1998), अफगानिस्तान (1998, 2001), यूगोस्लाविया (1999), यमन (2002.वर्तमान), पाकिस्तान (2004), सीरिया (2014), लीबिया (2011), वेनेजुएला (2026), क्यूबा (2026), ईरान (2026) के बारे में झूठ बोला। अमेरिका या उसके सहयोगी कभी किसी बात पर सच्चे रहे हैं? दुनिया कब इनके झूठ से ऊब जाएगी? अब तो हमें पता होना चाहिए कि वैश्विक अशांति, मौत, अराजकता और विनाश के जिम्मेदार कौन हैं? जो दुनिया की स्थिरता के खिलाफ हैं? जो विश्व शांति के विचार से डरते हैं? तुम्हारी चुप्पी सहयोग है! अमेरिका वैश्विक मुसीबत पैदा करने वाला है। मौत और विनाश की मशीन। अमेरिकी साम्राज्य की तानाशाही के खिलाफ बोलो।

यह पोस्ट न केवल अमेरिका की ऐतिहासिक गलतियों को उजागर करती है बल्कि दुनिया को जगाने का प्रयास भी करती है। आज, जब हम वेनेजुएला, क्यूबा और ईरान जैसे देशों में अमेरिकी हस्तक्षेप की नई लहर देख रहे हैं, यह स्पष्ट हो गया है कि अमेरिका के फैसले गलत साबित हो चुके हैं। इन युद्धों ने न केवल लाखों जानें लीं बल्कि दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेला। अमेरिका की इन गलतियों से यह पता चलता है कि वैश्विक समुदाय अब युद्धों से कितना ऊब चुका है?

अमेरिका की विदेश नीति का इतिहास झूठ, हस्तक्षेप और युद्धों से भरा पड़ा है। 1950 के दशक से शुरू करें तो कोरियाई युद्ध (1950-1953) में अमे. रिका ने उत्तर कोरिया के आक्रमण का बहाना बनाकर हस्तक्षेप किया, लेकिन वास्तविकता यह थी कि यह शीत युद्ध की रणनीति का हिस्सा था। लाखों कोरियाई मारे गए, लेकिन क्या अमेरिका की जीत हुई? नहीं, यह युद्ध आज भी कोरियाई प्रायद्वीप पर तनाव का कारण बना हुआ है। इसी तरह, 1954 में ग्वाटेमाला में अमे. रिका ने लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को उखाड़ फेंका, क्योंकि वहां की भूमि सुधार नीतियां अमेरिकी कंपनियों को पसंद नहीं आईं। सीआईए के ऑपरेशन ने देश को दशकों की अस्थिरता में डाल दिया। क्या यह फैसला सही साबित हुआ? नहीं, ग्वाटेमाला आज भी गरीबी और हिंसा से जूझ रहा है।

1950-60 के दशक से अमेरिका के झूठ की फेहरिस्त लंबी है। इंडोनेशिया (1958) में सीआईए ने विद्रोहियों को समर्थन दिया, लेकिन असफल रहा। क्यूबा (1961) में 'बे ऑफ पिग्स' हमला एक बड़ी असफलता थी, जहां अमेरिका ने फिदेल कास्त्रो को हटाने की कोशिश की लेकिन खुद की किरकिरी हुई। वियतनाम युद्ध (1961-1975) तो अमेरिकी इतिहास का सबसे काला अध्याय है। अमेरिका ने श्टोंकिन की खाड़ी घटनाश को बहाना बनाकर युद्ध शुरू किया, जो बाद में झूठ साबित हुआ। 58,000 अमेरिकी सैनिक और लाखों वियतनामी मारे गए। अमेरिका हारकर लौटा, और वियतनाम आज एक मजबूत अर्थव्यवस्था वाला देश है। क्या अमेरिका का फैसला सही था? नहीं, यह युद्ध अमेरिकी समाज को भी बांट गया। लाओस (1964-1973) और कंबोडिया (1969-1970) में गुप्त बमबारी ने लाखों लोगों को मार डाला और खमेर रूज जैसे आतंक को जन्म दिया। कांगो (1964) में अमेरिका ने वहां प्रधानमंत्री पैट्रिस लुमुम्बा की हत्या में भूमिका निभाई, जो अफीका की आजादी के प्रतीक थे। डोमिनिकन रिपब्लिक (1965) में हस्तक्षेप ने लोकतंत्र को कुचला। 1980 के दशक में भी यह सिलसिला जारी रहा। ग्रेनाडा (1983) में अमेरिका ने मेडिकल छात्रों की सुरक्षा का बहाना बनाकर आक्रमण किया, लेकिन यह छोटे देश पर साम्राज्यवादी कब्जा था। लेबनान (1983-1984) में अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई, लेकिन कोई स्थाई शांति नहीं आई। लीबिया (1986) में कद्दाफी पर हमला, ईरान (1987-1988) में नौसेना संघर्ष, पनामा (1989) में नोरिएगा को हटाना . ए सभी फैसले अमेरिका की ताकत दिखाने के लिए थे, लेकिन उन्होंने क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ाई। इराक के खिलाफ 1991 का गल्फ वॉर, 1998 की बमबारी और 2003 का आक्रमण श्महाविनाश के हथियारोंश के झूठ पर आधारित था। सद्दाम हुसैन को हटाया गया, लेकिन इराक आज भी अराजकता में डूबा है, आईएसआईएस जैसे समूह पैदा हुए। सोमालिया (1992-1994, 2007-वर्तमान) में अमेरिकी हस्तक्षेप ने समुद्री डकैती और आतंकवाद बढ़ाया। बोस्निया (1994-1995) में नाटो हमले, सूडान (1998) में दूतावास बमबारी, अफगानिस्तान (1998, 2001) में तालिबान के खिलाफ युद्ध यह सभी अमेरिका की 'आतंकवाद विरोधी' नीति के नाम पर थे, लेकिन अफगानिस्तान से 2021 की शर्मनाक वापसी ने साबित किया कि 20 साल का युद्ध व्यर्थ था। यूगोस्लाविया (1999) में नाटो बमबारी ने कोसोवो को अलग किया, लेकिन जातीय तनाव आज भी हैं। यमन (2002-वर्तमान) में ड्रोन हमलों ने नागरिकों को मार डाला, पाकिस्तान (2004) में भी यही हुआ। सीरिया (2014) में आईएसआईएस के खिलाफ हस्तक्षेप ने देश को बर्बाद कर दिया। लीबिया (2011) में कद्दाफी को हटाने के बाद देश गृहयुद्ध में फंस गया। और अब 2026 में वेनेजुएला, क्यूबा और ईरान पर झूठ। वेनेजुएला में अमेरिका ने आर्थिक प्रतिबंध लगाए और विपक्ष को समर्थन दिया, दावा किया कि मदुरो तानाशाह है, लेकिन यह तेल संसाधनों पर कब्जे की कोशिश है। क्यूबा पर दशकों से प्रतिबंध, लेकिन 2026 में नए आरोप लगाकर दबाव बढ़ाया जा रहा है। ईरान पर परमाणु कार्यक्रम के बहाने हमले की धमकी, जबकि ईरान शांति समझौते चाहता है। ये सभी फैसले गलत साबित हो चुके हैं क्योंकि उन्होंने न केवल लक्षित देशों को नुकसान पहुंचाया बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट्स बताती हैं कि युद्धों से करोड़ों लोग विस्थापित हुए, अर्थव्यवस्थाएं चरमरा गईं। यूक्रेन-रूस संघर्ष और इजराइल-फिलिस्तीन विवाद में अमेरिका की भूमिका ने दिखाया कि वह शांति दलाल नहीं, बल्कि युद्ध उकसाने वाला है। एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के देश अब चीन और रूस जैसे भागीदारों की ओर मुड़ रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि ए देश शांति और विकास पर जोर देते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



केरल। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भोजन करते समय छात्राओं से बातचीत करते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध में कुर्द को शामिल नहीं करना चाहते हैं: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह नहीं चाहते हैं कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध में कुर्द शामिल हों। ट्रम्प ने शनिवार शाम कहा कि हम नहीं चाहते कि कुर्द युद्ध में शामिल हों। उन्होंने कहा कि हम युद्ध को पहले से ज्यादा मुश्किल नहीं बनाना चाहते। मैं नहीं चाहता कि कुर्द घायल हों और मारे जाएं। हमारे बीच अच्छे रिश्ते रहे हैं। वे युद्ध में शामिल होने को तैयार हैं, लेकिन सच में मैंने उनसे कहा है कि मैं नहीं चाहता कि वे युद्ध में शामिल हों।

## श्रीलंका ने बचाए गए ईरानी नाविकों को वायुसेना बेस पर भेजा

**कोलंबो।** श्रीलंका ने ईरानी युद्धपोत आइरिस डेना के डूबने के बाद बचाए गए 22 ईरानी नाविकों को करापितिया अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद दक्षिणी प्रांत के कोग्गला में श्रीलंका वायुसेना बेस पर भेज दिया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। दस और नाविकों का अभी भी इलाज चल रहा है, जिनमें से आठ को आपातकालीन देखरेख में रखा गया है। इस बीच, श्रीलंका के अधिकारियों ने एक और ईरानी नौसेना के जहाज आइरिस बुशहर से सभी 204 लोगों को वेलिसारा नौसेना कैंप में रखा है। आइरिस बुशहर को शुक्रवार को त्रिकोमाली के पूर्वी बंदरगाह पर ले जाया गया। श्रीलंका पिछले हफ्ते द्वीप के दक्षिणी तट पर समुद्री इमरजेंसी के बाद ईरानी नौसेनिकों को मेडिकल देखभाल, शरण और आवागमन से संबंधित समर्थन दे रहा है।

# न्यूयॉर्क मेयर ममदानी के आवास पर बम हमले की कोशिश

### न्यूयॉर्क सिटी पुलिस विभाग ने इस मामले में दो संदिग्धों की पहचान की है और उन्हें हिरासत में लिया

**न्यूयार्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां मेयर जोहरान ममदानी के आधिकारिक आवास, ग्रेसी मेंशन के बाहर बम हमले का प्रयास किया गया। न्यूयार्क सिटी पुलिस विभाग (एनवाईपीडी) ने इस मामले में दो संदिग्धों की पहचान की है और उन्हें हिरासत में लिया है।

■ यह घटना रमजान के पवित्र महीने के दौरान हुई, जब दो विरोधी प्रदर्शनकारी समूहों के बीच हिंसक झड़प हुई



यह घटना रमजान के पवित्र महीने के दौरान हुई, जब दो विरोधी प्रदर्शनकारी समूहों के बीच हिंसक झड़प हुई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार घटना के दौरान एक वीडियो में एक संदिग्ध को एक उपकरण दूसरे को सौंपते हुए दिखाया गया है, जिसके तुरंत बाद गिरफ्तारी हुई। पुलिस द्वारा बरामद किए गए उपकरण में एक जार था, जो काले टेप से लिपटा हुआ था और उसमें नट, बोल्ट, स्क्रू और एक फ्यूज भरा हुआ था। यह उपकरण फुटबाल से थोड़ा छोटा बताया जा रहा है। यह कार्रवाई उस समय हुई जब मेयर के आधिकारिक आवास के बाहर दो विरोधी प्रदर्शनकारी समूहों के बीच झड़प हो गई थी। पुलिस ने इस दौरान कुल छह लोगों को हिरासत में लिया। बताया गया कि यह हिंसा उस समय भड़की जब दक्षिणपंथी प्रभावक जेक लैंग द्वारा आयोजित एक इस्लाम विरोधी प्रदर्शन का टकराव रमजान के दौरान आयोजित एक प्रदर्शन से हो गया। इस दौरान दो संदिग्ध उपकरणों को जलाकर फेंका गया। पुलिस आयुक्त जेसिका एस. टिश ने बताया कि ये उपकरण आकार में फुटबाल से थोड़े छोटे थे और फिलहाल उनकी जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे वास्तव में काम करने वाले विस्फोटक थे या सिर्फ डर फैलाने के लिए बनाए गए थे। पुलिस के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हवा में जाते समय उपकरण से आग और धुआं निकलता दिखाई दिया, जो एक बैरियर से टकराने के बाद पुलिस अधिकारियों से कुछ फीट दूर गिरकर बुझ गया। रिपोर्ट के अनुसार घटना की शुरुआत तब हुई जब इस्लाम विरोधी समूह के एक व्यक्ति ने काउंटर-प्रोटेस्ट करने वालों पर कथित तौर पर मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल किया। लगभग 20 मिनट बाद एक 18 वर्षीय प्रदर्शनकारी ने जलता हुआ उपकरण प्रदर्शन क्षेत्र की ओर फेंका, जो सड़क के क्रासवाक पर गिरा। इसके बाद उसी व्यक्ति ने अपने 19 वर्षीय साथी से दूसरा उपकरण लिया और उसे भी जलाकर सड़क पर गिरा दिया, तभी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को हिरासत में ले लिया। ये दोनों उन छह लोगों में शामिल हैं, जिन्हें पुलिस ने पकड़ा है। घटना के बाद मेयर जोहरान ममदानी और उनकी पत्नी रमा दुवाजी सुरक्षित बताए गए हैं। मेयर के प्रवक्ता ने इस प्रदर्शन को 'निंदनीय और इस्लामोफोबिक' बताया और कहा कि यह घटना उन खतरों की याद दिलाती है जिनका उन्हें अक्सर सामना करना पड़ता है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प ने ब्रिटेन को कहा धन्यवाद, अब हमें मदद की जरूरत नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध में दो विमान-वाहक पोत भेजने पर विचार करने के लिए ब्रिटेन धन्यवाद दिया है और कहा है कि अब उन्हें इसकी जरूरत नहीं हैं। ट्रम्प ने टूथ सोशल पर ब्रिटेन को धन्यवाद देते हुए कहा कि ब्रिटेन जो कभी हमारा सबसे बड़ा साथी था, शायद सबसे बड़ा, आखिरकार पश्चिम एशिया में दो विमान-वाहक पोत भेजने के बारे में गंभीरता से सोच रहा है। कोई बात नहीं प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, हमें अब उनकी जरूरत नहीं है, लेकिन हम याद रखेंगे।

### बेरूत के होटल पर इजरायली हमले में चार की मौत, 10 घायल

**बेरूत।** लेबनान की राजधानी बेरूत स्थित एक होटल पर इजरायल की ओर से किए गए हमले में चार मारे गए, जबकि 10 अन्य लोग घायल हुए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार लेबनान के अधिकारियों ने बताया कि बेरूत के होटल पर इजरायली हमले में चार लोगों की मौत हो गई और 10 घायल हो गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार यह हमला मध्य बेरूत में स्थित एक होटल पर हुए, जिसके कारण चार लोगों की जान चली गई।

### बंगलादेश : खालिदा जिया को मिला 'श्रेष्ठ अजेय महिला पुरस्कार'

**ढाका।** बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी की पूर्व अध्यक्ष खालिदा जयि को लोकतंत्र को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका के लिए 'श्रेष्ठ अजेय महिला' सम्मान से नवाजा गया है। उनकी तरफ से उनकी पोती जैमा रहमान ने यह पुरस्कार स्वीकार किया। सुजयि की बहू जुबैदा रहमान भी आयोजन में मौजूद रहीं। मोहम्मद शहाबुद्दीन ने रविवार सुबह 11 बजे उस्मानी मेमोरियल ऑडिटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम में जैमा रहमान को यह पुरस्कार दिया।

### पेजेश्कियान के बयान के सिर्फ एक दिन बाद ईरान ने बरपाया कहर

# अरब देशों में ड्रोन, मिसाइल हमलों की नई लहर

**रियाद/ मनामा।** पड़ोसी देशों से माफी मांगने वाले ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के बयान के सिर्फ एक दिन बाद फारस की खाड़ी के कई देशों में रविवार सुबह ड्रोन और मिसाइल हमलों की नई लहर दर्ज की गई, जिससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। कुवैत की सेना ने कहा है कि कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ईंधन भंडारण क्षेत्र को 'शत्रुतापूर्ण ड्रोन की लहर' ने निशाना बनाया। सेना के अनुसार वायु रक्षा प्रणालियों ने कई ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया, लेकिन अवरोधन के दौरान गिरे मलबे से कुछ नागरिक ढांचे को नुकसान पहुंचा।




■ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ईंधन भंडारण क्षेत्र को 'शत्रुतापूर्ण ड्रोन की लहर' ने निशाना बनाया: कुवैत
■ सऊदी अरब ने भी की ड्रोन हमलों की पुष्टि, कहा: उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने 21 ड्रोन मार गिराए
■ ईरानी ड्रोन हमले के कारण बहरीन के जल शुद्धिकरण संयंत्र को नुकसान पहुंचा: बहरीन गृह मंत्रालय

सरकारी मीडिया के अनुसार ड्रोन हमले में पब्लिक इंस्टीट्यूशन फॉर सोशल सिक्योरिटी की इमारत भी प्रभावित हुई। लगभग 22 मंजिला इस भवन में आग लगने की तस्वीरें सामने आई हैं लेकिन इसमें किसी के घायल होने की खबर नहीं है। इस बीच, कुवैत के बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के दो जवानों की रविवार सुबह 'कर्तव्य निभाते समय' मौत हो गई।

यह स्पष्ट नहीं है कि यह घटना हवाई अड्डे और सरकारी भवन पर हुए हमलों से जुड़ी है या नहीं। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने भी रविवार तड़के ड्रोन हमलों की पुष्टि करते हुए कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने कम से कम 21 ड्रोन को मार गिराया है। बहरीन में गृह मंत्रालय ने बताया कि मिसाइलों के टुकड़े गिरने से एक विश्वविद्यालय की इमारत को नुकसान पहुंचा और तीन लोग घायल हुए। इसके अलावा एक समुद्री जल शोधन संयंत्र भी क्षतिग्रस्त हुआ है। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि देश की वायु रक्षा प्रणालियां रविवार सुबह एक संभावित मिसाइल खतरे का सामना कर रही थीं।

इन हमलों से एक दिन पहले ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने खाड़ी देशों से पिछले सप्ताह अमेरिकी ठिकानों पर हुए ड्रोन और मिसाइल हमलों के लिए खेद व्यक्त किया था और कहा था कि यदि उन पर हमला नहीं किया गया तो ईरान अपने पड़ोसी देशों को निशाना नहीं बनाएगा। बाद में राष्ट्रपति कार्यालय ने स्पष्ट किया कि उनका आशय यह था कि यदि क्षेत्रीय देश अमेरिका के हमलों में सहयोग नहीं करते हैं, तो ईरान भी उन पर हमला नहीं करेगा। वहीं बहरीन के गृह मंत्रालय ने कहा है कि ईरानी ड्रोन हमले के कारण बहरीन के एक जल शुद्धीकरण संयंत्र को नुकसान पहुंचा है। यह घटना ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के उस बयान के एक दिन बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका ने दक्षिणी ईरान के केश्म द्वीप पर एक जल शुद्धीकरण संयंत्र पर हमला किया है, जो अपने आप में एक 'मिसाल' है। बहरीन के इस बयान के बाद ईरान की ओर से फिलहाल कोई तत्काल प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। खाड़ी के अधिकतर देश अपने निवासियों की खपत के लिए मुख्य रूप से जल शुद्धीकरण पर ही निर्भर हैं। बहरीन ने कहा है कि एक ईरानी ड्रोन ने जल शुद्धीकरण संयंत्र पर हमला किया। पिछले नौ दिनों से जारी युद्ध के दौरान यह पहली बार है, जब किसी अरब देश ने ईरान की ओर से जल शुद्धीकरण संयंत्र को निशाना बनाए जाने का दावा किया है। यह घटना तब हुई है, जब ईरानी अधिकारियों ने कहा था कि अमेरिका ने देश के दक्षिणी द्वीप केश्म में ईरान के जल शुद्धीकरण संयंत्र को निशाना बनाया है। खाड़ी देशों में प्राकृतिक मीठे पानी के संसाधन अत्यंत सीमित हैं। इस कारण पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए वे ऊर्जा-गहन समुद्री जल विलवणीकरण पर निर्भर रहते हैं। वॉशिंगटन डीसी के अरब सेंटर के प्रकाशित शोध पत्र के अनुसार, ए संयंत्र कितने महत्वपूर्ण हैं, इसे समझने के लिए यहां कुछ आंकड़े दिए गए हैं-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के सदस्य देश वैश्विक जल शुद्धीकरण क्षमता का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं और इस पूरे क्षेत्र में 400 से अधिक शुद्धीकरण संयंत्रों के माध्यम से दुनिया के कुल विलवणीकृत जल का लगभग 40 प्रतिशत उत्पादन करते हैं।

## हमला करने वालों के खिलाफ मजबूती से खड़ा है ईरान: मसूद पेजेश्कियान



**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा है कि ईरान पर हमला करने वालों के खिलाफ देश मजबूती से खड़ा है और किसी भी आक्रामकता का जवाब पूरी ताकत के साथ दिया जाएगा। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, पेजेश्कियान ने एक अस्पताल में घायलों से मुलाकात के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि उनके पहले दिए गए बयान को गलत तरीके से पेश किया गया, जिससे यह धारणा बनाई गई कि ईरान खाड़ी देशों पर हमले रोकने का निर्णय ले रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे और भाईचारे वाले संबंध चाहता है। यदि किसी अन्य देश की जमीन से ईरान पर हमला किया जाता है, तो उसे जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि उन देशों के साथ उसका विवाद है। पेजेश्कियान ने कहा कि ईरान किसी भी हमले के सामने मजबूती से खड़ा रहेगा और उसका जवाब ताकत के साथ देगा। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं के बावजूद देश के लोग किसी भी राजनीतिक दल या गुट से ऊपर उठकर दुश्मन के खिलाफ एकजुट रहेंगे।

## ईरान ने किया मिनाब में बालिकाओं के स्कूल पर हमला: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के मिनाब शहर में एक स्कूल पर हुए हमले में अमेरिका की जिम्मेदारी से इन्कार करते हुए कहा है कि इसे ईरान ने खुद अंजाम दिया था। इस हमले में 175 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें अधिकांश बच्चे बताए जा रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि उनकी राय में यह हमला ईरान की एक त्रुटिपूर्ण मिसाइल के कारण हुआ हो सकता है। उल्लेखनीय है कि सीएनएन, न्यूयॉर्क टाइम्स और वॉशिंगटन पोस्ट जैसे अंतर्राष्ट्रीय मीडिया संस्थानों की जांच में अलग निष्कर्ष सामने आए हैं। रिपोर्टों के अनुसार उपग्रह चित्रों और अन्य दृश्य प्रमाणों के आधार पर यह संभावना जताई गई है कि 28 फरवरी को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के ठिकानों पर अमेरिकी हमलों के दौरान दक्षिणी ईरान के मिनाब शहर में स्थित एक लड़कियों के प्राथमिक विद्यालय को निशाना बनाया गया। ट्रम्प से शनिवार को जब पूछा गया कि क्या अमेरिका इस हमले के लिए जिम्मेदार है, तो उन्होंने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार यह हमला ईरान द्वारा किया गया था। इस दौरान अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से भी इस विषय पर सवाल किया गया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और यह भी आरोप लगाया कि नागरिकों को निशाना बनाने वाला पक्ष ईरान है।

# ईरान में अगले सर्वोच्च नेता के नाम पर बनी सहमति

### खामेनेई के उत्तराधिकारी और उसे नियुक्त करने वालों का पीछा करना जारी रखेगा इजरायल

**तेहरान/तेल अवीव।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद खाली हुए पद को भरने के लिए 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' (विशेषज्ञों की परिषद) ने नए उत्तराधिकारी के नाम पर लगभग सहमति बना ली है।



■ ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामेनेई, ने 37 वर्षों तक शासन किया था और वह 28 फरवरी को तेहरान में एक अमेरिकी-इजरायली हमले में मारे गए थे

ईरानी समाचार एजेंसी 'फार्स' के अनुसार, परिषद के सदस्य अयातुल्ला मोहम्मद मेहदी मीरबागेरी ने पुष्टि की है कि नेतृत्व निर्धारित करने के लिए 'बड़े प्रयास' किए गए हैं और एक 'निर्णायक और सर्वसम्मत राय' बन चुकी है। हालांकि, सुरक्षा कारणों और कठिन परिस्थितियों का हवाला देते हुए अभी तक नए नेता के नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। परिषद के एक अन्य सदस्य हुज्जतुल इस्लाम जाफरी ने कहा कि तीसरे सर्वोच्च नेता के चयन में देरी सभी के लिए अनपेक्षित है, लेकिन जल्द ही परिणाम सामने आएंगे। गौरतलब है कि 88 सदस्यीय यह परिषद ही ईरान के सर्वोच्च नेता को चुनने के लिए संवैधानिक रूप से अधिकृत है। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामेनेई, ने 37 वर्षों तक शासन किया था और वह 28 फरवरी को तेहरान में एक अमेरिकी-इजरायली हमले में मारे गए थे। उनके निधन के एक सप्ताह के बाद भी ईरान उनकी जगह किसी को नेता चुन नहीं सका और इसके बजाए देश की कमान एक तीन सदस्ईय समिति को सौंप दी गई थी। इस देरी के कारण ईरान के कुछ समूहों में असंतोष भी उपज रहा था। इन लोगों का मानना है कि नेतृत्व के नाम पर एक चेहरा अवश्य होना चाहिए। विशेषकर युद्ध के हालात में फौज का मनोबल बनाए रखने के लिए ऐसा करना जरूरी है। दूसरी ओर, इजरायल ने ईरान के संभावित नए सर्वोच्च नेता और उनके चयन में शामिल लोगों को सीधी सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दी है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि इजरायल का 'लंबा हाथ' खामेनेई के उत्तराधिकारी और उसे नियुक्त करने वाले किसी भी व्यक्ति का पीछा करना जारी रखेगा। आईडीएफ ने चेतावनी देते हुए कहा कि हम आपको निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे। इसे अपने लिए चेतावनी समझें। आधिकारिक नाम की घोषणा अभी भले न हुई हो लेकिन विशेषज्ञों और अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषकों के अनुसार इस शक्तिशाली पद के लिए कई नाम सामने आए हैं।

# अमेरिका अपने पकड़े गए सैनिकों का सच छिपा रहा: लारिजानी

**तेहरान।** ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारिजानी ने दावा किया है कि हालिया संघर्ष के दौरान कई अमेरिकी सैनिकों को ईरानी बलों ने बंदी बना लिया है और अमेरिका इस सच्चाई को छिपाने की कोशिश कर रहा है। लारिजानी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर रविवार को किए गए एक पोस्ट में कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि कई अमेरिकी सैनिकों को गिरफ्तार किया गया है।

■ पिछले महीने के अंत से अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमले शुरू किए जाने के बाद क्षेत्र में संघर्ष तेज हो गया है

उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिकी पक्ष उन्हें युद्ध में मारे जाने की बात कह रहा है, लेकिन यह सच्चाई ज्यादा समय तक छिपी नहीं रह सकेगी। पिछले महीने के अंत से अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर हमले शुरू किए जाने के बाद क्षेत्र में संघर्ष तेज हो गया है। इसके जवाब में ईरान की सशस्त्र सेनाओं, विशेष रूप से इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कई संवेदनशील और रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाते हुए सैकड़ों बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से जवाबी हमले किए हैं। इससे एक दिन पहले लारिजानी ने चेतावनी दी थी कि अमेरिका की कार्रवाई का जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका को समझना चाहिए कि ईरान के सब्र को तोड़ने और अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने के गंभीर परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संकल्प के आधार पर ईरान अमेरिकी आक्रामकता का जवाब दिए बिना नहीं छोड़ेगा और उसे जवाबदेह ठहराया जाएगा। शेरा लारिजानी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आलोचना करते हुए कहा कि उनकी बयानबाजी से यह स्पष्ट होता है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका की व्यापक रणनीति विफल रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका का मुख्य उद्देश्य ईरान की शासन व्यवस्था को कमजोर करना और राष्ट्रीय एकता को तोड़ना था, लेकिन यह लक्ष्य हासिल नहीं हो सका।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर यूरोपीय नेताओं ने दी बधाई

■ उर्सुला वॉन डर ने महिलाओं से अपने भीतर की शक्ति को पहचानने और कभी पीछे न हटने का आह्वान किया

**नई दिल्ली।** यूरोपीय नेताओं ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को बधाई दी है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने दुनिया भर की उन लड़कियों और महिलाओं को श्रद्धांजलि दी जो उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई जारी रखे हुए हैं। उन्होंने महिलाओं से अपने भीतर की शक्ति को पहचानने और कभी पीछे न हटने का आह्वान किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भी महिलाओं से अपने देश की रक्षा करने का आह्वान किया। उन्होंने युद्ध के मैदान और दैनिक जीवन में महिलाओं द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली शक्ति के लिए उनका आभार व्यक्त किया।



यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, बाधाओं का सामना करने के बावजूद वर्ष 2025 में यूक्रेन की सेना में 70000 से अधिक महिलाओं ने सेवा दी, जो 2022 की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। इनमें से 5500 से अधिक महिलाएं सीधे अग्रिम पंक्ति (फ्रंट लाइन) पर तैनात थीं। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि उनकी सरकार 'नफरत को अधिकारों का स्थान नहीं लेने देगी।' उन्होंने जोर देकर कहा कि लैंगिक हिंसा को कमतर करके आंकने और ऑनलाइन उत्पीड़न जैसी चुनौतियों के बावजूद नारीवादी आंदोलन को आगे बढ़ते रहना चाहिए। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने इंटरनेट के माध्यम से संदेश दिया 'आठ मार्च हम सभी को एक ऐसी जिम्मेदारी की याद दिलाता है जो केवल एक दिन के लिए नहीं बल्कि हर दिन के लिए लागू होती है। हमें एक ऐसे इटली का निर्माण जारी रखना है जहां किसी भी महिला को स्वतंत्रता, कार्य, परिवार और व्यक्तिगत संतुष्टि के बीच चुनाव न करना पड़े। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस जैसी अन्य प्रमुख हस्तियों ने दुनिया को याद दिलाया कि 'समानता से सभी को लाभ होता है' और महिलाओं एवं लड़कियों की शिक्षा और उनके कल्याण को बढ़ावा देना दुनिया को एक बेहतर स्थान बनाने के सबसे निश्चित तरीकों में से एक है।

# खामेनेई की मौत पर अमेरिका में लगा था सट्टा

■ 498 करोड़ का खेला था दांव, अब साइट ने भुगतान रोका, नियमों को लेकर विवाद

**न्यूयार्क/वाशिंगटन।** ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई को लेकर अमेरिकी प्रेडिक्शन मार्केट साइट काल्शी पर 498 करोड़ रुपये का दांव लगाया गया। यह न्यूयार्क स्थित कंपनी है, जहां लोग चुनाव, युद्ध और वैश्विक घटनाओं के नतीजों पर पैसे लगाते हैं। खामेनेई की मौत के बाद कई यूजर्स ने खुद को विजेता मान लिया।

एक कारोबारी ने 3.19 लाख रुपये लगाए थे और उसे 58 लाख रुपये मिलने की उम्मीद थी, लेकिन कुछ ही मिनट बाद साइट ने ट्रेड रोक दिया। कंपनी ने कहा कि उसके नियम किसी व्यक्ति की मौत से जुड़े दांव पर भुगतान की अनुमति नहीं देते। विवाद बढ़ने पर काल्शी ने दांव लगाने वालों को पैसा और फीस लौटाने का फैसला किया है। डोनाल्ड ट्रम्प ऐसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बन गए हैं जिन्होंने स्पष्ट जनसमर्थन के बिना युद्ध शुरू किया। आम तौर पर जब कोई अमेरिकी राष्ट्रपति युद्ध शुरू करता है तो शुरुआती दौर में जनता उसके पीछे खड़ी (रैली अराउंड द प्रेसिडेंट) हो जाती है। ताजा सर्वे के मुताबिक ईरान पर हमले को सीमित समर्थन मिला है। रायटर्स-इप्सोस सर्वे में केवल 27 प्रतिशत अमेरिकियों ने कार्रवाई का समर्थन किया, जबकि 43 प्रतिशत इसके विरोध में रहे। सीएनएन के सर्वे में समर्थन करीब 41 प्रतिशत रहा।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108